सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 31 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 30, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## शेयर बाजार में तेजी थमी, सेंसेक्स 297 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। } 14

## राहुल गांधी ने किया पूर्वोत्तर का अपमान : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर गमोसा पहनने से इनकार कर पूर्वोत्तर का अपमान किया है। } 16

# विमानन क्षेत्र में सशक्त व अग्रणी राज्य के रूप में उभरा यूपी

## हवाई कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक विस्तार, नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में यूपी अव्वल

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व व सक्रिय नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट का राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में दिया गया है, जिसमें देश के वे राज्य शामिल हैं, जो न तो पर्वतीय हैं और न ही उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आते हैं। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को देश के विमानन मानचित्र पर एक सशक्त और अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है।

प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश में कनेक्टिविटी को विकास का आधार बनाया। हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण, नए रनवे, नाइट लैंडिंग सुविधाएं व क्षेत्रीय उड़ानों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश के छोटे शहरों को देश के प्रमुख महानगरों से जोड़ा गया। आरसीएस-उड़ान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने गैर-प्राथमिक राज्यों की श्रेणी में सबसे तेज प्रगति दर्ज की। उत्तर प्रदेश सिविल एविएशन के डायरेक्टर ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार की नीतियों का असर यात्री आंकड़ों में भी साफ दिखाई देता है। वर्ष 2016 में प्रदेश में कुल 59.97 लाख हवाई यात्री थे। 2024 में यह संख्या 1.28 करोड़ से अधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कर्तव्य पथ पर चमकी उत्तर प्रदेश की झांकी

## पॉपुलर च्वॉइस केटेगरी में मिला दूसरा स्थान, लगातार सातवें वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में प्रदेश को मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार

विशेष संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रदेश की झांकी को पॉपुलर च्वॉइस केटेगरी में द्वितीय पुरस्कार मिला। लोगों द्वारा सराही गई इस झांकी में बुंदेलखण्ड की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास यात्रा को केन्द्रित किया गया था। उत्तर प्रदेश ने लगातार सातवें वर्ष पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विशिष्ट सृजनात्मक पहचान कायम रखी। नई दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस परेड में 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ 13 मंत्रालयों व विभागों की कुल 30 झांकियां शामिल थीं, जिनमें लोकप्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला। समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित इस झांकी में उत्तर प्रदेश ने बुंदेलखण्ड की संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की झलक भी दिखाई थी। झांकी में बुंदेलखण्ड की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को प्रमुखता से दशार्या गया। कालिंजर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर प्रदेश को बनाना है आदर्श राज्य : योगी

## विभागीय मंत्रियों को 50 करोड़ तक की परियोजनाओं को मंजूरी का मिला अधिकार



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा, जो अभी 10 करोड़ रुपये तक है, उसे बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाए। 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। समयसीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में 15% से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की व्यवस्था, एकमुश्त प्रावधान, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार प्रक्रियाएँ, पेंशन व्यवस्था और विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी को योगी ने किया नमन



लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के जीपीओ पार्क में स्थापित गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धा व सम्मान के वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को नमन किया। इसके बाद कुछ क्षण मौन रहकर उन्होंने राष्ट्रपिता को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर भी बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आमजन से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। रघुपति राघव राजाराम सहित अन्य भजनों की मधुर धुनों से जीपीओ पार्क गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकाग्रता के साथ लगभग 15 मिनट तक बैठकर भजनों को सुना। इस दौरान उन्होंने न केवल बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की, बल्कि गांधी प्रतिमा के समक्ष सभी स्कूली बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने अपने... शेष पृष्ठ 14 पर

## पाकिस्तान में मारे गये 52 आतंकवादी

इस्लामाबाद/लाहौर। पाकिस्तान के तीन प्रांतों में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षाबलों ने 52 आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जिनमें से अधिकतर का संबंध तालिबान से था। सेना एवं अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब प्रांत में छह आतंकवादी मारे गए, जबकि बलूचिस्तान में खुफिया सूचना पर आधारित दो अलग-अलग अभियानों (आईबीओ) में 41 आतंकवादियों का खात्मा किया गया तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर समेत उसके पांच आतंकवादी ढेर कर दिये गये।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद-निरोधक विभाग ने कहा कि लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर प्रांत के मियांवाली जिले में आतंकवादियों ने पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमले की साजिश रची थी। सीटीडी के एक बयान में कहा गया है, मियांवाली के छपरी बांध क्षेत्र में बेहद खतरनाक आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय खुफिया सूचना मिलने पर सीटीडी टीम ने एक लक्षित अभियान चलाया। विभाग ने कहा जब पुलिस बल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### चांदी में 72,000 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी और सोने की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई, जहां निवेशकों में अपने बढ़ते निवेश मूल्य को भुनाने की होड़ देखने को मिली। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों और अमेरिकी मुद्रा में तेजी के कारण चांदी का वायदा भाव 17 प्रतिशत घटकर 3.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जबकि सोना नौ प्रतिशत गिरकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में, मार्च माह में डिलिवरी वाले चांदी वायदा का भाव 71,980 रुपये, या 18.00 प्रतिशत घटकर 3,27,913 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जो एक दिन में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत लगभग नौ प्रतिशत बढ़कर 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद यह 3,99,893 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### शराब पीने से एक की मौत तीन की हालत गंभीर

बिजनौर। जिले में शराब पीने के बाद चार युवकों की तबीयत बिगड़ गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। तीन अन्य का उपचार जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे थाना नजीबाबाद क्षेत्र में रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित एक दुकान को बंद कर उसकी ऊपरी मंजिल पर नौशाद (35), कामरान, अफसार और चंद्रप्रकाश शराब पी रहे थे। इसी दौरान चारों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नौशाद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, अन्य तीनों का उपचार जारी है। पुलिस को मौके से व्हिस्की की बोतल, बीयर और मांसाहारी भोजन मिला है।

# वर्ल्ड बैंक से मिलेगी 10 अरब डॉलर की सहायता

## विकसित भारत के समर्थन में मजबूत कदम : सीतारमण

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्व बैंक समूह और भारत ने शुक्रवार को एक नये कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क (सीपीएफ) की घोषणा की। इसके तहत अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की वृद्धि के अगले चरण को गति देना और एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के उसके दृष्टिकोण को साकार करना है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने विश्व बैंक समूह के साथ इस नए सीपीएफ का स्वागत किया, जो भारत के विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के नेतृत्व में आए दल से मुलाकात के बाद कहा कि सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी भारत में अधिक रोजगार सृजित करना और विश्व बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दोनों ने भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण विकसित भारत के समर्थन में भारत-विश्व बैंक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजित करना और बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना गति और पैमाना दोनों स्तरों पर सतत प्रभाव सुनिश्चित करेगा। वित्त मंत्री ने विकास साझेदारी के महत्व पर जोर दिया जो वित्तपोषण से परे जाकर ज्ञान साझा करने, तकनीकी सहायता और वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के आदान-प्रदान को भी शामिल करती है। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि भारत-विश्व बैंक समूह के बीच नई रणनीतिक... शेष पृष्ठ 14 पर

## 40 हजार करोड़ की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग गिरफ्तार

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबारी अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि गर्ग को बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया गया।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मानसून की दस्तक से पहले एक्शन मोड में धामी सरकार

## बाढ़ सुरक्षा व जल प्रबंधन कार्यों को मिले शीर्ष स्तर पर निर्देश : सीएम



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मानसून की दस्तक से पहले उत्तराखंड सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ सुरक्षा, जल प्रबंधन और वन संरक्षण कार्यों को लेकर सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जन-धन की सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षा कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि बाढ़, जलभराव और भूमि कटाव जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए और नदी तटों की सुरक्षा, नालों की सफाई तथा जल निकासी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जन-धन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब तक 708 चेक डैमों का निर्माण किया जा चुका है, जिससे जल संरक्षण के ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 9.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- ग्रामीण इलाकों में एक करोड़ घरौनियां बंटी (पृष्ठ-02)
- छह पीसीएस अफसरों के तबादले (पृष्ठ-02)
- एफटीए से भारतीयों को मिलेगा बड़ा बाजार (पृष्ठ-14)
- लगातार नौवीं बार बजट पेश करेंगीं सीतारमण (पृष्ठ-14)
- रुपये ने छुआ 92.02 प्रति डॉलर का निचला स्तर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने जगह-जगह अलाव जलवाये, लोगों ने ली राहत की सांस

# लोगों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह










लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव ताप कर जाड़े को टक्कर दी। शुक्रवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव को ताप कर राहत महसूस की।।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ग्रामीण इलाकों में अब तक बंटी एक करोड़ से अधिक घरौनियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों को लेकर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए प्रदेश में अब तक एक करोड़ से अधिक घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। यह पहल न केवल ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति पर कानूनी अधिकार प्रदान कर रही है, बल्कि दशकों से चले आ रहे भूमि विवादों के समाधान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।

स्वामित्व योजना के तहत गांवों की आबादी भूमि में रहने वाले परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिक प्रमाण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से अब तक 72,961 ग्रामों में प्रपत्र-10 (डिजिटाइज्ड) जारी किए जा चुके हैं, जो सर्वे योग्य ग्रामों का लगभग 80.59 प्रतिशत है। इससे ग्रामीणों को पहली बार अपने मकान और भूमि पर स्पष्ट कानूनी स्वामित्व प्राप्त हुआ है। यह दस्तावेज अब बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं और अन्य वित्तीय सुविधाओं के लिए भी मान्य आधार बन गया है। राजस्व विभाग ने सहमति के आधार पर अब तक 1,14,43,688 घरौनियां तैयार की हैं, जिनमें से 1,01,31,232 घरौनियों का वितरण ग्रामीण परिवारों को किया जा चुका है।

घरौनी केवल स्वामित्व का प्रमाण नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। इसके जरिए ग्रामीण परिवार अब औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे हैं, स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों के लिए ऋण ले पा रहे हैं तथा सामाजिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्वामित्व योजना के प्रभाव से गांवों में भूमि और मकान से जुड़े विवादों में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है। स्पष्ट रिकॉर्ड और डिजिटल दस्तावेजों के कारण फर्जी दावों और अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगी है। इससे न केवल ग्रामीण स्तर पर शांति और विश्वास बढ़ा है, बल्कि न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होने की उम्मीद है। योगी सरकार की यह पहल सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है। सरकार की ओर से घरौनियों के वितरण की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। 18 जनवरी 2025 के बाद 13,12,456 नई घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं, जिनका वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।







## छह पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को देर रात छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। राकेश कुमार को नगर मजिस्ट्रेट मथुरा व प्रभारी मजिस्ट्रेट मंदिर परिसर मथुरा से स्थानांतरित कर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) हमीरपुर बनाया गया है। अनुपम कुमार मिश्र, विशेष कार्याधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण को अब नगर मजिस्ट्रेट मथुरा एवं प्रभारी मजिस्ट्रेट मंदिर परिसर मथुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कानपुर नगर को अपर जिलाधिकारी (ना.आ.) कानपुर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षा सूची में चल रहे महेश प्रकाश को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कानपुर बनाया गया है। वहीं प्रतीक्षारत रिंकी जायसवाल को मुख्य राजस्व अधिकारी, गोंडा नियुक्त किया गया है। अजय कुमार उप जिलाधिकारी कानपुर विकास प्राधिकरण को अपर नगर आयुक्त नगर निगम फिरोजाबाद के पद पर तैनात किया गया है।






# आत्मज्ञान का साक्षात्कार कराता है ईश्वरीय विवि : महेश उमर

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बड़हलगंज का वार्षिकोत्सव



गोरखपुर। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक ऐसा ज्ञान योग केंद्र है जहां राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मा और परमात्मा के बारे में बुनियादी ज्ञान दिया जाता है, ताकि लोग स्वयं को शरीर के बजाय आत्मा समझ सकें, विकारों से मुक्त होकर आंतरिक शांति व खुशी प्राप्त कर आत्मज्ञान का साक्षात्कार कर सके। बुधवार को ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बड़हलगंज केन्द्र के स्थापना दिवस पर उक्त उदगार चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व्यक्त करते हुये कहा कि ब्रह्मकुमारीज द्वारा देश भर में आपदा राहत, कंबल वितरण और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके पूर्व श्री उमर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ब्रह्मकुमारी परिवार के वरिष्ठ सदस्य भारती जी ने ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के क्रियाकलापो की जानकारी देते हुए बताया की संगठन द्वारा 140 से अधिक देशों में 8,500 से अधिक केंद्रों के माध्यम से मानसिक शांति और योग का प्रसार किया जाता है। केन्द्र संचालिका पूनम दीदी ने कहा कि ब्रह्मकुमारी मुख्य रूप से परमपिता परमात्मा शिव की पूजा करती हैं, जिन्हें वे निराकार ज्योति बिंदु मानते हैं और 'शिव बाबा' कहते हैं, और यह पूजा मंदिर में मूर्ति पूजा के बजाय राजयोग मेडिटेशन (ध्यान) के माध्यम से की जाती है, जिसमें आत्मा (स्वयं) को परमात्मा से जोड़कर आत्म-अनुभूति प्राप्त की जाती है। वे ब्रह्मा (संस्था के संस्थापक) को परमात्मा का एक निमित्त पात्र मानते हैं, लेकिन पूजा उनकी नहीं, बल्कि परमात्मा शिव की होती है, जो सृष्टि के रचयिता हैं। इसके पूर्व सरस्वती शिशु मन्दिर दोहरीघाट की छात्राओं ने भक्ति भाव से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर व्यापारी नेता लक्ष्मीनारायण गुप्त, जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, प्रधानाचार्य आनन्द तिवारी, पत्रकार राजीव जायसवाल, बहन शशिकला, दीपिका, कृष्ण गोपाल जायसवाल, भानु, उमेश यादव, हिमांशु गौड़, विकास गौड़ सहित बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारी सदस्य मौजूद थे

# नियमित इलाज से एक वर्ष में पूरी तरह ठीक होता है कुष्ठः डॉ. वीरेंद्र सिंह



जसवंतनगर, इटावा। जिला जज रजत सिंह जैन के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी के नेतृत्व में सीएचसी में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र ऋषभ पाठक द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कुष्ठ रोग का समय पर पता चलने और नियमित इलाज से छह माह से एक वर्ष में यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ समाज में सामान्य व्यवहार किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। अधिकार मित्र ऋषभ पाठक ने कहा कि शरीर पर सुन्न दाग-धब्बे कुष्ठ रोग का संकेत हो सकते हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। प्रभावित व्यक्ति निकटतम सरकारी अस्पताल में जाकर निशुल्क इलाज कराएं। समय से उपचार लेने पर रोग से विकलांगता भी नहीं होती। इस अवसर पर सीएचसी परिसर में कर्मचारियों व आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. विकाश अग्निहोत्री, पीएलवी कुमारी नीरज, वीपीएम सुनील कुमार, आयुष्मान मित्र नरेंद्र कुमार, सीएचओ सानिया, सरिता कुमारी, उमकान्ति, तृप्ति पाल, आकांक्षा, निशा, प्रिंसी, पूनम, लोकेश, विवेक, रामकुमार, देशराज, प्रमोद, अवनीश, सतेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस ने गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये



इटावा। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस ने सहकारी कोल्ड स्टोरेज में गांधी जी की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित की श्रद्धांजलि दी। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी ने कहा कि गांधी जी अमर है वो देश के हर भारतीय के दिल में मौजूद है उनके उच्च विचार हम सबको प्रेरणा देते है कि देश को एकता और अखंडता को बनाए रखना चाहिए तभी भारत देश मजबूत और सशक्त बनेगा! एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आसिफ जादरान ने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को आजादी दिलाई हम सबको आजाद भारत में संविधान और गांधी जी के विचारों को लेकर इस भारत देश को आगे बढ़ाना है लेकिन जिस तरह से आज की सरकार गांधी जी के नाम को मिटाना चाहती है मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाना, गांधी जी के बारे में अपशब्द कहना ये कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सब गांधीवादी लोग गांधीवादी विचारधारा से इस सरकार को झुकाने का काम करेंगे और मनरेगा को वापस करवाने का काम करेंगे! इस मौके पर सुहैल वारसी, अभिषेक त्रिपाठी, देवराज, हर्ष ठाकुर, सोंटी तिवारी, अंश पंडित, बिलाल खान, वासु पंडित, अंशुल राज आदि मौजूद रहे!

# एसएसपी ने पुलिस लाइन में परेड की ली सलामी



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। परेड के बाद पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला रोग विशेषज्ञ का कटा सात दिन का वेतन

बकेवर, इटावा। महिला नसबंदी सम्बन्धी कैम्पों के न करने कारण 50 शैय्या अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ से एडी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने नाराजगी जताई है। अस्पताल प्रशासन ने इस पर महिला रोग विशेषज्ञ का सात दिन का वेतन रोक दिया है। एडी कानपुर मंडल ने औरैया जनपद में कैम्प के लिए एक सप्ताह के लिए महिला रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई थी। अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल डॉ. जीके मिश्रा ने जनवरी माह में औरैया जनपद में सात महिला नसबंदी शिविरों के लिए महिला रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ सुनीता गौतम की ड्यूटी लगाई थी। परन्तु महिला रोग विशेषज्ञ नसबंदी शिविरों में ड्यूटी करने नहीं पहुँची। इसको लेकर अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कानपुर मण्डल ने महिला रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. सुनीता गौतम से ड्यूटी निदेशों के प्रति लापरवाही को लेकर नाराजगी जतायी। इस संबंध में बताते महिला रोग विशेषज्ञ ने उनकी ड्यूटी उनके तैनाती वाले जनपद इटावा में ही कैम्प में लगाने का अनुरोध एडी से किया था। परन्तु एडी ने दूसरे जनपद औरैया में ही अलग अलग स्थानों पर कैम्प के लिए ड्यूटी लगा दी थी। इस सम्बंध में 50 शैय्या अस्पताल के सीएमएस डॉ संदीप गुलाटी ने बताया अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कानपुर मण्डल ने अस्पताल में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ सुनीता गौतम की एक सप्ताह के लिए महिला सम्बन्धी शिविरों में ड्यूटी लगायी थी। जिनमें वे नहीं गयी। इस पर एडी के निर्देश पर डॉ. सुनीता गौतम का जनवरी माह का सात दिन का वेतन रोका गया है।

# महिला की हत्या, रायफल लूट मामले में चार दोषी

इटावा। सोलह साल पहले महिला की हत्या और घर से लाइसेंसी रायफल व अन्य सामान लूट के मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। सुनवाई के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे की अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने आरोपियों पर अलग अलग जुमार्ना भी लगाया है, जिसे न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बीते गुरुवार को कोर्ट ने अपने फैसले में दीपा उर्फ दीपू उर्फ दीपक पर बाइस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। वहीं महावीर उर्फ राहुल, सचिन और सत्येंद्र उर्फ सीटू पर उन्नीस उन्नीस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि दोषी जुमार्ने की राशि अदा नहीं करते हैं तो उन्हें छह माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना पड़ेगा। यह मामला जसवंतनगर कस्बे के मोहल्ला पंसारी टोला का है। यहां निवासी राजीव कुमार राठौर पुत्र निन्हूमल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी विधवा मौसी उनके घर के सामने बने मकान में अकेली रहती थीं। तेरह दिसंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को शक हुआ और इसकी सूचना उन्हें दी गई। राजीव कुमार ने दरवाजा खोलकर घर के अंदर जाकर देखा तो उनकी मौसी का खून से सना शव टीन शेड में रखे तख्त पर पड़ा था। जांच में सामने आया कि घर में रखी उनके मामा जितेंद्र की लाइसेंसी रायफल, जो चित्रकूट में सहायक विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे, वहां से गायब थी। इसके अलावा घर से अन्य सामान भी लूट लिया गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या और लूट का मुकदमा दर्ज किया।

# मतदाता सूची के तहत फार्म 6 अभियान किया निरीक्षण

## गोपालपुर मंडल में मतदाता सूची सुधार पर दिया जोर



गोला, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने विधानसभा चिल्लूपार के अंतर्गत मंडल गोपालपुर में चल रहे फार्म-6 अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर भरे जा रहे फार्म-6 की प्रगति की जानकारी ली और कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष ने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को सुधारने तथा मतदाता सूची को अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है। हर योग्य नागरिक का नाम सूची में दर्ज हो, यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से फार्म 6 अभियान को सफल बनाने में जुटा है। यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर नए मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को जागरूक करें और किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रामलखन गोंड़ समाजवाद के ही नही अपितु सर्व समाज थे सजग प्रहरी : रामनिरंजन पहलवान



गोला, गोरखपुर। रामलखन गोंड़ समाजवादी पार्टी के नही अपितु सर्व समाज के कद्दावर एवं जुझारू नेता थे। जिन्होंनो अपनी सच्ची कर्तव्यनिष्ठा से सर्व समाज के भलाई की लड़ाई लड़ते हुए सपा पार्टी में सेक्टर अध्यक्ष से लेकर, विधान सभा अध्यक्ष एवं जिला सचिव तक का पद पद पर कार्य किये यह सर्व समाज के प्रति उनके लगन एवं समर्पण का प्रमाण था। कुल मिलाकर वे सर्व समाज के सजग प्रहरी थे। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि एवं सपा के वरिष्ठ नेता तथा बांसगांव विधान सभा अध्यक्ष रामनिरंजन यादव (पहलवान) ने क्षेत्र के पाण्डेयपार उर्फ ड़डवापार निवासी एवं सपा के वरिष्ठ नेता तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.जगेलु प्रसाद के पौत्र स्व.रामलखन गोंड़ की डड़वापार चौराहे पर आयोजित उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर कही। उन्होनो कहा कि सपा के ऐसे सच्चे सिपाही को हमारा सलाम है जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सपा के संघर्षों की लड़ाई लड़ने का काम किया। विशिष्ठ अतिथि एवं चिल्लूपार के सपा विधान सभा उपाध्यक्ष नेता अरुण कुमार यादव ने कही कि रामलखन गोंड़ एकदम खांटी समाजवादी थे।जिन्होंनो सपा की हर लड़ाई अग्रणी रूप से लड़ने का काम किया। गोला नगर अध्यक्ष सपा नेता श्रीकांत यादव एवं योगेश गोंड़ ने कहा कि रामलखन गोंड़ आज बेशक हम लोगों के बीच मे ना हो लेकिन उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे स्व.रामलखन गोंड़ के पुत्र एवं सपा नेता अभिषेक गोंड़ ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्यों के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजवादी नेता नरसिंह यादव ने किया।

इस अवसर पर दीपक बौद्ध,पूर्णमासी गोंड़, शिवानंद यादव,हरेराम यादव,सूबेदार यादव,दिनेश कन्नौजिया, कादिर अंसारी,प्रमोद कुमार गोंड़,विवेकानंद गोंड़,अच्युतानंद गोंड़ सहित ढेर सारे सपाई उपस्थित रहे।

# गगहा में जल निगम की लीकेज से परेशान हैं राहगीर और दुकानदार

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा चौराहे पर सर्विस रोड से गजपुर मार्ग जहां शुरू हो रहा है, वहां पर हर घर जल के अंतर्गत डाली गई पाइप में लीकेज की वजह से पानी भर जाने से राहगीरों और दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 1 हफ्ते से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन जल निगम के किसी भी जिम्मेदार कर्मचारी की इस पर नजर नहीं पड़ रही है। गगहा निवासी शम्मी सिंह ने बताया कि पिछले 8-10 दिनों से अंडरपास के बगल में सर्विस रोड पर जहां से गजपुर मार्ग शुरू होता है, वहां पर गड्ढों में पानी भरा हुआ है। जल निगम की तरफ से पाइप डाली गई है, उसमें लीकेज की वजह से यहां हमेशा पानी भरा रहा है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों को भी पानी की वजह से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जल निगम के किसी भी जिम्मेदार की इस पर नजर नहीं पड़ रही है।

# प्रेमी जोड़ों की अश्लीलता, जिम्मेदार बेखबर

## शहीद स्मारक के सूनसान पार्क में प्रेमी जोड़े कर रहे अश्लीलता



उमाशंकर शुक्ल

चौरीचौरा, गोरखपुर। महान क्रांतिकारियों एवं वीरों की धरा चौरीचौरा में अमर शहीदों की याद में बने शहीद स्मारक की गौरव गाथा पर इन दिनों वहां घूमने जाने वाले प्रेमी जोड़ों की अश्लील हरकत दाग लगा रहें हैं। नगर से किनारे होने के कारण यहां युवक व युवतियों को अश्लील हरकतें करते हुए रोज देखा जा सकता है। लेकिन जिम्मेदार यहां चुप्पी साधे रहते हैं। बताते चलें कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत में स्थित शहीद स्मारक शहीदों की याद में बनवाया गया था। जहां शहीदों की याद में तमाम कार्यक्रम कराये जाते हैं। चार फरवरी को यहां वृहद रूप से शहीदों की याद में कार्यक्रम कराया जाता है। शहीद स्मारक पर आये नगर के कुछ सम्मानित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह नगर के किनारे तथा रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित है। शहीद स्मारक के चारों ओर सुरक्षा व सुन्दरता की दृष्टिकोण से बाउंड्री वाल चलवाया गया है। ऐसे सुरक्षित परिसर में रोज सुबह से शाम तक यहां लोग दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन इस समय इसी को सुरक्षित स्थान मानकर रोज युवक युवतियों के जोड़े परिसर में आते हैं। और अश्लील हरकतें करते हैं। लोगों ने बताया कि यहां पहले सुरक्षा की दृष्टिकोण से एक चौकीदार रखा गया था। लेकिन वर्तमान समय में वह भी परिसर में कहीं दिखाई नहीं देता है।और मनचले युवक व युवतियां इस स्थान को एकांत पाकर रोज परिसर में आते व अश्लील हरकतें करते देखे जाते हैं। लोगों का कहना है कि यह एक पवित्र स्थान है।इसकी सुरक्षा होनी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मामले को संज्ञान लेते हुए ऐसे शरारती तत्वों को रोकने की मांग किया है।

उक्त के संबंध में अधिशासी अधिकारी चौरीचौरा आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। संज्ञान में आया है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई किया जायेगा। ऐसा कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# घना कोहरे से आम जनजीवन प्रभावित

इटावा। चंबल इलाके से जुड़े उत्तर प्रदेश के इटावा में कड़ाके की सर्दी के बीच घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सुबह तड़के से ही शहर और आसपास के इलाकों में कोहरे की घनी परत छाई रही, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। कोहरे और ठंड के कारण रेल और सड़क यातायात पर बुरा असर पड़ा है, वहीं तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान घटकर करीब 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। तड़के सुबह से इटावा की सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा। कई इलाकों में वाहन चालकों को आगे का रास्ता ठीक से दिखाई नहीं दिया, जिससे यातायात धीमा हो गया। जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को खासा सतर्क रहना पड़ा और आम दिनचर्या प्रभावित होती नजर आई।

# महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

इटावा। थाना ऊसराहार पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना ऊसराहार क्षेत्रान्तर्गत जाकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरण किया गया व हेल्पलाइन, साइबर क्राइम नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में जानकारी दी।

# बीहड़ वाले सैय्यद मजार पर प्रशासन की टेढ़ी नजर

## गड्ढा खोदकर दरगाह पर आने वालों को रोका

इटावा। जिले के फिशर वन क्षेत्र में स्थित बीहड़ वाले सैयद बाबा के नाम से प्रसिद्ध सैकड़ों साल पुरानी मजार को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत के बाद वन विभाग ने अपनी जांच पड़ताल करने के बाद मजार की देखरेख करने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। साथ ही मजार पर नोटिस चस्पा किया है। जिसमें जमीन से जुड़े दस्तावेज न मिलने पर मजार को ध्वस्त करने और प्रशासनिक कार्रवाई की बात कही गई है। मजार के देखरेख करने वाले फजले इलाही की ओर से नोटिस का जवाब भेजने की बात कही गई है। वन विभाग ने गुरुवार को मजार को जाने वाले रास्ते पर रोक लगाने के लिए रास्ते पर खुदाई करके रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। फिशर वन में स्थित इस मजार को लेकर आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित कार्यालय से तीन जनवरी को जांच के निर्देश जारी किए गए। इसके बाद वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर फिशर वन क्षेत्र का निरीक्षण और सर्वे किया। जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने पाया कि फिशर वन के कंपार्टमेंट नंबर तीन में एक बहुत पुरानी मजार बनी हुई है। यह मजार वन भूमि के भीतर स्थापित पाई गई। टीम ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि मजार की देखरेख शहर के आकालगंज निवासी फजले इलाही करते हैं। रेंज अफसर अशोक शर्मा की ओर से फजले इलाही को नोटिस जारी किया गया। नोटिस में बताया गया कि मजार से संबंधित भूमि के अभिलेख मांगे गए थे। फजले इलाही ने दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन तय समय सीमा तक कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। वन विभाग की ओर से मजार से जुड़े जमीन के दस्तावेज 22 जनवरी तक जमा करने के निर्देश दिए गए थे। समय सीमा समाप्त होने के बाद भी जब कोई अभिलेख नहीं दिए गए तो वन विभाग ने मजार के पास गुरुवार को एक बड़ा गड्ढा खोदकर रास्ता बंद कर दिया ताकि वहां आवागमन रोका जा सके। नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि यदि मजार स्थल से संबंधित भूमि के दस्तावेज तत्काल उपलब्ध नहीं कराए गए तो वन भूमि पर बनी अवैध मजार के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत मजार को ध्वस्त करने और प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं इस मजार की देखरेख करने वाले फजले इलाही का कहना है कि वन विभाग के द्वारा जारी नोटिस का जवाब हमारी तरफ से भेजा गया है।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरी माता कमला शुक्ला की मृत्यु 19-5-1988 व भाई प्रेम कुमार शुक्ला उर्फ दीपू की मृत्यु दिनांक 22-1-1999 को घर पर हो गई थी। **कुसुम बाला शुक्ला पुत्री स्व. हरि नरायन शुक्ला निवासी-मकान नम्बर आर/411 रसूलपुर, थाना नगर कोतवाली, बाराबंकी।**

**TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES**
Courses Offered: B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A., B.Com, B.Ed., B.Sc. (PCM / ZBC), B.V.A. (Paint. / App. Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce), M.V.A. (Painting)
आवश्यकता है प्राचार्य व प्रवक्ताओं की योग्यता अनुभव व वेतन यू.जी.सी./ लखनऊ वश्वविद्यालय के मानकानुसार-
प्राचार्य- 01 पद
प्रवक्ता एम.पी.ए. (एप्लाइड आर्ट)- 04 पद
आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।
331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028
Email: careers@tims.edu.in
Contact: 7897123111 (IVR), 8810724912

**कार्यालय उपजिलाधिकारी बिसवाँ जनपद सीतापुर।**
पत्रांक /र.का./त.म./तालाब आंवटन/2026 दिनांक जनवरी 2026
**प्रेस विज्ञप्ति**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखर/ मीनाशय एवं जल प्रणालियों के 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु 0.202 हेक्टेयर से अधिक व 2.000 हेक्टेयर तक क्षेत्रफल वाले तालाबों का पात्र व्यक्तियों के मध्य तथा 2.00 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों को मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के मध्य यथा संशोधित राजस्व संहिता 2016 की धारा 61 के अन्तर्गत तहसील बिसवाँ के 923 तालाबों की नीलामी हेतु शिविर का आयोजन दिनांक 16.02.2026 (क्रम संख्या 1 से 300 तक) व दिनांक 17.02.2026 (क्रम संख्या 301 से 600 तक) व दिनांक 18.02.2026 (क्रम संख्या 601 से अन्तिम तक) तहसील बिसवाँ के सभागार कक्ष में समय 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक किया जायेगा। अधिक जानकारी व विस्तृत विज्ञापन देखने हेतु फत ब्वकम स्कैन करें अथवा दिये गये लिंक पर जाये। साथ ही तहसील बिसवाँ एवं तहसील बिसवाँ के अन्तर्गत खण्ड विकास कार्यालय तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सूचना पट पर भी विस्तृत विज्ञापन देखा जा सकता है।
QR Code
Link=https://cdn.s3waas.gov.in/s3cfecdb276f634854f3ef915e2e980c31/uploads/2026/01/176924 86852715.pdf
उपजिलाधिकारी
बिसवाँ-सीतापुर
UPID-245030 Date: 30.01.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## 5 को लगेगा दिव्यांगजन अधिकारों का मोबाइल कोर्ट

लखीमपुर खीरी। दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनपद में 5 फरवरी को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मोबाइल कोर्ट राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। मोबाइल कोर्ट का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अटल सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही समाज में दिव्यांगजनों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने और उनकी शिकायतों का स्थानीय स्तर पर शीघ्र निस्तारण करना भी इस पहल का लक्ष्य है। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से जनपद में निवास करने वाले दिव्यांगजनों की विभागीय समस्याओं को यथासंभव मौके पर ही सुनकर त्वरित समाधान कराया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया तेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वर्ष 2026 के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव समिति द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 30 जनवरी को विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। अध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार वर्मा एडवोकेट, राम कुमार गौतम एडवोकेट और राकेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने नामांकन पत्र लिया। उपाध्यक्ष पद के लिए नागेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट ने पर्चा खरीदा। महामंत्री पद के लिए संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट तथा जितेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट मैदान में हैं। संयुक्त मंत्री पद के लिए रंजीत सिंह कनौजिया और जगवीर सिंह भदौरिया एडवोकेट ने नामांकन पत्र लिया। कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है और आने वाले दिनों में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव समिति में मुख्य चुनाव अधिकारी लाल बिहारी वर्मा तथा सहायक चुनाव अधिकारी हरिनाम पांडेय, आदर्श वर्मा, सत्यपाल मिश्रा, अनवरूल हक, विजेंद्र यादव और जितेंद्र कुमार पांडेय शामिल हैं।

## जनसुनवाई 2 को

आजमगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की सदस्य ममता कुमारी द्वारा 02.02.2026 को जनपद आजमगढ़ में प्रस्तावित जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले की महिलाओं से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाना है। उन्होंने बताया कि 02 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार जनपद आजमगढ़ में समय पूर्वाह्न 10 बजे आप अपने प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# डीएम ने 50 मूकबधिर युवाओं को बांटे कंबल



जिला संवाददाता(vol)

● ठंड में राहत और अपनापन युवाओं के चेहरे पर मुस्कान

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेह और संवेदनशील निर्देश पर तहसील लखीमपुर में प्रशासन ने 50 मूकबधिर युवाओं को गर्म कंबल वितरित किए।

ठंडी हवाओं में जब कंबल उनके हाथों में पहुंचे, तो हर चेहरा खुशी और राहत की मुस्कान से जगमगा उठा। छोटे-छोटे हाथों में गर्म कंबल देखकर वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की आंखों में भी संतोष की चमक दिखी मूकबधिर युवाओं ने इशारों में डीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम केवल ठंड से राहत नहीं, बल्कि उन्हें अपनापन, सुरक्षा और आत्मसम्मान का एहसास भी दिलाता है। कुछ युवाओं ने अपने कंबल को गले लगाकर खुशी जताई, तो वहीं कई ने यह अनुभव अपने साथियों को दिखाते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसील अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन प्रशासन का लक्ष्य है कि समाज का हर सदस्य सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जी सके। ठंड में किसी को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। यह सिर्फ मदद नहीं, बल्कि स्नेह और अपनापन का संदेश भी है।

## शहीद दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



लखीमपुर खीरी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर जनपद लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त कार्यालयों, विभागों व शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में पूर्वाह्न 11 बजे दो मिनट मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ जिले के अन्य कार्यालयों, विभागों, शिक्षण संस्थाओं में भी पूर्वाह्न 11 बजे दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, डीएसओ अश्वनी कुमार सिंह, एसओसी संजय आनंद, प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह, सुधीर सोनी, सुरेश कुमार वर्मा, सहित कलेक्ट्रेट कर्मी एवं विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेहनत को मिला सम्मान, उत्कृष्ट बीएलओ को डीएम ने दिया तोहफा

लखीमपुर खीरी। लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में जिन हाथों ने दिन-रात मेहनत की, उन्हें जिला प्रशासन ने दिल से सम्मान दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की संवेदनशील पहल और घोषणा के क्रम में जिले की आठों विधान सभाओं से चयनित उत्कृष्ट बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को परिवार सहित दुधवा टाइगर रिजर्व की वीआईपी जंगल सफारी कराई गई।डीएम की इस अभिनव पहल ने मेहनत और निष्ठा को केवल प्रशंसा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अनुभव में बदल दिया। दुधवा की हरी-भरी वादियां, जंगल की नीरव शांति और वन्यजीवों की स्वाभाविक चहलकदमी के बीच बीएलओ ने अपने परिवार संग ऐसे पल जिए, जो शब्दों से परे हैं। कहीं वनराज की झलक, कहीं हिरणों की छलांग और कहीं प्रकृति की गोद में सुकून। इस अनुभव ने सभी को भावुक कर दिया। प्रशासन की ओर से वीआईपी सफारी और उत्तम भोजन की व्यवस्था ने इस यात्रा को और भी खास बना दिया। इस अभिनव सम्मान कार्यक्रम में विधानसभा 137 पलिया, 138 निघासन, 139 गोला गोकर्णनाथ, 140 श्रीनगर, 141 धौरहरा, 142 लखीमपुर और 143 श्रीनगर क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ शामिल रहे। प्रतिभागी बीएलओ ने कहा कि यह सम्मान उनके परिवारों के लिए भी गर्व का क्षण है और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बीएलओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में निष्ठा और समर्पण से काम किया। उनका सम्मान और प्रोत्साहन हमारा दायित्व है। परिवार संग दुधवा सफारी इसी भावना का प्रतीक है।

## थाना गौरीफंटा व महिला मिशन शक्ति केन्द्र का किया गया निरीक्षण



पलियाकलां खीरी। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ किरण एस. द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा के साथ भारत-नेपाल बार्डर पर स्थित थाना गौरीफंटा व महिला मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस की गार्द द्वारा महोदय के सम्मान में सलामी दी गई। इसके उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना गौरीफंटा के परिसर व कार्यालय का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये अभिलेखों का अवलोकन किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय व महिला मिशन शक्ति केन्द्र पर कार्यरत पुलिस कर्मियों व थाना प्रभारी से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक द्वारा साफ सफाई व अभिलेखों के रख-रखाव पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, अमित राय तथा क्षेत्राधिकारी पलिया जितेन्द्र सिंह परिहार सहित आदि मौजूद रहे।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगायी प्रदर्शनी



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर इंडियन बैंक द्वारा वित्त प्रदत्त ठाकुर जी एवं सरजल स्वयं सहायता समूह (एस एच जी) द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी इंडियन बैंक एफ जी एम ओ कार्यालय लखनऊ में आयोजित कैंप के दौरान प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का कार्यपालक अधिकारी एवं मुख्य महाप्रबंधक द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं ग्राहकों ने बैंक सखी द्वारा लगाए गए स्टॉल से बढ़-चढ़कर खरीदारी की। इस सन्दर्भ में अशोक कुमार गुप्ता अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक ने बताया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित प्राकृतिक, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वदेशी उत्पादों की प्रशंसा की गई। यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में इंडियन बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## अभ्युदय कोचिंग का शुभारंभ, युवा कर सकेंगे निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज में उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला समाजकल्याण अधिकारी के सहयोग से प्रारंभ हो रही निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग का उद्घाटन पं. दीन दयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि, जिला समाजकल्याण अधिकारी वंदना सिंह तथा प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कोचिंग का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अभ्युदय कोचिंग केवल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के उन सभी युवाओं के लिए संचालित की जा रही है जो उच्च शिक्षा या विभिन्न सरकारी सेवाओं की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में अपने लक्ष्य से वंचित रह जाते हैं। उद्घाटन अवसर पर विधायक अमन गिरि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोचिंग संचालन में यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो उसे प्राचार्य के माध्यम से अवगत कराया जाए, ताकि तत्काल संज्ञान लेकर समाधान कराया जा सके। जिला समाजकल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने अभ्युदय योजना को लेकर राज्य सरकार की मंशा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण के प्रति आभार व्यक्त किया।

अभ्युदय कोचिंग के जिला को-ऑर्डिनेटर द्वारा कोचिंग की समय-सारिणी एवं विषयवार व्यवस्था की जानकारी दी गई। उद्घाटन सत्र में गोला क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों एवं इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पब्लिक इंटर कॉलेज गोला, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रबुद्धजन एवं शिक्षाविदों में बाबूराम सागर, के.के. शुक्ला सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभ्युदय शिक्षक मुनीश शुक्ला ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य अंग्रेजी डॉ. योगेश कनौजिया द्वारा किया गया।

## आईजी ने गोला कोतवाली का किया निरीक्षण पारदर्शी कार्यप्रणाली पर दिया जोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आईजी किरन एस ने भ्रमण के दौरान गोला कोतवाली का दौरा कर महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष एवं कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। कोतवाली पहुंचने पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।निरीक्षण के अवसर पर कोतवाली परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। आईजी ने पुलिस स्टाफ की कार्यप्रणाली, नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा तकनीकी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। महिला हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों से उन्होंने सीधे संवाद कर महिलाओं के साथ व्यवहार एवं सेवा की गुणवत्ता की जानकारी ली। आईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं देना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य डिजिटल व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने, अभिलेखों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने तथा नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोतवाली का वातावरण ऐसा होना चाहिए जिससे थाना आम जनता के लिए भरोसेमंद और सुविधाजनक प्रतीत हो। नियमित निरीक्षण और सुधारात्मक कदमों से पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान एसपी संकल्प शर्मा, सीओ रमेश कुमार तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## हादसे के बाद विधायक ने अधिकारियों संग की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रक से हुए हादसे में



सकुशल बच्चों के बच जाने के बाद विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मिल प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक करते समय विधायक भड़क गए कहा सरकार को बदनाम न करो हादसों को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने की वकालत की।

वहीं हादसे में घायल सम्राट के पिता अजीत की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाने के छुटपुट आरोप में केस दर्ज कर लेने की बात पता चलते ही कड़ी आपत्ति जताई। जिसके बाद यात्री कर अधिकारी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने ट्रक चालक और मालिक, बोलोरो के चालक और मलिक नाम पता अज्ञात के साथ सत्या पब्लिक एकेडमी के प्रबंधक और स्वामी के खिलाफ पुलिस ने दूसरा मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। गुरुवार की घटना को लेकर तहसील सभागार में आयोजित बैठक में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, यात्रीअधिकारी कौशलेंद्रकुमार, एसडीएम, तहसीलदार, कुंभी चीनी मिल प्रबंधन अधिकारी और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी सीओ अरुण कुमार सिंह के साथ बैठक करते समय घटना को लेकर विधायक भड़क गए कहां लीपापोती से काम नहीं चलेगा इस संबंध में ठोस कदम उठाने का समय है। उन्होंने किसी हालत में ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रक सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। ईश्वर ने घटना में 19 परिवारों के चिराग को बुझने से बचा लिया वरना जवाब देते नहीं बनता कोई अधिकारी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएगा वही स्कूल प्रबंधन व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। जख्मी सम्राट के पिता अजीत की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज रफ्तार में चलाने के आरोप की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने पर विधायक ने नाराजगी जताई। जिस पर यात्री अधिकारी कौशलेंद्र कुमार ने दूसरा मुकदमा ट्रक चालक और मालिक, बोलोरो चालक और मालिक के समेत स्कूल के प्रबंधक और मालिक नाम पता अज्ञात के खिलाफ तहरीर देने पर पुलिस ने दर्ज कर लिया है। खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने बताया विद्यालय जांच करने पहुंचने पर ताला पड़ा मिला है दूरभाष पर उन्हें विद्यालय खोलने संबंधी सभी प्रपत्र लेकर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## यातायात माह के समापन पर विद्यार्थियों को दिए गये सड़क सुरक्षा के संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। यातायात माह के अंतिम दिवस पर गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक आमिर हुसैन सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि संकेतों और चिन्हों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। ओवरटेक, मोड़ तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाना, नशे की अवस्था में ड्राइविंग तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न केवल दंडनीय अपराध है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनती है। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक का विधिक दायित्व है। जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक हित तथा अन्य सड़क उपयोगकताओं की रक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान अनुशासित, सतर्क और नियमों के प्रति प्रतिबद्ध रहकर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता, उद्धव श्याम तिवारी, लिपिक राजेश कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पालिका सभागार में गांधी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिषद के सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसा, सत्य और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि बिना हथियार के भी क्रांति लाई जा सकती है और बिना घृणा के भी अन्याय को पराजित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में सभासद राजेश वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, काके सहगल, संजीव दीक्षित, सुरेंद्र वर्मा सहित नगर पालिका के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के उपरांत सुबह 10 बजकर 58 मिनट पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गांधी जी के विचारों, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन आज भी समाज को दिशा देने वाला है और उनके सिद्धांत वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, सुधीर शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला गुड्डू, सतीश चंद्र मिश्रा, विक्रम पटेल, पंकज पटेल, सगीर अहमद, अंकुर पटेल सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## अंधविश्वास पर विज्ञान की चोट, विद्यार्थियों ने देखे ढोंग के पीछे के सच

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच से जोड़ना और ढोंग-पाखंड से दूर करना रहा।

कार्यक्रम में पीलीभीत से आए विज्ञान संचारक लक्ष्मीकांत शर्मा ने हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलन, मुट्ठी में भभूत उत्पन्न करना, खाली कमंडल में जल दिखाने जैसे कथित चमत्कारों का वैज्ञानिक विधियों से भंडाफोड़ किया। उनके प्रयोगों को देखकर विद्यार्थियों ने समझा कि तथाकथित चमत्कारों के पीछे कोई दैवी शक्ति नहीं बल्कि सामान्य विज्ञान कार्य करता है। विद्यालय परिसर में मॉडल व पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित प्रयोग और विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष




विजय शुक्ला रिंकू तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि ब्रह्मांड की प्रत्येक घटना का वैज्ञानिक कारण होता है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग उसे चमत्कार मान लेते हैं और ढोंगियों के जाल में फंस जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में विशेष रूप से आवश्यक हैं, जिससे छात्राएं और छात्र अंधविश्वास से बच सकें। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और तर्कपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की गई। कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों तथा स्थानीय विद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और आमजन शामिल हुए। लगभग 70 विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शित किए।

विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया पटेल, द्वितीय दिव्या दीक्षित (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज) और तृतीय उत्कर्ष (विद्या निकेतन इंटर कॉलेज) को मिला। सांत्वना पुरस्कार इलमा खान और कृष्णा को प्रदान किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी में प्रथम मोहिनी (कृषक समाज इंटर कॉलेज), द्वितीय नैतिक पटेल (विद्या निकेतन), तृतीय प्रियंशी (गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज) तथा सांत्वना पुरस्कार मुस्कान (गांधी स्मारक गोला) और साक्षी वर्मा को मिला। पुरस्कार वितरण के दौरान विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, मेडल और बैग देकर सम्मानित किया गया। मूल्यांकन समिति में डॉ. वीरेश बाजपेई और अम्बरीष वर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम में याचना वर्मा, आरती गुप्ता, अनिल कुमार, आशुतोष अग्निहोत्री, लाल साहब सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला विज्ञान क्लब खीरी के समन्वयक सुनील कुमार मिश्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान आज

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता -01.01.2026 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान की तिथि 31.01.2026 (शनिवार) नियत है। उक्त नियत तिथि को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बी०एल०ओ० द्वारा प्रारूप-6, प्रारूप-7 एवं प्रारूप-8 पर दावे एवं आपत्तियाँ भी प्राप्त की जायेगी। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया जायेगा। उक्त भ्रमण के दौरान यदि किसी भी मतदेय स्थल पर कोई बूथ लेवल अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है, तो सम्बन्धित बी०एल०ओ० के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने जनपद आजमगढ़ के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील किया है कि विशेष अभियान की तिथि 31.01.2026 को अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराए जाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रारूप-6 भरवाने में सहयोग प्रदान करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए।

## धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं भगवान प्रेम मूर्ति महराज

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथा व्यास प्रेम मूर्ति महराज ने अजामिल,राजा सगर भगवान श्रीराम श्रीकृष्ण के जन्म की कथा व उनकी लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बढ़ने लगता है तब भगवान मनुज रूप में अवतरित होकर आसुरी शक्तियों का नाश कर धर्म की रक्षा करते हैं। त्रेता युग में प्रभु राम ने अयोध्या नरेश दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेकर आसुरी शक्तियों का विनाश किया द्वापर युग में भगवान ने धर्म की रक्षा के लिए कंस के कारागार में कैद वासुदेव और देवकी के आठवें पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान कृष्ण का लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था।श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस व अन्य राक्षसों का वध करके पृथ्वी को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से ही दुखों से छुटकारा मिल जाता है। कथा श्रवण करने से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। इस दौरान कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा,ओमप्रकाश मिश्र, शांति देवी, कुल गुरू लवलेश त्रिपाठी, आनन्द नाथ मिश्र, सूर्य प्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संघर्ष नैतिकता और बदलते गांव' विषयक विचार गोष्ठी आयोजित

लालगंज, मीरजापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रविनंदन दुबे की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कठवार गांव में संघर्ष नैतिकता और बदलते गांव' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृह सचिव मणि प्रसाद मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन केवल सत्ता के खिलाफ लड़ाई नहीं बल्कि समाज में चेतना और ऊर्जा के संचार का माध्यम था। महापुरुषों के नैतिक मूल्यों को आचरण में उतारकर ही एक समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। मिश्रा ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष ने जनता को चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा दी। उन्होंने जोर दिया कि वही समाज विकसित होता है जो अपने पुरोधाओं के आदर्शों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ता है। सेनानियों की लड़ाई केवल नेतृत्व की नहीं बल्कि ग्रामीण परिवेश में न्याय और आत्मसम्मान की सामूहिक जीत थी।विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी ने कहा कि आज सुविधाएं तो बढ़ी हैं लेकिन सामाजिक समरसता और राष्ट्रबोध को और मजबूत करने की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन युवाओं को उनके इतिहास और कर्तव्यों का बोध कराते हैं। अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष गंगासागर दुबे ने कहा कि रविनंदन दुबे का जीवन समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक है। नैतिक मूल्यों की मजबूती के लिए कार्यक्रमों की निरंतरता जरूरी है। पुलिस क्षेत्राधिकार अमर बहादुर सिंह ने कहा कि देश के ऐसे संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानी अपने होने का एहसास ही नहीं एक नया विश्वास पैदा किया।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद दुबे ने किया।

# केकराही करमा बूथ का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

● आज फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज करायें अपना नाम

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही करमा बूथ का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ पर जमा किये जा रहे फार्म-6 के सम्बन्ध में जानकारी लिये और उन्होंने सम्बन्धित बीएलओ, सुपर वाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4 जरूर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ बूथों पर निरीक्षण के दौरान यह मामला प्रकाश में आया है कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4 नहीं लिया जा रहा है। बीएलओ द्वारा इस प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, फार्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 व घोषणा-पत्र अवश्य लिया जाये और साथ ही मतदाता से दस्तावेज भी निश्चित रूप से लिया जाये, जिसमें पूरा पता लिखे होने के साथ ही फोटो और मोबाइल नंबर भी सम्मिलित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता सूची विशेष अभियान के अंतर्गत फॉर्म- 6 के माध्यम से 7, 8 आवेदन भरे जाने की स्थिति का जायजा भी लिये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए, उनका फार्म-6 अवश्य भरवाया जाये, उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे और इस संबंध में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाए जाएं, लोगों को जागरूक किया जाए तथा सभी आवेदन समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से निस्तारित किए जाएं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि 31 जनवरी,2026 को भी सभी मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 उपस्थित रहेंगें, इस विशेष अभियान तिथि पर मतदाता फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करावाये, जिनका नाम मतदाता सूची में अब तक दर्ज नहीं हुआ है, पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पायें।

## एसपी की सख्तीः लापरवाही पर चौकी इंचार्ज सस्पेंड, कई का ट्रांसफर

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। हिंदुआरी चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया, जबकि म्योरपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक कृष्णानंद सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया। इसी क्रम में कई थानों व चौकियों में तैनात उप निरीक्षकों और चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया, जिससे व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

राबर्ट्सगंज में तैनात एसआई घनश्याम तिवारी को डाला चैकी की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं कमलेश पाल को डायल-112 सेवा का प्रभारी बनाया गया है ताकि आपात सेवाएं और मजबूत हों।

डायल-112 के पूर्व प्रभारी गोपाल जी गुप्ता को एसपी कार्यालय के मीडिया सेल में जनसंपर्क अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा आशीष पटेल को सुअरसोत चौकी का इंचार्ज तथा अनिल विश्वकर्मा को हिंदुआरी चौकी की कमान दी गई है, जबकि चंद्रशेखर सिंह को मॉनिटरिंग व समन सेल का प्रभारी बनाया गया है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## निरीक्षण में मिलीं कई खामियां, डीआरएम भड़के



जौनपुर। जफराबाद रेलवे स्टेशन का डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली। जिस वे विफर पड़े।उन्होंने एक विभाग के कर्मियों को बर्खास्त करने की धमकी दे डाली।

स्टेशन पर पहुंचकर डीआरएम ने विद्युत,पेयजल तथा शौचालय व साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल की व्यवस्था के बारे में पूछा। सम्बंधित अधिकारी ने कहा टोटियों में पानी आ रहा है।जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां प टोटी में पानी नही आ रहा था।जिसपर वह काफी भड़क गए।उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों के साथ पानी टँकी के पास बने पम्प रूम पहुंचे।वहां दरवाजे में लगे ताले की चाभी नही मिली।उन्होंने ताला तुड़वाकर अंदर देखा।वहां पर भी गड़बड़ी मिली।उन्होंने तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार तक अगर पेयजल की व्यवस्था ठीक नही हुई तो जिम्मेदार लोगों को बर्खास्त करें।इसके अलावा स्टेशन पर बने शौचालय में पानी की समस्या मिली।सैनेटरी बॉक्स में पैड नही मिले।जिस ओर उन्होंने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को निर्देश दिया कि शाम तक पैड सेनेटरी बॉक्स में रखवाकर फोटो हमको भेजे।इसके अलावा स्टेशन पर साफ सफाई की व्यवस्थाओं को तत्काल कराने के लिये कहा।स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को कहा कि स्टेशन ओर जो खामियां है उसे सम्बंधित विभाग को बताये।जब उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभाग को पत्र लिखकर बता दिया गया है।इस वे सम्बंधित अधिकारियों को भी फटकार लगाए। स्टेशन पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने स्टेशन के आस पास कमियों को बताया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी का निराकरण होगा। एडीआरएम डी के यादव,सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी,ओ पी तिवारी,रजनीश श्रीवास्तव, टीआई पंकज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है मतदाता बननाः धर्मवीर तिवारी



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर तिवारी ने शुक्रवार को रॉबर्ट्सगंज विधानसभा के बूथ नंबर 77 पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान का जायजा लिया। छह लोगों का फॉर्म सिक्स भरवाने के बाद कहा कि मतदाता बनना लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है।

डॉक्टर तिवारी ने बताया कि बूथ नंबर 77 पर लगभग 888 मतदाता हैं। लगभग डेढ़ सौ से ऊपर नाम काटे गए हैं। भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ पर जाकर मतदाता विशेष गहन प्रशिक्षण अभियान में भाग ले रहे हैं, ताकि किसी भी मतदाता का नाम न छूटने पाए, क्योंकि मतदाता लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ होता है।

उन्होंने कहा कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण कार्य मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान में भाग लेकर कोई भी मतदाता छूटे ना, छूटे हुऐमतदाताओं को फॉर्म सिक्स भरवाकर जमा कराना, आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म सात भरवाकर जमा कराना अति आवश्यक है। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष संजय पांडेय, विनय पांडेय, बीएलओ विनिता पटेल, ओम प्रकाश मौजूद रहे।

## एनसीएल में मनाया जा रहा कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा

सोनभद्र। सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में ह्यकोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025द्द26 मनाया जा रहा है। 19 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस पखवाड़े के अंतर्गत कंपनी में वृहद स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निरीक्षण दल द्वारा एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में सैंपल प्रिपरेशन यूनिट, प्रयोगशाला, सैंपल विश्लेषण प्रक्रिया तथा लोडिंग प्वाइंट्स, सीएचपी यूनिट, एएमएस, कोलयार्ड, साइडिंग एवं आरएलएस का जायजा लिया।

## चौपाल में दी योजनाओं की जानकारी



सुगापाख, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कलवारी खुर्द स्थित पंचायत भवन में ग्राम चौपाल आयोजित किया गया। जहां अपर डीपीआरओ ने ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही कहा सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले यह सरकार की प्राथमिकता है इसके लिए संबंधित लोगों को भी कड़े निर्देश दिए गए हैं। ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों ने विचार विमर्श व नए नए योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्राम चौपाल में आसपास के गांवों सहित संबंधित विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे हैं।

## मुतकल्लीपुर और मकसुदिया ग्राम प्रधान के प्रशासनिक अधिकार सीज

आजमगढ़। जिले के पवई विकास खंड में सामने आई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने पवई ब्लॉक के मुतकल्लीपुर और मकसुदिया गांव के ग्राम प्रधानों के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। साथ ही दोनों मामलों में अंतिम जांच के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि संबंधित ग्राम सचिवों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जल्द ही निलंबन की कार्रवाई भी हो सकती है। पवई विकास खंड के मकसुदिया गांव निवासी राधिका चौहान पत्नी मदन चंद्र, अभिषेक कुमार, तेज बहादुर चैहान, सीताराम सहित अन्य ग्रामीणों की शिकायत पर 25 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया था।

तकनीकी सहयोग के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को नामित किया गया। जांच पूरी होने के बाद 18 नवंबर 2025 को रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर 2 दिसंबर 2025 को ग्राम प्रधान सुदामा देवी एवं ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर 19 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए और परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को अंतिम जांच अधिकारी नियुक्त किया। इसी क्रम में पवई विकास खंड के मुतकल्लीपुर गांव में दिलीप कुमार मौर्य एवं महेंद्र प्रताप श्रीवास्तव की शिकायत पर 1 मई 2025 को जिला उद्यान अधिकारी को जांच अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच रिपोर्ट 4 सितंबर 2025 को प्रस्तुत की गई। दोषी पाए जाने पर 15 अक्तूबर 2025 को ग्राम प्रधान कमला प्रसाद मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन स्पष्टीकरण न देने पर जिलाधिकारी ने उनके भी वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए। साथ ही परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को अंतिम जांच अधिकारी नामित किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर गठित जांच समिति द्वारा मकसुदिया और मुतकल्लीपुर गांवों में कराई गई जांच में शिकायतें सही पाई गईं। जांच में ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की मिलीभगत सामने आई है। वित्तीय अनियमितता के मामलों में दोनों ग्राम प्रधानों के अधिकार सीज कर दिए गए हैं तथा संबंधित सचिवों के विरुद्ध नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सी व डी श्रेणी वाले अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने की दी चेतावनी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदों के मुख्य वन संरक्षक, जिलाधिकारी यथा मीरजापुर पवन कुमार गंगवार, सोनभद्र बीएल सिंह, भदोही शैलेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर भदोही अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोनभद्र अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, भदोही बालगोविन्द शुक्ला, सोनभद्र जागृति अवस्थी सहित सभी मण्डलीय अधिकारियो की बैठक कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मण्डल अनुश्रवण पुस्तिका में प्रदर्शित श्रेणी, रैंकिंगवार विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, राजस्व एवं कर करेत्तर, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, निमार्णाधीन परियोजनाएं, ई-आफिस व वन भूमि के प्रकरणो से वांछित प्रभावित परियोजनाओं के सम्बंध में आने वाले समस्याओं व प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने विकास कार्यो में पीएम सूर्यघर योजना, एनआर एलएम, आरएफसीसीएफआई, आईडीएस पोषण अभियान, ओडीओपी टूल किट योजना में सी श्रेणी रैकिंग व विश्वकर्मा श्रम सम्मान, सिंचाई जल संशाधन टेल फीडिंग रबी फसली में डी श्रेणी रैकिंग तथा राजस्व कर करेत्तर एवं वादो के निस्तारण में धान खरीद योजना, आईएमएसएस अके अनुसार खनन प्रर्वतन कार्यवाही, आईसीसीएमएस डैशबोर्ड, कुर्रा बटवारा धारा-116, आईजीआरएस, सरकारी कर राजस्व समेकित, सरकारी गैर कर राजस्व समेकित में सी श्रेणी रैकिंग व निर्विवाद उत्तराधिकार की डी श्रेणी रैकिंग के अधिकारियो को कड़ी चेतवानी देते हुए अगले माह की रैकिंग में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में रैकिंग खराब वाले विभागों की यदि रैकिंग में सुधार नही होता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्राप मोर क्राप माइक्राइरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मरो की शिकायते, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण व शहरी, विद्युत बिलो में सुधार हेतु आवेदन निस्तारण, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, सड़क निर्माण, एम्बुलेंस 102/108, जननी सुरक्षा योजना का लाभ, टेली रेडियोलाजी, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सिटी स्कैन, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पशु टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन सहित सभी बिन्दुओ पर समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली गई।

## शहीद सुनील पाठक की याद में स्टेशनरी सामग्री वितरित

आजमगढ़। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर लीलापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा विविध आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रथम बापू के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। इसके बाद शहीद सुनील पाठक की स्मृतिशेष में बच्चों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।



केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिह ने कहाकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने भारत को आजादी दिलाई और पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया। वहीं प्रयास उपाध्यक्ष व शहीद के भाई शिव प्रसाद पाठक ने कहाकि लीलापुर के लाल सुनील पाठक देश की रक्षा करते हुए वह 03 नवंबर 2003 को कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। उनकी स्मृतिशेष में हर वर्ष बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक दीनानाथ मौर्य, दयाराम चौहान, चन्द्रशेखर मिश्र, अमृता पाठक, रंजना यादव, प्रयास के इंजी सुनील यादव, संजीव राय, अमित यादव, कृपाशंकर पाठक, पूर्व प्रधान राजाराम पाठक, मनीष पाठक, नरेंद्र मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मणों के प्रति अनुराग पैदा करता है अध्यात्म



जौनपुर। अवध पैरामेडिकल कॉलेज एवं डॉक्टर शकुंतला आयुर्वेदिक एंड मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर राम अवध यादव ने ब्राह्मण चेतना समिति से सदस्यों को अपने आवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर यादव ने ब्राह्मण चेतना समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी को इक्यावन हजार रुपए का चेक प्रदान किया।डॉक्टर यादव ने कहा कि ब्राह्मण समाज का पथप्रदर्शक है और अध्यात्म के मार्ग पर चलनेवाले साधक का ब्राह्मणों के प्रति अनुराग स्वतः ही हो जाता है। जगतगंज इंटर कॉलेज के प्रबंधक पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी, पूर्व डाक अधिक्षक पंडित प्रभाकर त्रिपाठी, पुस्तक कुटीर के अधिष्ठाता पंडित रामदयाल द्विवेदी, सेंटजॉन्स स्कूल के अध्यापक डॉक्टर रामजी तिवारी, पत्रकार एवं उद्यमी देवी सिंह तथा राहुल पांडेय उपस्थित रहे।

## कार्यकारी संपादक को पितृशोक, दी गयी श्रद्धांजलि



जौनपुर। वॉइस ऑफ लखनऊ के कार्यकारी संपादक मनोज कुमार बाजपेई के पिता रामसेवक बाजपेई 93 का गुरुवार देर शाम आकस्मिक निधन हो गया है । रामसेवक वैश्वी बाजपेई रेलवे में कई महत्वपूर्ण वरिष्ठ पदों पर सेवा दे चुके हैं रेलवे यूनियन के अध्यक्ष भी रहे हैं आदर सम्मान ईमानदारी कर्मठता सरल स्वभाव कर्मचारियों के हित पूरी तरह संघर्ष करते रहे । वाजपेई जी के निधन से पूरे रेलवे विभाग के कर्मचारियों में राजनीतिक व बीबी डी ग्रुप सहित राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र वॉइस ऑफ लखनऊ से जुड़े उत्तर प्रदेश के पत्रकारों में जिला संवाददाताओं में काफी दुख है ।दुखद समाचार सुनते ही एक छोटी सभा करके दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।जनपद बहराइच में पत्रकारों ने पत्रकार संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को दुख सहने की वह ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की गई है उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पूर्वांचल पत्रकार गोरखपुर संगठन के मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने अपना दुख प्रकट करते हुए परिवार को इस घड़ी में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चलने की शपथ ली है।

## विधवा के घर का गिरा कर उठा ले गये सामान

जौनपुर ।सरपतहां थाना क्षेत्र के रसोली गांव में एक 80 वर्षीया विधवा का मकान जबरन तोड़ दिए जाने का मामला सामने आया है।पीड़िता कई वर्षों से इस मकान में निवास कर रही थीं, लेकिन अब वह बेघर होकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।पीड़िता के अनुसार, उनके पति का निधन कई वर्ष पहले हो चुका है और उनका कोई पुत्र नहीं है।वह अकेले ही जीवन यापन कर रही थीं। कुछ समय पहले वह इलाज के लिए अपनी बेटी के घर गई थीं।इसी दौरान गांव के कुछ दबंगों ने बिना किसी प्रशासनिक आदेश के उनके मकान का ताला तोड़ दिया। दबंगों ने घर में रखा सारा सामान उठा लिया और मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।जब पीड़िता वापस लौटीं तो उन्होंने अपना मकान पूरी तरह टूटा हुआ पाया।विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।घटना की सूचना मिलने पर 112 नंबर पुलिस पहुंची और पीड़िता को थाने ले जाया गया। इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।वृद्धा का कहना है कि वृद्धावस्था और असहाय स्थिति के कारण वह दोबारा मकान बनवाने में असमर्थ हैं। उनके पास फिलहाल रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मौके पर तहसील और थाना स्तर की संयुक्त टीम भेजकर उनके मकान का पुनर्निर्माण कराया जाए।साथ ही, दोषियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई की जाए और हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

आजमगढ़।सावित्री बाई फूले राजकीय पॉलिटेक्निक आजमगढ़ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक भिल्लीहिली में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संयुक्त रूप से सम्पन्न हुई।तीन दिवसीय संयुक्त वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मंगलवार को अंतिम दिन ,ऊंची कूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, 100 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ रेस के साथ सम्पन्न हुई। वार्षिक खेलकूद के समापन समारोह में संस्था के प्रधानाचार्य भूपेंद्र नाथ चैधरी ने खेलकूद के विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया।प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल में जीत या हार नहीं बल्कि खेल-भावना सर्वोपरि है। वार्षिक खेलकूद चैंपियन सर्वाधिक अंक पाकर बालक वर्ग में रोहित यादव इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण प्रथम तथा बालिका वर्ग में अव्या पॉल विद्युत अभियंत्रण प्रथम रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता (पक्ष) में संजना गौड़ एवं साक्षी शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। (विपक्ष) में प्रथम स्थान कशिश सिंह ने प्राप्त किया।वार्षिक प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग कर रही चार हाउस टीमों में सर्वाधिक मेडल बटोर कर प्रथम स्थान पर विश्वेश्वरैया हाउस तथा द्वितीय स्थान पर रमन हाउस रहा। इस कार्यक्रम का संचालन ई0 कुलभूषण सिंह एवं कमेंट्री प्रेमानन्द पटेल ने किया।कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी प्रीत कमल सिंह एवं क्रीड़ा प्रभारी रमेश एवं नवीन नारायण सिंह सहित विभागाध्यक्ष श्री अमृत प्रकाश, यशवंत कुमार, डॉ. रागिनी यादव, डॉ. साधना मौर्य,श्रुति सिंह , अपर्णा सिंह गौर, संतोष कुमार, अरविन्द कुमार, खुशबू गुप्ता, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ पर निकली कलश यात्रा

जौनपुर।गायत्री शक्तिपीठ परिषद में आयोजित नव कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं संगीत प्रवचन के लिए चार दिवसीय आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ गायत्री परिवार के सैकडो पीला वस्त्र धारी महिलाओं ने कलश शोभायात्रा मैं युग निर्माण के गगन भेदी नारों लगाते हुए टीडी कॉलेज जेसिस चैराहे ओलांदगंज होते हुएआदि गंगा गोमती के तट पर पहुंचे जहां से विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस शक्तिपीठ गायत्री मंदिर पहुंचे जहां पर इंद्रमणि मिश्रा एवं अमरेश यादव ने कलश पूजन संपन्न कराया कलश यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य ने कलश धारण करके किया है इस अवसर पर जिला समन्वय शिव गोविंद यादव प्रभाकर त्रिपाठी अजय सिंह मेजर के के सिंह विजय सिंह दिलीप कुमार श्रीवास्तव हरिश्चंद्र बेचन मिश्र सहित शशि सिंह गायत्री शर्मा गोयल सनोरमा सैकडो श्रद्धालु मौजूद रहे। शीतकालीन सत्र में शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली द्वारा संगीत प्रवचन का आयोजन हुआ

## तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

सोनभद्र।एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 30 जनवरी 2026 को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। यह खेल महोत्सव 01 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना से जुड़े आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1500 से अधिक युवा खिलाड़ी उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सहभागिता कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख संदीप नायक, अरविंद कुमार, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ), सिद्धार्थ मंडल, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन), ए. के. सिंह, विभाग प्रमुख (तकनीकी सेवा), हीरालाल, ग्राम प्रधान, चिल्काटांड, प्रमोद तिवारी, ग्राम प्रधान, कोटा ग्राम पंचायत,पत्रकार गण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मशाल जलाकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।श्री नायक ने कहा कि ह्यग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच है।एनटीपीसी सिंगरौली का यह प्रयास युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास अर्जित करने तथा अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। हम चाहते हैं कि ग्रामीण युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करें।

संक्षेप

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी ग्राम्य व शहरी क्षेत्रों की समस्याएं

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो।

जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए।

# श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि



जिला संवाददाता

**देवरिया** ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर मनाई गई। सर्व प्रथम पहले जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' सहित कांग्रेस जनों ने नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पार्टी कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गई। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए याद करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था, लेकिन गांधी जी को सम्मान से ₹राष्ट्रपिता₹ कहा जाता है। इसके अलावा उन्हें बापू और महात्मा की उपाधि भी दी गई है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित एक अनूठा आंदोलन चलाकर भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाई ।2 अक्टूबर को गुजरात के पोरबंदर में मोहनदास करमचंद गांधी जी का जन्म हुआ था। वही उनकी मृत्यु भारत की आजादी से पहले 30 जनवरी 1948 को हुई थी। नाथूराम गोडसे द्वारा दिल्ली के बिड़ला हाउस में गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी हत्या से पूरा देश शोक में डूब गया। इस मौके पर वरुण राय, भरत मणि, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, शिव शंकर सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, मनोज मणि, रत्नेश मल्ल पिंटू, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, विनोद दुबे, दीनदयाल प्रसाद, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, सत्य प्रकाश मणि, राजकुमार यादव, रजनीश प्रसाद, डॉ.रमेश कुशवाहा, बद्री दुबे, डॉ.सी.पी.चौहान, राकेश मणि, कमलेश मिश्रा, सुहेल अंसारी, प्रेमलाल भारती, रमाशंकर यादव, शाकिर हुसैन, इजहार सहित कांग्रेस जनों ने बापू की याद व शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गांधी जी ने पूरे विश्व को मानवता का मार्ग दिखाया : भूपेंद्र सिंह

**देवरिया** । शुक्रवार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78 वीं पुण्यतिथि पर नगरपालिका परिसर में स्थित बापू की प्रतिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकताओं के साथ माला पहनकर तथा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और सद्भाव के उनके आदर्श आज भी भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को मानवता का मार्ग दिखाते हैं।

उनका जीवन हमें सेवा, समर्पण और नैतिक साहस की प्रेरणा देता रहेगा।

नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि बापू ने स्वच्छता को स्वराज की आधारशिला माना आइए, स्वच्छ भारत के संकल्प के साथ उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।



## शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूलः प्रो.अनिल कुमार राय



**कुबेरस्थान, कुशीनगर**।पडरौना तहसील अंतर्गत साड़ी खुर्द जानकीनगर में संचालित सहोदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के छात्रों ने अपनी मनोहरी प्रस्तुतियों से सबको मन्त्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल में इस स्कूल की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक दिन मील का पत्थर साबित होगा। इसी स्कूल के बच्चे एक दिन शिक्षा के माध्यम से देश के विकास में अपना योगदान देकर इस स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन अर्वतिका व आदित्य ने संयुक्त रूप से किया। आगंतुक सभी अतिथियो का स्वागत प्रबंधक महेन्द्र सिंह ने किया जबकि आभार प्रधानाचार्य अनुराधा सिंह ने ज्ञापित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंम माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सी. बी. सिंह, प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह, रामाशंकर तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि साड़ी खुर्द टिंकल सिंह, सोनू सिंह, अंशु गुप्ता, शुप्रभा, अंजलि, गुलिश्ता, नीरज, सुधा, रामआधार तिवारी, मुकेश प्रताप सिंह चुन्नू सिंह, आफताब आलम, जोखन सिंह, शेषनाथ सिंह, नवल किशोर आदि मौजूद रहें।

# एनडीआरएफ की टीम ने मोबलाइजेशन ड्रिल किया

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**। जिले के हेतिमपुर में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए आपदा राहत टीम व एनडीआरफ और अन्य संस्थाओं द्वारा मोबलाइजेशन ड्रिल का अभ्यास किया गया ।11वीं बटालियन एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरफ गोरखपुर के निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में छोटी गंडक में

● ग्रामीणों को दिए बचाव के उपाय

5 तरह की आपदाओं पर मोबलाइजेशन ड्रिल जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर मॉकड्रिल के निमार्णाधीन तटबंध पर संपन्न हुई जिसमें जिला प्रशासन व एनडीआरएफ ने प्रतिभाग किया।

इस मॉकड्रिल का संचालन निरीक्षक धीरेंद्र सिंह समन्वय आपदा विशेषज्ञ रवि कुमार राय ने किया। एनडीआरएफ के जवानों ने 1 बजे पहली ड्रिल प्रारंभ की जिसमें दर्शाया गया की एक नाव बोट पलटने को दर्शाया ऐसी स्थिति में तुरंत सहायता करने एनडीआरएफ की टीम एक बोट द्वारा वहां पहुंचती है और दो जवान उन डूबते लोगों को बचाते हैं इसके उपरांत उन्हें मेडिकल स्वास्थ्य प्राथमिक चिकित्सा दी जाती है। इस ड्रिल में डूबते व्यक्ति को कैसे बचाना है व उन्हे कैसे सीपीआर देना है सीपीआर का वैज्ञानिक तरीका के साथ घरेलू उपकरण की सहायता से बचाव के गुण सिखाए। इसी तरह नदी में डूबे एक व्यक्ति की खोज एनडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा की जाती है ।चौथे दृश्य में एक सिविल बोट क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाते वक्त दुर्घटना का शिकार हो जाती है तब एनडीआरएफ के जवानों द्वारा त्वरित सहायता उपलब्ध कराकर डूबते व्यक्तियों को बचाया जाता है ।

इसके उपरांत नदी में डूब रहे एक व्यक्ति का जवानों द्वारा सफलता पूर्वक रेस्क्यू की । नदी में एनडीआरएफ के जवानों द्वारा ग्रामीणों को घरेलू सामानों का उपयोग कर लाइफ जैकेट बनाने और जान बचाने की भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कसया तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि जनपद के यह क्षेत्र बाढ़ आपदा से प्रभावित है इसलिए ग्रामीणों को बाढ़ आने से पूर्व जान माल की रक्षा का प्रशिक्षण देने का उद्देश्य आपदा के समय स्वयं को सुरक्षित कर पायेंगे।₹ इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कसया संतराज सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, लेखपाल रतन मंजरी गुप्ता , एनडीआरएफ निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सहित 30 जवानों व 200 की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दान की प्रवृत्ति ही वसुधैव कुटुंबकम का आधार : अनिरूद्ध सिंह

देवरिया, । भारतीय संस्कृति और सनातन सभ्यता का वैशिष्ट्य वसुधैव कुटुंबकम् का विचार दान और परोपकार के मानवीय मूल्य? पर आधारित है ।यह भावना ही भारत और भारतीयता को विश्व में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। कोरोना काल में अपनी चुनौती का सामना करने के साथ ही भारत ने विश्व को कोरोना के उपचार के लिए महत्वपूर्ण दवाएं और टीका उपलब्ध कराया जिससे मानवता की रक्षा हो सकी। इसलिए दान और परोपकार करने की भावना का विकास करना भी श्रेष्ठ मानव के निर्माण का अंग है।₹ उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के माधव सभागार में ₹अन्न दान-महादान₹ सप्ताह के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कही ।अपने संबोधन में विद्या भारती के बालक के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण एक पक्ष परोपकारी व्यक्तित्व के निर्माण में दान प्रवृत्ति के विकास के लक्ष्य को भी शिक्षण योजना का हिस्सा बताया ।बताते चलें कि सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के छात्रों ने इस वर्ष अन्नदान - महादान सप्ताह में बाइस कुंतल चावल का संग्रह कर वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रों के भोजन हेतु दान किया है ।इस अन्नदान योजना में सर्वाधिक योगदान देने वाले कक्षा वर्ग और छात्रों को सम्मानित भी किया गया। अन्नदान योजना में प्रत्येक छात्र ने सहभागिता करके यथा संभव अन्नदान किया है। उक्त अन्न राशि वनवासी गिरवासी आदिवासी और जनजातीय समाज में शिक्षा और संस्कार के उन्नयन के लिए चलाए जा रहे केन्द्रों केके छात्रों को निशुल्क शिक्षण और आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है ।इस अन्नदान योजना में सभी कक्षा वर्ग के भैयाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य जी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

## सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

**कुशीनगर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में सचिव प्रभात सिंह द्वारा वन स्टॉप सेंटर (सखी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था ।निरीक्षण के दौरान केंद्र में कुल 04 पीड़िताएं उपस्थित पाई गईं, जिनमें 03 बालिग तथा 01 नाबालिग शामिल थीं। सचिव द्वारा पीड़िताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सहायता की जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान केंद्र में साफ-सफाई, आवासीय व्यवस्था, खान-पान, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। सचिव द्वारा केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय केंद्र प्रबंधक रीता यादव, पैरामेडिकल नर्स चन्दा सिंह, महिला आरक्षी शशि उपाध्याय, जिला समन्वयक (हब) नलिन सिंह तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर मुनीश कुशवाहा उपस्थित रहे। सचिव ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर (सखी) महिलाओं एवं बालिकाओं को संकट की स्थिति में त्वरित सहायता, संरक्षण, परामर्श एवं विधिक सहयोग प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं को संवेदनशीलता, सम्मान एवं गोपनीयता के साथ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को किया गया नमन

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में आज देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को सादगी, गरिमा एवं अनुशासन के साथ स्मरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सहित जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान एवं अमूल्य योगदान का स्मरण किया तथा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान पूर्ण शांति एवं गंभीर वातावरण व्याप्त रहा, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन साहस, संघर्ष, त्याग एवं राष्ट्रप्रेम का प्रतीक रहा है। उनकी कुर्बानियां आज भी प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनसेवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात कर प्रशासन जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बना सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, जिलापूर्ति अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवा भाव के साथ करेंगे तथा जनहित को सर्वोपरि रखेंगे।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा व फर्जी इन्द्राज का आरोप नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)**। नगर पंचायत भटनी बाजार में सरकारी एवं धार्मिक प्रयोजनों की भूमि पर अवैध कब्जा और फर्जी इन्द्राज का गंभीर मामला सामने आया है। नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कराकर फर्जी प्रविष्टियों को निरस्त करने तथा भूमि को पूर्व स्थिति में बहाल कराने की मांग की है ।शिकायती पत्र में नगर अध्यक्ष ने उल्लेख किया है कि नगर पंचायत भटनी बाजार के गठन से पूर्व यह क्षेत्र ग्राम सभा के अंतर्गत आता था। आरोप है कि नगर के कुछ भू-माफियाओं ने मिलीभगत कर नगर पंचायत की संपत्ति पर कब्जा जमाया है। बंजर, नवीन परती सहित अन्य सरकारी भूमि में राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी तरीके से अपने नाम इन्द्राज दर्ज कराकर अवैध कब्जा कर लिया गया है ।नगर अध्यक्ष ने पत्र में यह भी लिखा है कि ठाकुर द्वारा स्थापित मंदिर एवं रामलीला मैदान की भूमि, जिसे स्थानीय जमींदारों द्वारा वर्ष 1905 एवं 1906 में धार्मिक प्रयोजनों के लिए दान किया गया था, उस पर भी अतिक्रमण किया गया है। मंदिर से संबंधित लगभग दो बीघा भूमि ग्राम चाँदपार की बताई गई है, जिसके पुराने व नए अराजी नंबरों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि धार्मिक उद्देश्य के लिए निर्धारित इस भूमि के बड़े हिस्से पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है ।इसके अलावा आरोप है कि मंदिर की भूमि पर काबिज पुजारी ने फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज कराकर मंदिर की भूमि का कुछ हिस्सा बेच दिया है, जबकि शेष भूमि को बेचने की बातचीत भी की जा चुकी है। नगर अध्यक्ष का कहना है कि इन अवैध कब्जों के कारण नगर पंचायत के विकास कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं ।नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, फर्जी इन्द्राज को खारिज किया जाए तथा संबंधित भूमि को पूर्व की स्थिति में बहाल करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## विधायक ने 36 ट्राईसाइकिल का किया वितरण

अयोध्या। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विकासखंड परिसर बीकापुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बीकापुर अमित सिंह चैहान ने 36 ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर वितरण कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अयोध्या, खण्ड विकास अधिकारी बीकापुर, सहायक विकास अधिकारी, स०क बीकापुर, विकासखंड व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग अयोध्या के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर दीपदान कर अमर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**कुशीनगर**। जिले के कसया नगर स्थित शहीद स्मारक पार्क में शुक्रवार की संध्या शहीद दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति अनवरत 20वें वर्ष दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद स्मारक एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रपिता सहित देश के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ० दया शंकर तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि शहीद दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और त्याग के आदर्शों के साथ-साथ देश के लिए बलिदान देने वाले अमर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। शहीदों का बलिदान ही राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की आधारशिला है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव डॉ० हरिओम मिश्र ने किया, जबकि आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की, तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ‟महात्मा गांधी अमर रहेंˮ, ‟राष्ट्र सपूत अमर रहेंˮ एवं ‟भारत माता की जयˮ जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर प्रो0 गौरव तिवारी, सुरेश प्रसाद गुप्त, आशुतोष मिश्र, ममता कश्यप, राजेश गुप्ता नानक, ध्रुव कुमार, मनोज कुमार, मधुलिका पूजा, अभिषांक शर्मा, आकाश शर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, सौरभ पांडेय उमेश चंद्र गुप्ता, कृष्ण मोहन, रविन्द्र कुमार टैगोर, आरती दुबे, अलाउददीन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## कृषकों के बुढ़ापे का आर्थिक सुरक्षा कवच है प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

बहराइच । किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई योजनायें संचालित की है। सरकार प्राकृतिक संसाधनों-मृदा, जल एवं कृषि सम्बन्धी जैव विविधता के समुचित संरक्षण देश/प्रदेश की कृषि उत्पादन नीतियों के विनिर्माण एवं क्रियान्वयन तथा संसाधनों को अक्षुण्य बनाये रखते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि परक उत्पादन के आयाम विकसित करने के लिए सतत प्रयासरत है। प्रदेश सरकार कृषि विकास की दर को गति प्रदान करने के साथ-साथ फसलोत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि करने हेतु कई नीतियाँ/योजनाये संचालित की है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उनके जीवन स्तर को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से ऊपर उठाया जा सके। किसानों के हित में भारत सरकार ने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित किया है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु. 6,000/-प्राप्त होते है। इससे सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के उपरान्त रु. 3,000/-मासिक अर्थात 36 हजार रुपए सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है ।प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है, वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होता है। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले किसान को प्रतिमाह 55 रुपए एवं 40 वर्ष की आयु के किसान को रू. 200/- महीना प्रीमियम जमा करना होता है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसान द्वारा एवं 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। यदि प्रदेश का कोई किसान स्वैच्छिक रूप से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का लाभ लेना चाहता है और वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी है तो उसके रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह के कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसके सभी कागजाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में संलग्न है। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना प्रदेश के लघु एवं सीमान्त कृषकों सहित सभी किसानों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने एवं वृद्धावस्था में उनकी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रूप से पुरुष व महिला दोनों के लिए 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर रू0 3000 प्रति माह दिये जाने की एक सुनिश्चित मासिक पेंशन योजना है। यह एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है। प्रदेश में इस योजनान्तर्गत दिसम्बर, 2025 तक 2.52 लाख से अधिक किसान लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश सरकार अधिक से अधिक कृषकों को इस योजना से लाभान्वित करा कर उन्हें आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बना रही हैं।

# जनपद में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। कुष्ठ रोग न तो कोई अभिशाप है और न ही पूर्व जन्मों का पाप, बल्कि यह एक सामान्य बीमारी है, जिसकी समय रहते पहचान और उपचार संभव है। यदि रोग की पहचान और इलाज में देरी हो जाए, तो यह दिव्यांगता का कारण बन सकता है। उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर कही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, साथ ही जिलाधिकारी का संदेश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुनाया गया। इस अवसर पर ‟भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करेंˮ थीम के अंतर्गत जनपद के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में जनजागरूकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान ‟रोग से घृणा करें, रोगी से नहींˮ का संदेश दिया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पखवाड़ा का शुभारम्भ 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक किया गया है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए जनसामान्य से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज में आज भी कुष्ठ रोग को लेकर अनेक भ्रांतियाँ व्याप्त हैं। जैसे—वंशानुगत कारण, अनैतिक आचरण, अशुद्ध रक्त, खान-पान की गलत आदतें,

● 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा कुष्ठ पखवाड़ा
● भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करेंˮ थीम के साथ जनजागरूकता की शपथ

सूखी मछली खाने या पूर्व जन्म के कर्मों से कुष्ठ रोग होने की धारणा, जो पूर्णतः गलत है। इन्हीं भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि त्वचा पर हल्के रंग के सुन्न दाग-धब्बे, जिनमें पसीना न आए, हाथ-पैर की नसों में मोटापन या सूजन, झनझनाहट, तलवों में सुन्नता, कार्य करने की क्षमता में कमी, चेहरे, शरीर व कान पर गांठें, हाथ-पैर और उंगलियों में टेढ़ापन आदि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत आशा कार्यकर्ता या सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से संपर्क कर जांच एवं उपचार कराना चाहिए। पासी बेसिलरी (पीबी) कुष्ठ रोग में छह माह में उपचार संभव है, जबकि मल्टी बेसिलरी (एमबी) कुष्ठ रोग में लगभग एक वर्ष तक उपचार चलता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का सम्पूर्ण उपचार सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। यदि शरीर पर सुन्न दाग-धब्बों की संख्या पाँच या उससे कम हो तथा नसें प्रभावित न हों, तो उसे पीबी कुष्ठ रोग माना जाता है, जिसका उपचार छह माह में हो जाता है। यदि दाग-धब्बों की संख्या पाँच से अधिक हो तथा नसें प्रभावित हों, तो उसे मल्टी बेसिलरी (एमबी) कुष्ठ रोग कहा जाता है, जिसका उपचार बारह माह में पूरा होता है। कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु से होता है। इसलिए रोगी से भेदभाव करने के बजाय उसे उपचार के लिए प्रेरित करना चाहिए। नए कुष्ठ रोगी की पहचान करने वाली आशा कार्यकर्ता को प्रति रोगी 250 रुपये तथा दिव्यांग रोगी की पहचान पर 200 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पीबी कुष्ठ रोगी को छह माह तक दवा खिलाने पर 400 रुपये तथा एमबी कुष्ठ रोगी को बारह माह तक दवा खिलाने पर 600 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। कुष्ठ दिव्यांग रोगियों को उपलब्ध निःशुल्क सुविधाएँ एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर किट, एमडीटी दवाइयाँ। निःशुल्क रीकंस्ट्रक्टिव ऑपरेशन एवं ऑपरेशन के पश्चात 12,000 रुपये की क्षतिपूर्ति। कुष्ठ दिव्यांग व्यक्तियों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन। रोगी अथवा उनके बच्चों को योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण सुविधा।

जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक जनपद कुशीनगर में कुल 124 कुष्ठ रोगी चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 52 पीबी तथा 72 एमबी श्रेणी के रोगी शामिल हैं। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के माध्यम से जनसामान्य को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक कर, भ्रांतियों को दूर करने तथा समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## शिवरात्रि के चारों प्रहर की आराधना से इच्छित फल की प्राप्ति : राघव ऋषिजी



**देवरिया**। संगीतमयी श्रीशिवमहापुराण कथा के सप्तम दिवस ऋषि सेवा समिति, देवरिया के तत्वावधान में चल रही इंदिरा नगर स्थित स्वयंवर वाटिका (जहाज कोठी) में पूज्य राघव ऋषि जी ने कहा कि प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि सदाशिव की तिथि है जिसकी रात्रि ही शिवरात्रि है ।कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते ऋषिजी ने कहा कि शिवरात्रि की वो रात्रि, जिसका शिवतत्व के साथ घनिष्ठ संबंध है। भगवान शिवजी की अतिप्रिय रात्रि को शिवरात्रि कहा गया है। इस व्रत में रातभर जागरण और रुद्राभिषेक करने का विधान है। पुराण में मोक्ष के चार रास्ते बताए हैं। इन चारों में भी शिवरात्रि व्रत का विशेष महत्व है, इसलिए इसे जरूर करना चाहिए। शिवरात्रि के रात में एक मृग परिवार के एक दूसरे के प्रति बलिदान को देखकर एक व्याध करुणा से भर गया और उसे उसके किए पर पश्चाताप हुआ परिणामतः उसने मृग परिवार का शिकार किए बिना ही जाने दिया अनजाने में उसके हाथ से बिल्वपत्र और जल शिवलिंग पर पड़ गया प्रसन्न होकर शिवजी प्रगट हो गए और भगवान श्रीराम के मित्र निषादराज के रूप में अवतरित होने का आशीर्वाद दिया ।ऋषिजी के एकमात्र सुपुत्र सौरभ ऋषि ने ₹तेरा पल पल बीता जाए₹ भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को नृत्य करने पर विवाह कर दिया ।पोथीपूजन एवं व्यासपूजन मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा देवी नन्दलाल गुप्ता तथा सहायक यजमान देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा संपादित किया गया ।आरती में समिति से सर्वश्री भरत अग्रवाल, लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल, शत्रुघ्न प्रसाद अग्रवाल, लालबाबू श्रीवास्तव, मोतीलाल कुशवाह, अश्वनी यादव, हृदयानंद मणि, ईश्वरचंद्र वर्मा, रामसेवक गौड़, जितेन्द्र गौड़, पीयूष तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, अभिमन्यु सिंह, हृदयानंद मिश्र, रमेश पाण्डेय, अशोक गुप्ता, रामकृष्ण यादव, राजेन्द्र मद्धेशिया, कृष्ण मुरारी, राजनंदन गुप्ता, संतोष सिंह आदि श्रद्धालुओं ने पुण्यलाभ प्राप्त किया ।प्रचार सचिव धर्मेन्द्र जायसवाल ने बताया कि शनिवार को भगवान सदाशिव के मनमोहक स्वरूप अर्धनारीश्वर चरित्र का प्रसंग रहेगा पश्चात महाप्रसाद रूपी भंडारे से इस वर्ष की कथा विश्राम लेगी।

# पात्र लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण लाभ मिलना चाहिएः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक




आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण-जमा अनुपात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक सहित कमजोर प्रगति वाले बैंकों को कार्यप्रणाली में सुधार के सख्त निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा सीएम युवा उद्यमी योजना, पीएम स्वनिधि, एनआरएलएम जैसी प्राथमिकता वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। बिना ठोस कारण कोई भी आवेदन अस्वीकृत न हो। उन्होंने अस्वीकृत आवेदनों की पुनः समीक्षा तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, पशुपालन विभाग एवं एनआरएलएम को निरस्त आवेदनों को पुनः बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीसी एनआरएलएम चंदन देव पांडेय, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

## डीएम ने की बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक दिए सख्त निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम ने कहा कि विद्यालयों में चल रहे निमार्णाधीन कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए और संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। उन्होंने विलंब से संचालित योजनाओं पर नाराजगी जताते हुए नियमानुसार कटौती प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में बालिका शौचालयों की जांच कर 05 कार्यदिवस के भीतर फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही डीबीटी के माध्यम से देय धनराशि समय से अंतरित करने, विद्यार्थियों को समाचार पत्र पढ़ने हेतु प्रेरित करने तथा वाटर बेल का समय निर्धारित कर उसके पालन के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों को आवंटित समस्त धनराशि का समय से व्यय सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया।

## जिला न्यायाधीश समेत अधिकारियों ने किया जेल का निरीक्षण

सीतापुर। जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के नेतृत्व में जेल का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भगीरथ वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा निर्मित अगरबत्ती, बर्तन एवं अन्य सामग्रियों के बिक्री केंद्र का जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया, जो संतोषजनक पाई गईं। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी बंदी के साथ जातिगत या अन्य किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाए तथा सभी को समान अधिकार व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## शहीदों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



फतेहपुर। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में आज पूर्वाह्न कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि देश की आजादी इन वीर शहीदों के असीम त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने जो कुबार्नी दी, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी।हमारा कर्तव्य है कि इन अमर बलिदानियों के आदर्शों को सदैव हृदय में संजोए रखें और राष्ट्र सेवा में समर्पित रहें।विकास भवन में भी कार्यक्रम आयोजितइसी क्रम में विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौन धारण के दौरान सभागार मे छा गया, जो शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक था।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को कायम रखने तथा शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस संकल्प ने वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।प्रमुख अधिकारी रहे मौजूदइस भावपूर्ण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., उपायुक्त मनरेगा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।यह आयोजन न केवल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि था, बल्कि युवा पीढ़ी को उनके बलिदान की याद दिलाने का माध्यम भी बना। जिला प्रशासन ने इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित आयोजित करने का संकल्प लिया है।

## लहरपुर में ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट निर्धारण



सीतापुर। जिलाधिकारी की पहल पर शुक्रवार को लहरपुर क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शा चालकों के लिए रूट का निर्धारण किया गया। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ लहरपुर गेट पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद एवं अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने ई-रिक्शों को हरी झंडी दिखाकर निर्धारित मार्गों पर रवाना कर किया। इस अवसर पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कहा कि ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट तय किए जाने से प्राइवेट बस संचालकों और ई-रिक्शा चालकों के बीच होने वाले विवादों पर प्रभावी रोक लगेगी। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और नगरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने बताया कि अब तक नगर पालिका परिषद में 240 ई-रिक्शों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लहरपुर गेट से खैराबाद मार्ग, तंबौर मार्ग, विसंवा मार्ग, विसंवा गेट से तहसीलद्दकेसरीगंजद्दहरगांव मार्ग तथा मजा शाह से भदफर व लखीमपुर मार्ग पर संचालित ई-रिक्शों को अलग-अलग रंगों में वर्गीकृत किया गया है। इससे ई-रिक्शा अपने निर्धारित मार्गों पर ही संचालित हो सकेंगे। उन्होंने अपंजीकृत ई-रिक्शा चालकों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, रिक्शा चालक यूनियन के प्रभारी अजीत वर्मा, नीरज गौड़, पालिका कर्मी व बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

## खुरपका मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया

उन्नाव। विकासखंड हिलौली क्षेत्र में पशुओं को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) रोग से बचाने के लिए सातवें चरण के अंतर्गत गौशालाओं में व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह अभियान 22 जनवरी से 10 मार्च तक संचालित है। अभियान के तहत मोहम्मद वसीद एवं साहब वसीद द्वारा



पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। विकासखंड हिलौली में तीन टीमों के माध्यम से टीकाकरण कार्य संपन्न कराया जा रहा है, जिसकी फीडिंग भारत पशुधन ऐप पर की जा रही है। इसके लिए पशुपालकों को अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अस्थायी गौशालाओं एवं गोआश्रय स्थलों में लोटना, सिंघन खेड़ा, हिलौली, देवमई सहित अन्य गौशालाओं में टीकाकरण किया गया है। इस अभियान में लगभग 55 हजार गायों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वहीं देवमई गौशाला में 160 गायों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। आमजन पशुपालक यदि अपने पशुओं का टीकाकरण कराना चाहते हैं तो आधार नंबर व मोबाइल नंबर के साथ मौरावा स्थित पशु चिकित्सालय, मोहल्ला शिवपुरा बखरी में संपर्क कर सकते है।

## घायल बहन की मदद को आगे आये समाजसेवी, पहुंचायी आर्थिक मदद

पाटन, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर के अंतर्गत ग्राम गोरइया निवासी रामावती पत्नी रामशंकर का कुछ दिन पहले घर के बाथरूम में गिरने से रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगने से घायल हो गयी थी परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं



थी अब परिजनों के सामने इलाज कराने का संकट खड़ा हो गया था कही से कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही थी तभी परिवार ने विधानसभा क्षेत्र में वृहद स्तर पर मदद करने वाले समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को सूचना दी कृपालु व्यक्तित्व के धनी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को तत्काल बहन की मदद के लिये घर भेजा, घर जाकर मानवेन्द्र सिंह ने बहन को आर्थिक मदद दी व जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। भविष्य में भी हर परिस्थिति में साथ देने का वादा किया, मदद पाकर परिजनों ने बहन कलावती को मेडीसिटी हॉस्पिटल उन्नाव में इलाज हेतु भर्ती कराया जहाँ पर कुशल डॉक्टरो के द्वारा इलाज किया जा रहा है व अच्छे से रिकवर भी हो रहा है। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की गयी मदद पर परिजनों ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मानवेन्द्र सिंह, पंकज सिंह बाबा, दीपक सिंह राजावत, रीमा सिंह प्रियंका वर्मा,सर्वेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ और कंबल वितरण का आयोजन

उनाव। नवाबगंज समाजसेवी स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोहरामऊ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ



किया गया तथा जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण कर उनके समाजसेवी कार्यों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्पित मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा ने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। किसान परिवार से होने के बावजूद उन्होंने समाजसेवा की ऐसी मिसाल पेश की जो आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम में शत्रुघन कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, शिवप्रसाद मिश्र, कमल किशोर शुक्ला, अभयेंद्र सिंह, मोनू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय वेदपाल मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संक्षेप

### जीजा के दोस्त ने साथ न जाने पर किया महिला पर हमला, केस दर्ज

मौरावा, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के बछौरा गांव में एक महिला पर हमला किया गया है 27 वर्षीय सीमा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पति से अनबन के कारण वह अपने मायके बछौरा में पिता के साथ रहती है। सीमा के अनुसार, उनके जीजा गोविंद का दोस्त रामकरन पासी पुत्र स्वर्गीय जगतपाल, निवासी खटोला, थाना बंथरा, कमिश्नरेट लखनऊ उनसे एकतरफा प्यार करता है रामकरन लगातार सीमा पर अपने साथ चलने का दबाव बना रहा था, लेकिन सीमा इसके लिए तैयार नहीं थी 27 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे रामकरन अपने एक साथी के साथ चार पहिया वाहन से सीमा के घर पहुंचा उसने सीमा को अपने साथ ले जाने की जिद की। जब सीमा और उनके पिता ने मना किया, तो रामकरन ने सीमा के दाहिने गाल पर लोहे की वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उसने सीमा के पिता को भी मुंह और हाथों पर मारा। सीमा के चिल्लाने पर गांव वाले इकट्ठा होने लगे। यह देखकर रामकरन और उसका साथी गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर धारा 115(2), 352 और 351 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसआई. धीरेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

### मैजिक में लगी आग बाल-बाल बचे लोग

सीतापुर। महमूदाबाद कस्बे में शुक्रवार शाम करीब चार बजे रामपुर मथुरा रोड स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज के पास खड़े एक मैजिक वाहन में अचानक आग लग गई। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मैजिक वाहन संख्या यूपी 41 एटी 1519 महमूदाबाद से लखनऊ के बीच यात्रियों का संचालन करता है। चालक अनिल कुमार ने बताया कि लखनऊ से लौटने के बाद वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया गया था, तभी उसमें अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### किसान श्रमिक यूनियन ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। सिधौली में भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी (सीओ) कपूर कुमार को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अटरिया थाना प्रभारी के कथित दुर्व्यवहार और पिसावां ब्लॉक में तैनात एक जूनियर इंजीनियर (जेई) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि अटरिया थाना प्रभारी का व्यवहार जनता, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मानजनक नहीं है। आरोप है कि वे सार्वजनिक रूप से अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर लोगों को कार्यालय से भगा देते हैं, जिससे आम नागरिक और जनप्रतिनिधि मानसिक रूप से आहत होते हैं। इसके साथ ही पिसावां ब्लॉक में लगभग 25 वर्षों से तैनात एक जेई पर भ्रष्टाचार कर कई फर्मों को लाभ पहुंचाने और लाखों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगाया गया है। संगठन ने दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस पर सीओ कपूर कुमार ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर रूबी यादव, मालती यादव, वंदना, दिनेश दीक्षित, सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइकों की टक्कर से तीन युवक घायल

सीतापुर। तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां अलग-अलग स्थानों पर हुई बाइक दुर्घटनाओं में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सकरन थाना क्षेत्र के सकरन/बिसवां रोड पर रामकिसुन फिलिंग स्टेशन के पास हुई। यहां दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में छोटू (20) पुत्र पंचम निवासी गडरियनपुरवा तथा चन्द्रशेखर (25) पुत्र प्यारेलाल निवासी प्यारापुर थाना सकरन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सीएचसी सांडा भिजवाया। दूसरी घटना बिसवां कोतवाली क्षेत्र में सांडा बीआरसी के सामने हुई, जहां सामने से आ रही बाइक की टक्कर से किरतापुर निवासी प्रदीप कुमार (27) गंभीर रूप से घायल हो गए।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास योजनाओं पर मंथन

सीतापुर। जनपद के विकास खंड गोंदलामऊ के सभागार कक्ष में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव रमाकांत द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का पुनः सर्वे फरवरी माह तक कराया जाएगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे सर्वे और विकास कार्यों में पूरी सक्रियता दिखाएं और पारदर्शिता बनाए रखें। समाज कल्याण विभाग के एडीओ मनेंद्र मोहन ने पेंशन योजनाओं, छात्रवृत्ति, दिव्यांग और वृद्धजन कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से ही इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचाया जा सकता है। बैठक में मोहनलालगंज सांसद प्रतिनिधि खुसीराम पासी, नामित ब्लॉक प्रमुख किरन अर्कवंशी, संजय अर्कवंशी, भाजपा गोंदलामऊ मंडल अध्यक्ष सर्वेश रावत, कल्ली मंडल अध्यक्ष अतुल गौतम, संदना मंडल के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्ली अभिषेक त्रिपाठी, मदन पाल सिंह, एडीओ पंचायत राजेश कुमार, एडीओ कृषि प्रमोद कुमार सोलंकी सहित इंद्र प्रताप सिंह उर्फ लिटिल, विपिन दिनकर, रमेश अर्कवंशी समेत बड़ी संख्या में बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## मंगता परिवार के 64 बच्चों का विद्यालय में नामांकन, ड्रेस व पुस्तकें वितरित

सीतापुर। जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मंगता परिवार के स्कूल न जाने वाले बच्चों का निकटवर्ती विद्यालयों में नामांकन कराया गया। इस दौरान बच्चों को निःशुल्क ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।



कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति एवं जिला समन्वयक निर्माण विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनवर अली ने किया। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निकट वर्षों से झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे मंगता परिवार के अधिकांश बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित थे। डीएम के निर्देश पर अधिकारियों ने झुग्गियों में जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। इसके बाद 64 बच्चों का नामांकन कर उन्हें ड्रेस व पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर शिक्षक, कर्मचारी व अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने पर शिक्षकों में खुशी की लहर

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते दिनों एक अहम कैबिनेट बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बहुप्रतिक्षीत मांग को पूरा करते हुए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग में कार्य शिक्षक एवं कर्मचारियों को कैशलेस योजना का लाभ देने की घोषणा की थी कैबिनेट बैठक में लिए गए इस निर्णय को लेकर शिक्षकों में अपार हर्ष का माहौल है। बैठक में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों, अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित विद्यालयों में कार्य शिक्षकों, शिक्षामित्रों, विशेष शिक्षकों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन, पूर्णकालिक अंशकालिक शिक्षकों और शिक्षिकाओं एवं प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइयों एवं उक्त कार्मिकों के आश्रितों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत सरकारी चिकित्सालयों के अलावा निजी चिकित्सालयों में भी आईपीडी (अंतर रोगी विभाग) उपचार हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का अहम निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत उपर्युक्त शिक्षकों एवं कार्मिकों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा अनुमन्य कराए जाने में प्रति कार्मिक अनुदान रुपए 3000 वार्षिक प्रीमियम की दर से व्यय भार अनुमानित है इस योजना से कुल 1195391 कर्मचारी लाभान्वित होंगे इस निर्णय को लेकर शिक्षकों और कर्मचारियों में अत्यंत हर्ष का माहौल है उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार का कहना है कि बेसिक शिक्षा विभाग में काम कर रहे समस्त कर्मचारियों के लिए यह अभूतपूर्व निर्णय है हम मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए इस फैसले का हृदय से स्वागत करते हैं इस फैसले से न केवल शिक्षकों और कर्मचारी बल्कि उनके परिजनों को भी स्वास्थ्य और सुरक्षा मुहैया करवाई जा सकेगी शिक्षकों एवं उनके परिजनों को किसी बड़ी बीमारी, दुर्घटना के दौरान बड़ी राशि का इंतजाम नहीं करना होगा बल्कि सरकार शिक्षकों और शिक्षकों के परिजनों को सरकारी एवं नजदीकी निजी चिकित्सालय में चिकित्सा पर होने वाले खर्च का वहन करेगी बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ विभाग में सबसे कम मानदेय पर कार्यरत रसोइयों को भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा इस बात की अपार खुशी है।

## एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्वामी विवेकानन्द क्लब द्वारा गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में वीरपुर और फतेहपुर चौरासी बी टीम के मध्य काटें कि टक्कर में वीरपुर ने लगातार दो मैच जीत कप अपने नाम किया। कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर में सदर बाजार के समीप स्थित स्वामी विवेकानंद वॉलीबॉल खेल मैदान में गुरुवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। एक दिवसीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन चेयरमैन मिथलेश जयसवाल ने किया। वही प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सामंजस्य बनाते हुए अपनी कमियों में सुधार करना चाहिए। प्रतियोगिता में वीरपुर, बहुराजमऊ, माखी, टनटनपुर, तकिया, शादीपुर, कुरसठ, पी टी सी, फतेहपुर चौरासी ए, बी, गढ़ी ए, बी तथा क्षेत्र की चार जूनियर टीमों सहित कुल अठारह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में वीरपुर की टीम ने काँटे की टक्कर में लगातार दो मैचो में फतेहपुर चौरासी बी टीम को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वही जूनियर में फतेहपुर चैरासी की टीम गढ़ी की टीम को हराकर चैंपियन बनी। विजेता व उपविजेता टीम को जिला क्रीड़ाअधिकारी मुकेश सबरवाल, वॉलीबाल एसोसिएशन के संयोजक अश्विनी शुक्ला एवं प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, कुलदीप शुक्ला, कन्हैया, श्यामानुज पाण्डेय, अवनीश, ऋषभ, आयुष मिश्रा, सुशील सहित रजनीश सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। आयोजक संतकुमार त्रिवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने शुक्रवार को गोंदलामऊ विकास खंड के ब्रम्हावली गांव में स्थित नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक तथा बालिका छात्रावास भवन का गहन निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कक्षा कक्षों, छात्रावास के कमरों, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, रसोईघर तथा सुरक्षा प्रबंधों को बारीकी से देखा। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते हुए कार्यदायी संस्था को सभी मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल दूर करने के लिए संबंधित संस्था और अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने दो टूक कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 19.97 करोड़ रुपये रामगढ़ चीनी मिल ने किसानों के खातों में भेजे

सीतापुर। रामगढ़ चीनी मिल द्वारा 17 जनवरी से 23 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है। इस अवधि में कुल 19.97 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य सीधे किसानों को हस्तांतरित किया गया। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना यू.के. पाठक ने किसान भाइयों से अपील की कि वे पर्ची के अनुसार ही गन्ने की आपूर्ति करें तथा अगोला, जड़, मिट्टी और पत्तियों को साफ कर ताजा व साफ-सुथरा गन्ना ही मिल में भेजें। उन्होंने कहा कि गन्ने के बंडल सूखी पत्तियों से बांधे जाएं और वाटर शूट व भदेड़ा को अलग कर पशुचारे में प्रयोग करें। साथ ही किसानों से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई करने की अपील की गई। डालमिया रामगढ़ चीनी मिल प्रबंधन ने बताया कि 31 को सामान्य साफ-सफाई के चलते मिल सुबह 6 बजे से शाम 9 बजे तक बंद रहेगी।

संक्षेप

## ट्रक की टक्कर से हुई मौत में एफआईआर दर्ज

**ललितपुर (वीओएल)।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पटौवा में रहने वाले हीरालाल पुत्र मगनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 जनवरी को उसका बड़ा पुत्र राजेन्द्र कुमार पाल कुछ काम से बिरधा के बाजार आया था। काम समाप्त कर बिरधा से गांव जाते समय शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच नेशनल हाई-वे 44 को पार करते समय ललितपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने राजेन्द्र पाल की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 सी 1497 को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राजेन्द्र को 1033 के जरिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सक ने राजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ई-रिक्शा, बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** थाना बिसंडा क्षेत्र के हस्तम गाँव के पास बिसंडा की ओर से आ रहे ई-रिक्शा व बाइक चालक की सीधी टक्कर हो गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने बिसंडा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से घायल युवक को जिला अस्पताल भेज दिया। घायल की गम्भीर हालत देखकर चिकित्सिक ने उसे कानपुर रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने बताया कि वह पांच पुत्रो में सबसे छोटा पुत्र था। जानकारी मिलने के बाद थाना बिसंडा के उपनिरीक्षक ने पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तीमारदार ने डॉक्टर पर किया हमला, केस दर्ज

**ललितपुर (वीओएल)।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बारौन में रहने वाले डा.बृजकिशोर पुत्र किशनलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जिला अस्पताल में नियुक्त है। आरोप है कि बीते रोज वह अस्पताल की इमरजेंसी में ईएमओ पद पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी एक मरीज आया, उसके साथ तीन लोग भी तीमारदार के रूप में आये, जिनके साथ एक बच्चा बीमार था। हालत गंभीर होने के कारण वह उसका उपचार कर रहा था। इसी बीच उन्होंने मदद के लिए कॉल पर बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह ले रहा था, तभी मरीज को बेहतर उपचार के लिए उन्होंने बात की, तभी किसी बात को लेकर तालबेहट के हर्षपुर निवासी शिवम यादव पुत्र फारसी उसके साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि गाली-गलौज होते देख इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गयी, जिससे मरीजों का इलाज बाधित हो गया और इमरजेंसी का कार्य कुछ समय के लिए पूर्ण रूप से बाधित हो गया। डाक्टर ने बताया कि उसकी गरिमा को काफी छति पहुंची है। पुलिस ने डाक्टर की तहरीर पर शिवम यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 121 (1), 132, 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 12 पदों पर सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण

**अयोध्या।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद अयोध्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 12 रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही आनलाइन मोड में पोर्टल के माध्यम से संचालित है, जिसमें आवेदन करने की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर 2025 निर्धारित थी। उपरोक्त पदों पर चयन हेतु वरीयता प्राप्त अभ्यर्थिनियों के अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 27 जनवरी को विकास भवन स्थित सभागार में पूर्ण किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक 28 जनवरी को सम्पन्न हो चुकी है, जिसमें सत्यापन के परिणाम को पंचायत भवनों पर चस्पा करने और आपत्ति की दशा में 04 फरवरी तक आपत्तियां प्राप्त करते हुए व उनका परीक्षण तथा अन्तिम सूची पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश के क्रम में सत्यापन सूची विकास खण्ड मसौधा के जगदीशपुर ग्राम सभा, डाभासेमर ग्राम सभा, पोरा ग्राम सभा, विकास खण्ड तारून के बैसूपाली, विकास खण्ड मवई के पूरे कामगार, विकास खण्ड सोहावल के सोहावल तथा पूरे उमराव ग्राम सभा, विकास खण्ड बीकापुर के बैंतीकला ग्राम सभा, विकास खण्ड रुदौली के कोटरा, विकास खण्ड पूराबाजार के सहनवा ग्राम पंचायत भवनों पर सूची जनवरी को चस्पा कर दिया गया है।

# घर के अंदर बुलाकर चाकुओं से गोदकर व्यापारी की नृशंस हत्या

**ललितपुर (वीओएल)।** नगर में शुक्रवार की सुबह एक व्यापारी युवक की घर बुलाकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मो. मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार और कोतवाली पुलिस दलबल सहित जिला अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना करते हुये जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला छत्रसालपुरा में रहने वाले हरी पटवा ने कटरा बाजार स्थित एक दुकान का सौदा नझाई बाजार में रहने वाले प्रेम अग्रवाल पुत्र मुरलीधर अग्रवाल के साथ किया था। कई वर्षों पहले हुये दुकान के इस सौदे में तत्समय के अनुसार प्रतिफल प्रेम अग्रवाल को दिया गया था, लेकिन तत्समय दुकान की रजिस्ट्री नहीं करायी गयी थी। इस पर हरी पटवा ने बाद में रजिस्ट्री कराने की बात कही थी। चूंकि कुछ वर्षों पहले हरी पटवा का निधन हो गया था, लिहाजा उनके पुत्र इस दुकान की रजिस्ट्री कराने की तैयारी में थे। इस बात को प्रेम अग्रवाल व उनका पुत्र राकेश अग्रवाल उर्फ प्रकाश ने टालना शुरू कर दिया। लम्बे समय तक रजिस्ट्री कराने की बात को टाले जाने से आहत हरी पटवा का छोटा पुत्र 35 वर्षीय कृपासागर पटवा अपने पत्नी 32 वर्षीय रजनी व भाई को साथ लेकर 30 जनवरी शुक्रवार की सुबह करीब 11.30 बजे नझाई बाजार स्थित प्रेम अग्रवाल के घर जा पहुंचा, जहां राकेश उर्फ प्रकाश उसे मिला। घर के एक कमरे में बैठकर सभी दुकान की रजिस्ट्री कराने की तारीख को लेकर वार्ता कर रहे थे। इसी बीच राकेश उर्फ प्रकाश ने कृपासागर पटवा को दूसरे कमरे में बुलाया। दूसरे कमरे में जैसे ही कृपासागर पहुंचा तो राकेश अग्रवाल अचानक से उस पर हमलावर हो गया और धारदार चाकू से पहले गर्दन पर प्रहार कर दिया और दूसरा हमला करते हुये उसने चाकू सीधा पसलियों के बीच से सीने में उतार दिया। चीख-पुकार सुनकर दूसरे कमरे में बैठे कृपासागर का भाई डब्बू पटवा व पत्नी रजनी भी मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने कृपासागर पटवा को रक्त रंजित अवस्था में देखा। इसी बीच कृपासागर निढ़ाल होकर जमीन पर गिर पड़ा। डब्बू पटवा का आरोप है कि कृपासागर को मारने के बाद राकेश उर्फ प्रकाश ने उसे उठाकर सड़क पर फेंक दिया। यह मंजर देखकर वहां लगने वाली सब्जी मण्डी में आये लोग भी सन्न रह गये। घटना के बाद लोग तत्काल कृपासागर को उठाकर जिला अस्पताल की ओर भागे, यहां पहुंचने पर अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने कृपासागर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल राकेश अग्रवाल के नझाई बाजार स्थित आवास पर पहुंच कर मौके को सील कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के भाई डब्बू पटवा से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। इस दौरान एसपी मृतक के भाई को सांत्वना देते हुये भी नजर आये। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की बारीकी से कागजातों में जांच की। इस घटना से पूरे शहर में हड़कम्प मचा रहा। वहीं जिला अस्पताल में कटरा बाजार समेत शहर भर के व्यापारी नेता भी पहुंचे, जिन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया।

**दुकान की रजिस्ट्री कराने को लेकर हुई वारदात**
**मृतक की पत्नी व बड़ा भाई मौके पर था मौजूद**

# हिन्दू करें कुरीतियों में सुधार तभी बनेगा हिंदू राष्ट्र



**बांदा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आग्रह पर बांदा आए। यहां पहुंचने के बाद उनका काफिला सीधे विधायक के खुरहण्ड स्थित आवास पहुंचा और उन्होने विधायक के साथ भगवान शंकर कैलाशेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

धीरेन्द्र शास्त्री मंदिर में चल रहे सुंदरकाण्ड पाठ में भी शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ मंच पर हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास मौजूद रहे। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिन्दू एक बात लिख लें, मुसलमानों को गाली देकर भारत हिन्दू राष्ट्र नही बनेगा, उन्होने कहा कि हिन्दुओं को अपनी कुरीतियों में सुधार करना होगा, तभी भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा। कहा कि उनके यहां तो कटना ही कटना है। जहां देखो, वहां कटना है। भगवान ही बचाए हमें कुछ बोलना नही है, नही तो दंगा हो जाए। अगर हो भी जाए तो ठठरी। एक वो हैं, उनके यहां तीन बार हू....हू....हू.... और तलाक। हिन्दुओं में जब तक 20 से 25 बार अदालत में पेशी न हो जाए तब तक तलाक नही होता। उनमें कोई बुराई नही है, अच्छी बात है उनका अपना-अपना है। कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि हमारा काम है दर पर जाना, उनका काम है बिगड़ी बनाना और परमात्मा का काम है सब कुछ संभालना।

कहा एक बात याद रखना यदि तुम भगवान पर भरोसा रखोगे तो वह कभी तुम्हारा भरोसा टूटने नही देगा। अगर तुम बीच में अलीउल्लाह वालों के पास चले जाओ, चादर चढ़ाने लगो, कैंडिल जलाने लगो और फिर कहो कि हनुमान जी कृपा नही कर रहे तो क्या हनुमान जी तुम्हारे अंकल हैं, जब चाहो कृपा करेंगे या तो पूरी तरह भगवान पर छोड़ दो, अथवा फिर सच में ही भगवान पर ही छोड़ दो।

पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की झलक पाने के लिए भारी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालुओं का हुजूम सवेरे से ही खुरहण्ड पहुंच गया था।

## दहेज हत्या के आरोपी पति व ससुर को 10 वर्ष की कैद

बांदा। दहेज हत्या के मामले में पति व ससुर को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने शुक्रवार को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अन्य धाराओं मे सजा व 4-4 हजार रुपएं अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पैलानी थाना क्षेत्र के हरबंशपुरवा मजरा सिंधनकला निवासिनी चुनकी पत्नी सौखीलाल ने क्षेत्राधिकारी बबेरू को तहरीर देकर कहा कि उसने अपनी पुत्री सोनम देवी की शादी वर्ष 2019 मे मरका थाना क्षेत्र के कबीरपुर निवासी दिनेश पुत्र राजकरन निषाद के साथ की थी। हिंदू रीति रिवाज के साथ दान दहेज एवं नगदी व एक भैंस देकर पुत्री को बिदा किया था। शादी के बाद ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज मे 1 लाख रूपया व मोटर साईकिल की मांग करने लगे और कहने लगे कि लडका धंधा करेगा। उसने आरजू मिन्नत कर और दहेज देने मे असमर्थता जतायी लेकिन ससुरालीजन उसकी पुत्री सोनमदेवी को दहेज के लिए मार पीटकर प्रताड़ित करते रहे। 16 फरवरी 2021 को उसकी पुत्री को मारा पीटा जिससे वह लहुलुहान हो गयी, जिसकी शिकायत थाना मरका मे की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। पुत्री को पति दिनेश, ससुर राजकरन, सास सुरजकली, संजय देवर दहेज लेने के लिए उसके साथ मारपीट करते रहे। 15 मई 2021 को दहेज लोभियो ने उसे फांसी पर लटका दिया। मुहल्ले वासियों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा, तब तक उसकी पुत्री जिंदा थी। पड़ोसी व उसका देवर अस्पताल ले गए। अधिक तबियत खराब होने के कारण 17 मई 2021 को हैलट अस्पताल मे भर्ती कराया। ईलाज के दौरान 21 मई 2021 को पुत्री की मौत हो गयी। विवेचक ने विवेचना के दौरान रिर्पोट मे नामजद सास व देवर के पक्ष मे एफआर लगा दी। केवल पति दिनेश व ससुर राजकरन के विरूद्व 4 दिसंबर 2021 को न्यायालय मे आरोप पत्र पेश किया। अदालत में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी ने सुनवाई के दौरान 7 गवाह पेश किए। पत्रावली मे उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने और दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस के बाद न्यायाधीश ने पति दिनेश, ससुर राजकरन निषाद को दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष की सजा सुनाई।

## परिवहन विभाग का प्रधानों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण



**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विकासखंड बबेरू में मास्टर ट्रेनर दिनेश गुप्ता ने ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि प्रधान ग्राम सभा में आम लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान परिवहन विभाग से यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर ने ग्राम प्रधानों को सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों की महत्ता के बारे में जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान 30 ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर ने यातायात पुलिस के साथ चेकिंग के दौरान नशे में वाहन चलाते मिले 10 वाहन चालकों का ड्रंकन ड्राइविंग के आरोप में चालान किया। बताते चलें कि शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह के चलते परिवहन विभाग लगातार यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ नियमों का पालन करने की नसीहत दी है।

## संविलियन विद्यालय सैदपुरी के बच्चों ने ऐप के माध्यम से किया शत- प्रतिशत निपुण

जिला संवाददाता ( vol )




**नगीना, बिजनौर।** संविलियन विद्यालय सैदपुरी महीचंद के क्लास 1-2 निपुण आकलन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान इस्माइलपुर बिजनौर के प्रशिक्षुओं द्वारा विधिवत बच्चो का निपुण आकलन ऐप के माध्यम से आकलन किया गया। जिसमें शतप्रतिशत बच्चे निपुण हुए। मुख्याध्यापक मुकेश कुमार ने विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक और ब्रह्मपाल सिंह ने अपने प्रयासों से बच्चों को निपुण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय को निपुण बनाने के लिए विभागीय निदेर्शानुसार गतिविधियों को करते हुए शिक्षण किया गया। बच्चों ने भी उत्साह से विद्यालय में भाग लिया और अपने शैक्षिक स्तर पर सफलतापूर्वक निपुण हुए। इस अवसर पर विद्यालय को गुब्बारों और रंगोली से सजाया गया था, जो कि बच्चों के लिए एक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव था। विद्यालय के मुख्याध्यापक मुकेश कुमार ने सभी शिक्षकों और बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता रहेगा। श्रीमती रंजना रानी,गिन्नी , अलिंद्र कुमार,मोनिका राजपूत, मनोज कुमार, रीता रानी और मोहन के द्वारा विद्यालय विकास में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

# एसआईआर आपत्ति के निस्तारण कार्य में बीएलओ तेजी से काम करें: डीएम

जिला संवाददाता ( vol )



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों पर सुनवाई का कार्य जारी है।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्वाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है तथा उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जिला बिजनौर की आठों विधानसभा क्षेत्र में फार्म 6-66695, फॉर्म 7-2384 तथा फार्म 8-28039 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निदेर्शों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे साथ ही दावे और आपत्तियों के निस्तारण के कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकताओं को क्रियाशील करें ताकि एस आई आर के कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से काजी आतिफ आदि मौजूद रहे।

## पड़ोस में किराए से रहने वाले युवकों पर हमले का आरोप

ललितपुर (वीओएल)। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रावतयाना ग्राम पनारी टपरियन में रहने वाली गीता पटेल पत्नी शंकर सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि आशीष पटेल व लव, धर्मेंद्र मकान में किराये से रहते हैं। आगे बताया कि शाम के समय जब वह छत पर सूख रहे कपड़े उठाने के लिए गयी तो उसने देखा कि दो-तीन लड़के सामने वाली छत पर घूम रहे थे, जो कि उसे देखकर गालियां देने लगे। बताया कि 26 जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे शाम को आशीष पटेल द्वारा अपने मित्र शक्ति राजा पुत्र भरत सिंह निवासी चैकाबाग, आशीष निवासी भौंरट व लव नाम के लड़के ने उसके साथ गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। पीड़िता ने जैसे तैसे घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचायी। बताया कि मामले का वीडियो रिकॉर्ड उसके पास मौजूद है। आरोप लगाया कि उक्त लोग घर में लड़की लाते हैं और रोकने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# एसडीएम व सीओ ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए किया निरीक्षण

जिला संवाददाता ( vol )



**नगीना, बिजनौर।** महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद हो गया है। एसडीएम विजय शंकर व सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुवेर्दी ने थाना प्रभारी अवनीत मान के साथ कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया और प्रशासन व पुलिस ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस, नगर पालिका व बिजली से संबंधित विभागों के कर्मचारियों को साथ लेकर क्षेत्रांतर्गत कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आगामी कांवड़ यात्रा को सही व सुरक्षित रूप से सम्पन्न करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुवेर्दी, थाना प्रभारी अवनीत मान, नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक इफ्तिखार जैदी को साथ बीती शाम बढ़ापुर रायपुर तिराहे बाईपास से लेकर नगर क्षेत्र के श्री कृष्ण गौशाला सैयदवाडा, पहाड़ी दरवाजा बाजार, साहुवान बाजार, खोखरन्नाथ जी मंदिर, जामा मस्जिद चैक, बारादरी बाजार, श्री मुक्तेश्वर नाथ जी मंदिर, मोहल्ला बिश्नोई सराय, तक कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कावड मार्गों में हो रहे गहरे गहरे गढ्ढो को तत्काल मरम्मत करने मार्गो पर विशेष सफाई और लाइट व्यवस्था कराई जाने वी जगह जगह लटके तारों को ऊंचा करने शख्त निर्देश दिए। एसडीम विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि शिव भक्त कावड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुवेर्दी, थाना प्रभारी अवनीत मान को शिव भक्त कांवरियों की सुरक्षा हेतु कावड़ मार्गो पर पुलिस टीम की ड्यूटी लगाने ओर गस्त बढ़ाने को कहा,, साथ ही आगामी धार्मिक त्योहारों के समय विशेष रूप से सतर्कता बर्तने के आदेश दिए।

## 300 से अधिक मरीजों का होगा निः शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन




**ललितपुर (वीओएल)।** सामाजिक सरोकार की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस द्वारा शुक्रवार को एक विशाल निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और जरूरतमंद लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जांच शिविर में 500 से अधिक मरीजों ने अपनी आंखों का परीक्षण करवाया। जांच के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए 300 से अधिक मरीजों का चयन किया गया है। इन सभी का निशुल्क ऑपरेशन 31 जनवरी और 1 फरवरी को संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में कंपनी के बिजनेस हेड आशीष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मरीजों और उनके तीमारदारों को संबोधित करते हुए आशीष सिंह ने कहा कि कंपनी की ग्रोथ का एक मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस अपने मुनाफे का एक हिस्सा सामाजिक कार्यों में निवेश करती है, ताकि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। शिविर के उपरांत स्थानीय होटल में कंपनी की एक महत्वपूर्ण बिजनेस मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग से पूर्व आयोजित पत्रकार वार्ता में बिजनेस हेड ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुये कम्पनी की नीतियों एवं सीएसआर के तहत कराये गये जा रहे जनहितैषी कार्यो के बारे में जानकारियां साझा कीं। उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला जिनमे बीमा की अनिवार्यता सरल भाषा में समझाते हुए उन्होंने बताया कि अनिश्चितताओं के दौर में बीमा क्यों जरूरी है। कंपनी का बढ़ता कारवां उन्होंने कंपनी की विकास दर और भविष्य की योजनाओं की बारीकी से जानकारी दी। पत्रकारों के हर तकनीकी और व्यापारिक सवाल का उन्होंने बिंदुवार उत्तर दिया।

## जल अर्पण कार्यक्रम पूरे प्रदेश के लिए रोड मॉडल बनेगा : स्वतंत्र देव सिंह




**महोबा।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखण्ड कबरई के ग्राम लिलवाही में उत्तर प्रदेश का चौथा जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम में पानी की आपूर्ति की पूरी व्यवस्था ग्रामीण स्वयं संभालेंगे एवं जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे, जिसका नेतृत्व ग्राम प्रधान के द्वारा किया जायेगा। दिनांक 30 जनवरी 2025 को जल अर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह रहे। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गुमार गोस्वामी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोइनुल इस्लाम, मुख्य अभियंता जल निगम झांसी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम संदेश सिंह तोमर, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे। मंत्री जी द्वारा जल अर्पण दिवस समारोह की शुरूआत प्रभात फेरी निकाल कर की गयी। जिसमें माननीयों द्वारा ग्राम में लगे नल कनेक्शन का निरीक्षण किया गया एवं पानी की गुणवत्ता जांच की एवं लोगों को विश्वास दिलाया कि टंकी का पानी बिल्कुल शुद्ध है इसे पीने के लिये प्रयोग करें तथा व्यर्थ में न बहायें। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी जी की प्राथमिकता में लिलवाही ग्राम से शुरू हुआ यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश के लिये रोड मॉडल बनेगा। प्रदेश के हर ग्राम में चरणबद्ध तरीके से जल अर्पण कार्यक्रम कराना प्रस्तावित है।

# एमएलए कप 2026: सिरसी एलेवन, देवरान और लवकुश क्लब ने जीते अपने मैच



**ललितपुर (वीओएल)।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में शुक्रवार को हुये मैचों तीन टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहले मैच में रजवारा एलेवन व सिरसी एलेवन के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये रजवारा एलेवन ने 12 ओवर खेलते हुये 87 रन का लक्ष्य रखा। बल्लेबाजी के लिये उतरी सिरसी एलेवन ने दस ओवर में 5 विकेट खोकर 91 रन बनाकर जीत हासिल की। दूसरा मैच देवरान क्रिकेट क्लब व किसान क्रिकेट क्लब मड़ावरा के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये देवरान क्रिकेट क्लब ने 12 ओवर आठ विकेट खोकर 122 रन बनाये। किसान क्रिकेट क्लब मड़ावरा ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन बनाकर हार गयी। तीसरा मैच लवकुश क्रिकेट क्लब व बजरंग क्लब मड़वारी के बीच खेला गया। पहले खेलते हुये बजरंग क्लब मड़वारी ने 12 में 9 विकेट खोकर 85 रन बनाये। लक्ष्स्य का पीछा करते हुए लवकुश क्रिकेट क्लब ने 9 ओवर 4 गेंदों में 6 विकेट खोकर 91 रन का बनाकर जीत हासिल की है। अतिथि के रूप में प्रधान संघ अध्यक्ष अनुपम चैबे, प्रेमरानायण कुशवाहा उपस्थित रहे। गेंदबाजी, बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जितेन्द्र, आनंद पंडा, देवेन्द्र को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाडियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मोहन पेंटर, अभिषेक सोनी, दीपेश राय, धमेंद्र परमार, अनुराग कंचन, विपिन निरंजन, सतपाल यादव, देशपत कुशवाहा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## ललितपुर में श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का दिव्य आगमन आज

**ललितपुर (वीओएल)।** भगवान श्रीसत्य साई बाबा के सार्वभौमिक संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने हेतु श्रीसत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का ललितपुर जनपद में भव्य एवं दिव्य आगमन 31 जनवरी 2026 (शनिवार) को सायं 5 बजे होटल आर्यन इन में होगा। यह रथ यात्रा प्रेम, करुणा, सद्भाव और निरूस्वार्थ सेवा पर आधारित एक व्यापक आध्यात्मिक जन जागरण अभियान है। श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सत्य साई बाबा ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से मानवता की एकता, सार्वभौमिक प्रेम और निरूस्वार्थ सेवा का मार्ग दिखाया। उनका संदेश धर्म, जाति और पंथ से ऊपर उठकर सम्पूर्ण मानव समाज को जोड ? का है। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा इसी दिव्य दर्शन को मूर्त रूप देते हुए हृदय से हृदय तक प्रेम की ज्योति प्रज्वलित कर रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को तालबेहट में रथ का आगमन 01 बजे होगा। इसके बाद तालबेहट नगर भ्रमण करता हुआ रथ बमोरी सर तेरई फाटक एवं बांसी में स्वागत के उपरांत 5 शाम को होटल आर्यन के सामने पहुंचेगी, यहां से रथ यात्रा इलाईट चैराहा साई मंदिर सत्यनारायण मंदिर होते हुए अग्रवाल रेजिडेंसी पहुंचेगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने खेलकूद वार्षिकोत्सव का किया शुभारंभ



**महोबा।** समग्र शिक्षा योजनांतर्गत पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में खेलकूद वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कबूतर उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्साकसी आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दूसरी और इसी मौके पर वन्यजीव संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली समस्त छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें आल्हा गायन, देशभक्ति नृत्य एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित नाटक प्रमुख रहे तथा गाइड छात्राओं ने बैंड धुन बजाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस मौके विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# ट्रंप का पीस बोर्ड

अपनी करतूतों से दुनिया में अशांति, अस्थिरता और भय का महौल पैदा करने वाले अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए पीस बोर्ड बनाया है। नाम इसका भले पीस बोर्ड उन्होंने रखा है लेकिन वास्तव में ट्रंप ने खुद को इसका आजीवन अध्यक्ष बनाकर और अपने परिजनों को शामिल कर एक तरह उन्होंने 20 जनवरी 2029 के बाद अपने कॅरियर को विस्तार देने का प्रयास किया है। मजे की बात यह है कि इसमें शामिल होने के लिए एक अरब डॉलर की फीस भी रखी है। यह एक तरह से वसूली है। पीस बोर्ड के नाम से ट्रंप उगाही करेंगे और मनमाने तौर पर खर्च करेंगे। इसीलिए अमरीकी ट्रंप ने जिस बोर्ड ऑफ पीस (शांति बोर्ड) की स्थापना की है, उसमें अभी तक वे 19 देश शामिल हुए हैं, जो अमरीका की चापलूसी करने को बाध्य हैं। अलग-अलग कारणों से अमरीका के मोहताज हैं। अमरीका ही उन्हें सुरक्षा की गारंटी देता है और वह ही आर्थिक मदद करता है। 19 में से 12 देश इस्लामिक हैं। उनमें पाकिस्तान ने भी शांति बोर्ड की सदस्यता के लिए दस्तखत किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जब प्रारूप पर दस्तखत किए, तो सीडीएफ आसिम मुनीर भी सामने बैठे थे। अब इस फैसले के खिलाफ पाकिस्तान में जेहाद के नारे बुलंद किए जा रहे हैं। इसके कुछ खास कारण हैं। पाकिस्तान अभी तक इजरायल को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता। वह फिलिस्तीन का समर्थक रहा है, लेकिन अब पाकिस्तान के 4000 फौजियों को गाजा क्षेत्र में इजरायल सेना के नेतृत्व में काम करना पड़ेगा। ट्रिगर इजरायल के हाथ में होगा और लड़ने-मरने वाले मुस्लिम फौजी होंगे। पाकिस्तान के मुस्लिम फौजियों को फिलिस्तीन, गाजा, हमास के मुसलमानों पर ही गोली चलानी पड़ेगी। जाहिर है कि मुसलमान ही मुसलमान का कत्ल करेगा। अहम



और बुनियादी कारण यह है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद को विश्वास में क्यों नहीं लिया? संसद की इजाजत के बिना इतना अहम फैसला कैसे ले लिया गया कि पाकिस्तान के 4000 फौजी गाजा में सक्रिय रहेंगे। उन्हें 1000 डॉलर प्रति सैनिक का मेहनताना मिलेगा, वह 40 लाख डॉलर की राशि सीडीएफ आसिम मुनीर हासिल करेगा। फौजियों को जो देना होगा, वह हुकूमत तय करेगी। फौजी की मौत के बाद पर्याप्त मुआवजा और सम्मान राशि कितनी होगी और कौन देगा, यह अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उस पर भी मुनीर की गिद्ध दृष्टि है। पाकिस्तान में कट्टरपंथी जमात इसे इस्लाम-विरोधी फैसला बता रही है। खासकर सीडीएफ मुनीर के खिलाफ फतवे जारी किए जा रहे हैं। अवाम का मानना है कि शहबाज-मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के सामने दंडवत आत्म समर्पण कर दिया है, क्योंकि पाकिस्तान को पैसा चाहिए। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान को कर्ज देने से इनकार कर दिया है। चीन अपने उधार दिए गये कर्ज को वापस मांग रहा है। यदि आईएमएफ और विश्व बैंक से आर्थिक पैकेज की अपेक्षा करनी है, तो अमरीका ही एकमात्र सहारा है। राष्ट्रपति ट्रंप के इशारे पर ही पाकिस्तान को नया कर्ज मिल सकता है। पाकिस्तान पर फिलहाल 130 अरब डॉलर के करीब कर्ज है। पाकिस्तान के हरेक नागरिक पर औसतन 3,63,831 पाक रुपये कर्ज बैठता है। करीब 50 फीसदी अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। भारत से करीब 25 गुना अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। अवाम में जेहाद के नारों के साथ मुनीर की वर्दी उतारने के नारे भी गूंज रहे हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सरीखा संगठन भी भड़क उठा है और आत्मघाती हमलों की धमकियां दे रहा है। वैसे अभी शांति बोर्ड की सदस्यता निशुल्क है, लेकिन स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर की फीस अदा करनी होगी। अब अगर ट्रंप की चापलूसी में पाकिस्तान एक अरब डॉलर की फीस देता है तो यह एक तरह से 'घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने' वाली हरकत होगी। जबकि फ्री की सदस्यता पर ट्रंप कोई महत्व नहीं देगा।

## विचार

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुअर.

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

–बाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

–प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

# अजीत पवार के बाद महाराष्ट्र की सियासत

डॉ. अनिता राठौर

कुछ दिन पहले शिव सेना (उद्धव) के नेता संजय राउत ने संकेत दिये थे कि महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार वापस शरद पवार की एनसीपी में लौट आयेंगे। दोनों एनसीपी के विलय की संभावनाएं 5 फरवरी 2026 को जिला परिषद के चुनाव के बाद प्रबल दिखायी दे रही थीं, विशेषकर इसलिए कि दोनों ने हाल के महाराष्ट्र निकाय चुनाव मिलकर लड़े थे। लेकिन अब एक विमान हादसे में अजित पवार की मौत ने दोनों एनसीपी गुटों के विलय की संभावना को जटिल बना दिया है। दोनों एनसीपी गुटों के सदस्य दुःख में तो एकजुट हैं, लेकिन राज्य की राजनीति को मद्देनजर रखते हुए, जहां दोनों गुट प्रतिद्वंदी खेमों में हैं, अजित पवार की अनुपस्थिति में विलय कठिन प्रतीत हो रहा है क्योंकि अपने गुट की प्रेरक शक्ति वह ही थे। एनसीपी में 2023 के विभाजन ने पवार परिवार को भी विभाजित कर दिया था, लेकिन बुधवार की त्रासदी ने परिवार को तो एक साथ ला दिया है, फिर भी जब एनसीपी के विलय की बात आती है तो सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि परिवार के सदस्य क्या रुख अपनाते हैं।

अजित पवार बुधवार (28 जनवरी 2026) की सुबह मुंबई से 8-सीटों वाले लेअरजेट 45 में बारामती जिला परिषद चुनाव के संदर्भ में जा रहे थे, जहां उनकी चार सभाएं निर्धारित थीं, लेकिन यह प्राइवेट जेट सुबह 8:45 पर जब बारामती एयरपोर्ट पर लैंड कर रहा था तो रनवे से नीचे उतर गया और क्रेश कर गया। जेट में जबरदस्त विस्फोट हुआ और अजित पवार सहित 5 सवारों का निधन हो गया, जिनमें दो पायलट, एक फ्लाइट अटेंडेंट और एक व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी भी शामिल थे। हादसे का कारण जेट में ग्लिच (गड़बड़) व सुबह के समय कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम होना बताया जा रहा है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ने जांच आरंभ कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि प्राइवेट ऑपरेटर वीएसआर वेंचर का जेट जब नीचे उतर रहा था तो उसके पंख अचानक तेजी से लेफ्ट को रोल कर गये, क्रेश होने से पहले, जो तकनीकी खराबी की ओर संकेत

> बीजेपी के साथ सरकार में रहने के बावजूद अजित पवार ने अपने धर्मनिरपेक्ष मूल्यों व शिवाजी, फूले, अम्बेडकर व शाहू पर अपने विचारों से कभी कोई समझौता नहीं किया। इसलिए उनके समर्थकों में उनकी छवि कभी प्रभावित नहीं हुई।



करते हैं। क्रू ने मे डे कॉल नहीं की थी। मे डे कॉल का अर्थ है अत्यधिक आपात स्थिति या गंभीर संकट। यह विमान या समुद्री जहाजों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय सिग्नल है, जो तत्काल सहायता की गुहार लगाने के लिए प्रयोग किया जाता है, जैसे इंजन फेल होना, आग लगना या जीवन के लिए सीधा खतरा। पिछले ढाई वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में दिल्ली की कंपनी वीएसआर वेंचर प्राइवेट लिमिटेड के विमान दूसरी बार दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। सितम्बर 2022 में एक लेअरजेट मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड करते हुए क्रेश हो गया थो हालांकि उस दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई थी, लेकिन अभी तक इसकी अंतिम जांच रिपोर्ट आना शेष है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार रिपोर्ट अभी तक आ जानी चाहिए थी। अगर एक ही ऑपरेटर के विमान बार बार दुर्घटनाग्रस्त होते हैं तो उसके प्रशिक्षण मानकों व सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा वैश्विक स्तर पर अधिक बारीकी से की जाती है।

बहरहाल, अजित पवार की मौत से महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर हंगामी हो गई है। अजित पवार के जाने से राज्य की सियासत में एक खालीपन अवश्य आया है, लेकिन भविष्य को लेकर अनगिनत सवाल भी खड़े हो गये हैं, जैसे एनसीपी का नेतृत्व कौन करेगा, एनसीपी की राज्य सरकार में क्या पोजीशन रहेगी और अजित गुट व शरद गुट के संभावित विलय का भी प्रश्न है। ऐसा मुश्किल ही लगता है कि पिछले साल अप्रैल में रिटायरमेंट लेने के बाद शरद पवार फिर से राज्यसभा के सदस्य बनेंगे इसके अतिरिक्त शरद पवार ने अपने राजनीतिक जीवन में अभी तक बीजेपी के साथ सीधे गठजोड़ से अपने आपको दूर ही रखा है। अस्सी के दशक में उनकी सोशलिस्ट कांग्रेस प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक फ्रंट का हिस्सा अवश्य थी, जिसमें बीजेपी भी शामिल थी, लेकिन यह स्पष्ट है कि प्रगतिशील विचारों के अनेक कार्यकर्ता उनके साथ केवल इसलिए हैं क्योंकि उनका रुख हमेशा से ही बीजेपी के विरोध में रहा है।

## महाराष्ट्र

हाल में सम्पन्न हुए नगर निगमों के चुनावों में एनसीपी के दोनों गुटों ने पुणे व पिंपरी चिंचवाड़ में मिलकर चुनाव लड़े थे और उन्होंने अपना यह गठजोड़ इस समय चल रहे पुणे जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में भी जारी रखा। लेकिन अजित पवार के निधन ने दोनों गुटों को असमंजस में डाल दिया है कि चुनाव-संबंधी गठबंधन को जारी रखा जाये या 2029 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए विलय की ओर बढ़ा जाये। अगर विलय होता है तो क्या सुप्रिया सुले को कोई जिम्मेदारी केंद्र में दी जायेगी? इन प्रश्नों का उत्तर पाने के लिए अगले कुछ माह बहुत महत्वपूर्ण हैं और साथ ही यह भी जानने के लिए कि राज्य में अजित गुट का नेतृत्व कौन करेगो इस सिलसिले में बीजेपी की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

बीजेपी से हाथ मिलाने पर अजित पवार की जबरदस्त आलोचना हुई थी। वह एक वैचारिक संघर्ष था या मजबूरी? प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक सभाओं में अजित पवार पर 70,000 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया था और मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने उनके बारे में 'जेल में चक्की पीसिंग पीसिंग' का संकेत दिया था। फिर अचानक अजित पवार ने एनसीपी को दो फाड़ किया और बीजेपी से हाथ मिला लिया। इसके बाद उनके खिलाफ केंद्र व राज्य सरकारों और बीजेपी की तरफ से भ्रष्टाचार के आरोप लगना बंद हो गये। अजित पवार ने अपने एक करीबी पत्रकार मित्र को बताया था कि वह खुद तो ईडी व सीबीआई का सामना कर सकते थे लेकिन अपने बच्चों को जेल में जाता हुआ नहीं देख सकते थे, इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा थो संबंधित पत्रकार का यह बयान उनके यूटियूब चैनल पर मौजूद है। इसके अतिरिक्त अजित पवार का मानना था कि सत्ता में रहते हुए वह अपने चुनाव क्षेत्र व कार्यकर्ताओं के काम करा सकते थे इससे यह फार्मूला सामने आया कि विचारधारा से अधिक महत्वपूर्ण व्यवहारिक होना है। बहरहाल, 2024 के लोक सभा चुनाव में अजित पवार को जबरदस्त धक्का लगा जब वह केवल सीट (सुनील तटकरे) ही जीत सके और बारामती में उनकी पत्नी सुनेत्रा ताई सुप्रिया सुले से हार गईं पवार परिवार के राजनीतिक टकराव में यह उनके लिए बहुत बड़ा धक्का था, लेकिन विधान सभा चुनाव में सीटों के आधार पर तीसरे स्थान पाकर उन्होंने इसकी भरपाई कर ली।

बीजेपी के साथ सरकार में रहने के बावजूद अजित पवार ने अपने धर्मनिरपेक्ष मूल्यों व शिवाजी, फूले, अम्बेडकर व शाहू पर अपने विचारों से कभी कोई समझौता नहीं किया। इसलिए उनके समर्थकों में उनकी छवि कभी प्रभावित नहीं हुई। हालांकि शरद पवार ने कहा है कि अजित पवार की मौत का राजनीतिकरण न किया जाये, लेकिन जिस समय महाराष्ट्र की राजनीति नाजुक मोड़ पर खड़ी थी कि दोनों एनसीपी गुट विलय के कगार पर थे और अजित ने ठाणे में एकनाथ शिंदे के मेयर प्रत्याशी को समर्थन दिया हो, उस समय अचानक इस 'हादसे' के होने पर सवाल तो खड़े होते ही हैं। इसलिए ममता बनर्जी, उमर अब्दुल्लाह आदि ने सुप्रीम कोर्ट के जज द्वारा जांच कराने की मांग की है।

## सोशल मीडिया



कपिलवस्तु महोत्सव स्थल, सिद्धार्थनगर में कपिलवस्तु महोत्सव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर संबोधित किया और ट्राइसाइकिल वितरित की। केशव प्र. मौर्य

# अलौकिक सिद्धियां

हम प्रायः अलौकिक सिद्धियों एवं चमत्कार के बारे में सुनते रहते हैं। यह सब ईश्वर या फिर परम सत्ता के साथ मनुष्य आत्मा का एकाकार हो जाना है। जब ईश्वर का सानिध्य मिलता है तो मनुष्य का व्यक्तित्व पारस की तरह निखरता है। ब्रह्मज्ञान वह है- जिसमें परमात्मा की सम्पूर्ण सत्ता की व्याख्या को तो अचित्य नेति-नेति कह कर बौद्धिक असमर्थता प्रकट कर दी गयी है पर मनुष्य के साथ परमात्म सत्ता का जितना तालमेल बैठता है उस पर कई दृष्टियों से प्रकाश डाला जाता है। आत्मा के साथ परमात्मा का मिलन निस्संदेह लोहे और पारस के सम्पर्क में सोना बन जाने वाली किवदन्ती सच्चे अर्थो में सार्थक देखी जा सकती है। अमृत और कल्पवृक्ष के लाभ महात्म्य का जो अलंकारिक वर्णन मिलता है उसे परमात्मा के सान्ध्यि से मिलने वाली भौतिक तथा आत्मिक उपलब्धियों को देखते हुए अक्षरशः सही माना जा सकता है। सिद्धियों का चमत्कारी अलौकिकताओं का जो विवरण सधना ग्रंथों में मिलता है, उसे परमात्म सत्ता के साथ जीवात्म के सानिध्य सम्पर्क को सुनिश्चित प्रतिक्रिया कहा जा सकता है। ईश्वर प्राप्ति को जीवन लक्ष्य की पूर्ति पूर्णता में परिणित परम पुरुषार्थ परम लाभ आदि नामों से पुकारा जाता है। आत्मा को परमात्मा की उच्च स्थिति में विकसित कर लेने वाले व्यक्ति निस्संदेह नर रूप में नारायण कहे जा सकते हैं। उनकी विशेषताओं और विभूतियों का वारापार नहीं रहता। आस्था का तीसरा पक्ष है- सद्ज्ञान। इसे विचार विज्ञान कह सकते हैं। विचारों की प्रचण्ड शक्ति और उनकी प्रतिक्रियाओं से बहुत कम लोग परिचित होते हैं। तथ्य यह है कि हाड़ मांस के पुतले में जितना चेतन चमत्कार देखा जाता है वह सब विचार वैभव का ही परिणाम है। व्यक्तित्व की उत्कृष्टता, निकृटता मनुष्य की प्रतिभा, वरिष्ठता और सर्वतोमुखी दुर्बलता का मूल्यांकन किसी के विचारों का स्तर देख कर ही किया जा सकता है। सफलता और अफलता के कारण साधनों का, परिस्थितियों का नहीं, संकल्प शक्ति और व्यवस्था बुद्धि का ही प्रमुख महत्व रखता है। लोग गलत ढंग से सोचते हैं और गलत विचारों को अपनाते हैं। फलतःजीवन का स्वरूप और भविष्य दोनों की अंधकार से ढ़क जाते हैं। मस्तिष्क को जिस तरह सोचने की आदत है, उसका गुण-दोष के आधार पर विवेचन करते हुए मात्र औचित्य को अपनने की सहसिकता को मनस्विता कहते हैं। मनस्वी लोग ही जीवन का सच्चा आनन्द लेते हैं और दूसरों के श्रद्धा भाजन बनते हैं। स्वाध्याय और सत्संग द्वारा श्रेष्ठ विचारकों से सम्पर्क साधा जाता है और चिंतन, मनन द्वारा आंतरिक उत्कृष्टता को उभार कर उच्च स्तरीय निष्ठाओं पर आरूढ़ हुआ जाता है।

अंतर्दृष्टि

# संगीत के सुल्तान ओपी नैयर के सौ साल

**हालांकि फिल्म 'सीआईडी' 1956 में आयी थी, लेकिन उसका आइकोनिक गीत 'ए दिल है मुश्किल जीना यहां, जरा हटके, जरा बचके, ये है बॉम्बे मेरी जां' आज तक लोगों की जबान पर है, जिसे मजरुह सुल्तानपुरी ने लिखा था, संगीत ओपी नय्यर का था और गाया मुहम्मद रफी व गीता दत्त ने था।**



प्रतिबिंब ● शाहिद ए चौधरी

असाधारण प्रतिभा के धनी व विख्यात संगीतकार ओमकार प्रसाद नय्यर जो ओपी नय्यर के नाम से अधिक जाने जाते हैं, ने कभी भी लता मंगेशकर की आवाज का इस्तेमाल अपनी बनायी धुनों के लिए नहीं किया, यह अलग बात है कि लता की बहन आशा भोंसले की आवाज में उन्होंने सैकड़ों सदाबहार गीत रिकॉर्ड कराये। नय्यर लता को इतना नापसंद करते थे या उनका विरोध करते थे कि मध्य प्रदेश सरकार जो पुरस्कार लता के नाम पर देती है उसे भी उन्होंने लेने से इंकार कर दिया था। एक स्वतंत्र संगीतकार के रूप में ओपी नय्यर की पहली फिल्म 'आसमान' (1950) थी। इस फिल्म में लता को 'मोरी निंदिया' गाने के लिए अनुबंध किया गया था। राजू नामक व्यक्ति को लता को बुलाने के लिए भेजा गया ताकि गाने की रिकॉर्डिंग हो सके। लता ने राजू से मालूम किया कि संगीतकार कौन है? राजू ने जब नय्यर का नाम बताया तो लता, जो उन दिनों 'महल' (1949), 'अंदाज' (1949) व 'बरसात' (1949) की कामयाबी के कारण आसमान में उड़ रही थीं, ने कहा कि वह तो उन्हें जानती नहीं और वह हर किसी के साथ काम नहीं करतीं। राजू ने यही जाकर नय्यर को बता दिया और नय्यर ने कभी लता के साथ काम नहीं किया। नय्यर इतने तुनकमिजाज थे कि एक बार मुहम्मद रफी उनकी रिकॉर्डिंग के लिए लेट हो गये कि शंकर-जयकिशन की रिकॉर्डिंग में समय लग गया था, तो नय्यर ने उनके साथ भी काम करना बंद कर दिया था, जबकि रफी उनके पसंदीदा गायक थे। फिर जब दोनों एक जगह टकराये तो रफी ने उनसे देर से आने के लिए माफी मांगी तो नय्यर ने 'इतना बड़ा गायक अगर माफी मांगेगा तो मेरे पास विकल्प क्या है' कहते हुए रफी को माफ कर दिया, जबकि बताया यह भी जाता है कि रफी के बिना नय्यर की फिल्में सफल नहीं हो रही थीं, इसलिए उन्हें रफी की ओर लौटना पड़ा। लेकिन जो प्रतिद्वंदिता व कड़वाहट नय्यर और लता के बीच थी वह कभी समाप्त न हो सकी और दुनिया बेहतरीन धुनों व शानदार आवाज के संगम से वंचित रही।

लता की बहन आशा भोंसले के साथ नय्यर ने बहुत लम्बे समय तक काम किया, लेकिन इस संबंध का अंत भी कड़वाहट में हुआ और फिर इन दोनों ने भी कभी साथ काम नहीं किया। आशा व नय्यर की पहली मुलाकात 1952 में 'छम छमा छम' गीत की रिकॉर्डिंग पर हुई थी। उस समय तक आशा अपनी बड़ी बहन लता के साये में रहती थीं। नय्यर ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह अपना व्यक्तिगत रास्ता स्वयं बना सकती हैं। नय्यर के मार्गदर्शन में आशा ने अपनी स्वतंत्र व आकर्षक शैली विकसित की। कैबरे-शैली गायन में भी उन्होंने महारत हासिल की और उसमें प्रेम का भाव वह लेकर आयीं। नय्यर के संगीत निर्देशन में जो उन्होंने मुहम्मद रफी के साथ युगल गीत गाये वह सभी अपने समय में चार्टबस्टर थे। 'कश्मीर की कली' व 'तुमसा नहीं देखा' के गीत तो आज तक लोगों की जबान पर हैं। 'नया दौर' का युगल गीत 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' को कौन भूल सकता है, जिसमें तीनों नय्यर, रफी व आशा ने कमाल कर दिया था। लेकिन लम्बे प्रोफेशनल साथ के बावजूद 1972 में नय्यर व आशा कड़वी यादों के साथ एक दूसरे से अलग हो गये और फिर दोनों ने कभी भी साथ काम नहीं किया। दोनों का साथ अंतिम गीत 'चैन से हम को कभी आप ने जीने न दिया' था।



इस गीत के लिए आशा को 1974 में फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका का अवार्ड मिला था। नय्यर ने आशा की तरफ से यह अवार्ड स्वीकार किया, लेकिन उसे बाद में आशा को देने की बजाय रास्ते में ही फेंक दिया। अनुमान यह है कि दोनों के बीच भावनात्मक रिश्ता कायम हो गया था। नय्यर से अलग होने के बाद आशा का आरडी बर्मन के साथ गहरा पर्सनल व प्रोफेशनल रिश्ता रहा। बहरहाल, हमेशा सफेद कपड़ों व हैट के साथ सार्वजनिक स्थलों पर दिखायी देने वाले नय्यर का जन्म 16 जनवरी 1926 को लाहौर के एक पंजाबी परिवार में हुआ था। इसलिए यह उनका जन्मशती वर्ष है। संगीत में उन्होंने कभी औपचारिक ट्रेनिंग हासिल नहीं की थी, लेकिन उन्होंने अपनी एक विशिष्ट शैली विकसित की और वह पंजाबी रिदम को मुंबई की फिल्मों में लेकर आये। नय्यर ने संगीत की बारीकियां अपनी मां से सीखी थीं और वह घर में गाते थे, जिससे उनके पिता बहुत नाराज होते और कहते कि 'गाना मिरासियों का काम है'। एक दिन वह लोकगीत की धुनों व नृत्य में डूबे हुए मेले से देर रात को लौटे तो उनके पिता ने उनकी जमकर पिटाई की। लेकिन नय्यर तो संगीत में मस्त थे और वह अगले दिन फिर मेले में चले गये। अपने पिता के विरोध के बावजूद नय्यर ने लाहौर की संगीत सभा में भजन के लिए 10 रुपए का ईनाम जीता और वह रेडियो पर बाल कार्यक्रम में काम करने लगे। इससे परिवार का दबाव उन पर बढ़ने लगा और वह घर से भागकर पंजाब की एक नाटक कम्पनी में 15 रुपये मासिक पर संगीतकार हो गये।

नय्यर इतने तुनक मिजाज थे कि 1979 में अपने परिवार के चर्चगेट, मुंबई के मकान से अलग हो गये। पहले होटल में रहने लगे और फिर 1989 से विरार में गायिका माधुरी जोगलेकर के साथ रहने लगे। इसके बाद वह ठाणे में रानी नखवा व उनके परिवार के साथ पेइंग गेस्ट के रूप में रहने लगे। उन्होंने अपनी मय्यत में अपने परिवार की शिरकत पर प्रतिबंध लगा दिया था। दिल का दौरा पड़ने से 28 जनवरी 2007 को उनका निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में उनके परिवार का कोई सदस्य या बॉलीवुड का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि वह यादगार नगमें देने वाले महान संगीतकार थे और इसलिए भारत सरकार ने उनकी स्मृति में 3 मई 2013 को एक डाक टिकट जारी किया।

**नय्यर की सिग्नेचर धुनें**

हालांकि फिल्म 'सीआईडी' 1956 में आयी थी, लेकिन उसका आइकोनिक गीत 'ए दिल है मुश्किल जीना यहां, जरा हटके, जरा बचके, ये है बॉम्बे मेरी जां' आज तक लोगों की जबान पर है, जिसे मजरुह सुल्तानपुरी ने लिखा था, संगीत ओपी नय्यर का था और गाया मुहम्मद रफी व गीता दत्त ने था। पर्दे पर जॉनी वॉकर ने इस गीत को अपनी विशिष्ट अभिनय शैली से यादगार अवश्य बनाया, लेकिन यह केवल जॉनी वॉकर का गीत नहीं है बल्कि बॉम्बे का स्ट्रीट गीत है जो पचास के दशक के बॉम्बे की सैर करा देता है और वह भी तांगे पर। 'आर पार' के सभी आठों गीतों की जबरदस्त कामयाबी से फिल्मोद्योग में प्रमुख संगीतकार बनने वाले नय्यर की सिग्नेचर धुन घोड़े की तीन-बीट वाली चाल थी, जिसे उन्होंने न सिर्फ. 'नया दौर' के 'मांग के साथ तुम्हारा' गीत में इस्तेमाल किया बल्कि उनकी लगभग हर फिल्म में यह धुन सुनने को मिली। इसके अतिरिक्त नय्यर के संगीत में गजब की भावमय अक्सर देखने को मिलती और 'आइये महरबां' (हावड़ा ब्रिज) हिंदी फिल्मों का सबसे कामुक गीतों में शामिल है। उनके संगीत में कोमल रोमांस भी बड़ी मात्रा में मिलता है, मसलन, 'कश्मीर की कली' के गीत सुनिये।

## आप की बात

### गरीबी उन्मूलन

उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी निवारण के लिए अनेक प्रयास शुरू किये हैं जो कि जरूरी है। इससे गरीबी खत्म होगी। पहले भी कई योजनाएं संचालित हैं। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### प्राथमिक इलाज

अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज हो।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## मेंटेनेंस को लेकर हुई कार्यशाला

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के कंप्यूटर प्रोग्रामरों के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों की वेबसाइट मेंटेनेंस करने वाली संस्था ओमेगा टेली सॉल्यूशन द्वारा विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 30 जनवरी को किया गया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 25 कृषि विज्ञान केंद्रों के कंप्यूटर प्रोग्रामरों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रसार डॉ. आर. बी. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि विज्ञान केंद्रों की लगभग समस्त कार्यप्रणाली कंप्यूटर एवं डिजिटल गतिविधियों पर आधारित हो चुकी है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि केंद्रों से जुड़े वैज्ञानिक एवं कर्मचारी अपने डिजिटल ज्ञान, वेबसाइट संचालन तथा नवीनतम तकनीकी जानकारियों से निरंतर अद्यतन रहें। इससे न केवल केंद्रों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि किसानों तक सूचनाओं का समय पर प्रभावी प्रसार भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# न्याय महापंचायत में किसान संगठनों और कई दलों ने भरी हुंकार

जिला संवाददाता



अयोध्या। विभिन्न किसान संगठनों, विभिन्न दलों द्वारा गांधी पार्क में आयोजित न्याय महापंचायत में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चैधरी क्षेत्राधिकारी बीकापुर पीयूष, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकार सदर तथा थाना अध्यक्ष तारुन पहुंच कर निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही

**● लिखित समझौते के बाद समाप्त हुई न्याय महापंचायत**

न करने तथा अप्रत्यक्ष रूप से मुकदमा समाप्ति व अन्य समस्याओं के समाधान आश्वासन दिया तत्पश्चात न्याय महापंचायत समाप्त करने की घोषणा की गई। न्याय महापंचायत में विधायक सिराथू डॉ. पल्लवी पटेल, सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, अपना दल बलिहारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज पटेल, कांग्रेस पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,अजीत वर्मा सपा नेता विजय बहादुर वर्मा शोषित समाज दल के नेता महादेव वर्मा, रामकृपाल पटेल जनता दल यू नेता लव कुश पटेल भाकियू नेता अभय राज ब्रह्मचारी, शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे, फरीद अहमद, सूर्यनाथ वर्मा विकास वर्मा विवेक पटेल सरबजीत वर्मा महेंद्र वर्मा जगदीश यादव सहित दर्जनों नेताओं ने न्याय महापंचायत को संबोधित किया। वक्ताओं ने थाना तारुन तथा थाना हैदरगंज में धरना कारियों के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमे की वापसी तथा शिवकुमार वर्मा निवासी सोनोरा गाऊ पुर की जान माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग कर रहे थे न्याय महा पंचायत में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दलबल के साथ पहुंचकर अप्रत्यक्ष रूप से मुकदमा समाप्त करने निष्पक्ष विवेचना करके निदोर्षों को परेशान न करने तथा शिवकुमार वर्मा को शस्त्र लाइसेंस एक हफ्ते के अंदर जारी करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात न्याय महापंचायत समाप्त हो गई। न्याय महापंचायत में भारी संख्या में नर नारी किसानो ने भाग लिया और हुंकार भरी। और पुलिस प्रशासन को चेतावनी दिया है कि यदि किसी प्रकार से धोखा दिया गया तो मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। न्याय महापंचायत की अध्यक्षता बीकापुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मायाराम वर्मा तथा संचालन राष्ट्रीय लोक दल नेता राम शंकर वर्मा ने किया।

# बिना नक्शा स्वीकृत प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



जिला संवाददाता

सोहावल-अयोध्या।विकास प्राधिकरण में शामिल ग्राम पंचायतों में प्रापर्टी डीलरों द्वारा बिना स्वीकृति लिए की गई प्लाटिंग पर शुक्रवार को प्राधिकरण का बुलडोजर चला। चार

**● चार स्थानों पर कराई गई प्लाटिंग को किया गया ध्वस्त**

स्थानों पर कराई गई प्लाटिंग को प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। लगभग 1200 विसवा भूमि मुक्त कराई गयी। जिसकी बाजार कीमत 24 करोड़ आँकी जा रही है।

धन्नीपुर में मो. नईम रौनाही की 300 विसवा, मित्रसेन यादव कटरौली की 300 विसवा, मोहम्मद मोइनुद्दीन रौनाही 250 विसवा और मिर्जा जीशान सोहावल चैराहा 350 विसवा की प्लाटिंग पर चले बुलडोजर के सम्बन्ध में पूछे जाने पर ओएसडी विकास प्राधिकरण महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोहावल में इस तरह के लगभग 29 स्थान चिन्हित किये गये हैं। जहां बिना अनुमति लिए प्रापर्टी डीलरों ने जमीनों में खेल किया है। प्लाटिंग कर मनमाना बिक्री कर रहे हैं। अभियान अभी शुरू हुआ है। आगे भी इसे जारी रहना है। पहले दिन ही चार स्थानों से लगभग 1200 विसवा भूमि मुक्त कराई गई। जिसकी अनुमानित बाजार भाव से कीमत लगभग 24 करोड़ बताई गई है।

## एआरटीओ व पीटीओ की टीम ने किये 7 वाहन सीज, 95 चालान



बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने जनपद मे संचालित प्रदूषण जांच केंद्रो औचक निरीक्षण कया। निरीक्षण के दौरान सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने ओम साई सेवा संस्थान, ओम पर्यावरण समिति, चमन पर्यावरण वेलफेयर सोसाइटी, बाबा एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, श्री बालाजी सेवा समिति आदि प्रदूषण जांच केन्द्रो पर मान्यता से संबंधित लाइसेंस, ऑपरेटर का प्राधिकार पत्र को जांचा। तथा खामियां मिलने पर संचालकों को पत्रावलिया दुरस्त रखने की चेतावनी दी। तो वही नियमो का उल्लंघन कर सड़को पर फरार्टा भरने वालो के खिलाफ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने 2 वाहनो को सीज व 25 अन्य अभियोग मे चालान किये। इसी क्रम मे यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने विभिन्न मार्गो पर 4 ओवरलोड़ व 1 बिना फिटनेस के वाहन को सीज व 70 अन्य अभियोग मे चालान किये।

## पीड़ित ने शिकायत कर लगायी न्याय की गुहार

टिकैतनगर, बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज में कण्डा रोंदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। सुखीपुर चैकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उचित कार्यवाही की जा रही है और दोनों पक्षों के बीच यथास्थिति बरकरार है।

# डीएम अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा बैठक



बहराइच। अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत निर्मित होने वाले अन्नपूर्ण भवनों के लिए 250 ग्राम पंचायतों हेतु भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि 01 माह के अन्दर सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिवों तथा लेखपालों के साथ बैठक करके भूमि का फार्मेट तैयार कर लिया जाय। डीएम ने एडीओ की बैठक के पश्चात सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारी भी अपने स्तर पर बैठक कर लें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि निमाणार्धीन अन्नपूर्णा भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर कराते हुए संचालन कराया जाय। उन्होनें यह भी कहा कि निमाणार्धीन अन्नपूर्णा भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

आयुष्मान भारत के अंतर्गत अवशेष लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु मुख्य सचिव के निर्देशानुसार संचालित होने वाले अभियान अन्तर्गत समस्त कोटेदारों के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाए जाने डीएम श्री त्रिपाठी ने डीएचईआईओ को निर्देश दिया शीघ्र से शीघ्र कोटेदारों की आईडी जनरेट कर उन्हें पात्र गृहस्थी योजना तथा अंत्योदय कार्ड धारक लाभार्थियों के सूची उपलब्ध करा दी जाये। जिससे कोटेदार भी वंचित लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाने में सहयोग प्रदान कर सकें। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप मिश्रा व डीएचआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बदली जायेगी नाली की टूटी पटिया, सीवर की होगी मरम्मत



अयोध्या। शुक्रवार को ह्लनगर की सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर निकले महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी का अवधपुरी कॉलोनी के नागरिकों ने पार्षद सौरभ सूर्यवंशी की अगुवाई में स्वागत किया। स्वागत की औपचारिकता के बाद नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ लगभग दो घंटे

**● अवधपुरी कॉलोनी में नागरिकों ने दी बिना मोटर तीसरी मंजिल पर पेयजल पहुंचने की जानकारी**

भ्रमण चला। इस दौरान लोगों से जनसमस्याएं जानी और निदान का भरोसा दिया। महापौर सुबह लगभग 8:00 बजे अमानीगंज स्थित जलकर कार्यालय के सामने पहुंचे और अवधपुरी वार्ड में भ्रम शुरू किया। उनके साथ पार्षद सौरभ सूर्यवंशी के अलावा अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, पूर्व पार्षद अशोका द्विवेदी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष आलोक द्विवेदी एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मुरारी सहाय सिन्हा भी थे। सामुदायिक केंद्र के निकट नाला खुला देखकर महापौर ने ढंकवाने का निर्देश दिया। कॉलोनी में प्रवेश करते ही लोगों ने महताबबाग के नाम से संचालित शराब की दुकान हटवाने की मांग की। महापौर ने संबंधित विभाग को पत्राचार करने का भरोसा दिया। सुमन मौर्य ने महापौर को बताया कि उनके घर के आसपास पांच घरों की सीवर लाइन अभी तक नहीं जोड़ी गई है। महापौर ने जलकर विभाग को जांच कर सीवर लाइन जोड़वाने का निर्देश दिया। भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कॉलोनी की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने की मांग की। महापौर ने इसके लिए अवर अभियंता को स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों की मांग पर नगर आयुक्त ने पुरानी ट्यूबवेल के पास स्थित शौचालय को खोलने तथा खाली पड़ी जमीन पर गेट लगवाने एवं पार्क बनवाने का वादा किया। निरीक्षण के दौरान कई जगह नाली पर पत्थर की कमी देखकर महापौर ने आवश्यकतानुसार पत्थर रखवाने, स्लोप को बराबर कराने का निर्देश दिया। कॉलोनी स्थित पार्कों में बनाए गए पथ-वे के बीच मिट्टी भर कर बराबर करवाने तथा पेड़ों की छंटाई का वादा किया। इस दौरान योगाचार्य पार्क के सामने नीरज शुक्ल ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने जिम पार्क एवं बेल पार्क को हरा-भरा बनाने में जन सहयोग मांगा।

उन्होंने जालपा मंदिर के पास गड्ढा पाटने का निर्देश दिया। काली माता मंदिर के सामने सड़क पर सीवर क्षतिग्रस्त देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल उसे सही करने का निर्देश दिया।

परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले कच्चा मार्ग पर पैदल चलकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई कर्मी मुस्तैद नजर आए और एंटी लार्वा का छिड़काव भी हो रहा था। इस दौरान कई जगह सड़क एवं नाली की सफाई, मरम्मत आदि समस्याएं आईं, जिसके निदान का महापौर ने भरोसा दिया। अवधपुरी कॉलोनी में लोगों ने बातचीत के दौरान नगर निगम की पेयजल व्यवस्था की सराहना की। कर्मचारी नेता ओपी सिंह एवं अन्य ने बताया कि तीसरी मंजिल तक बिना मोटर चलाए टंकी में पानी आसानी से भर जाता है और 24 घंटे पानी भी उपलब्ध रहता है। इस दौरान संतोष गौड़, भाजपा मंडल महामंत्री प्रांशु अग्रवाल, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक पांडे, अनीता द्विवेदी, विजयलक्ष्मी सिंह, राम गरीब सोनकर, राजू रामलाल, जितेश सोनकर, नीलेश्वर पांडे, जगदीश चतुर्वेदी, श्रीकांत सिंह, सुनील मिश्र आदि मौजूद रहे। सभी ने महापौर का स्वागत किया और उन्हें समस्याओं से परिचित कराया। भ्रमण के दौरान स्वच्छता मिशन के तहत रैली निकाली गई।

## डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रख किया नमन



बाराबंकी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को नमन किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## शहीद दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनायी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



बाराबंकी। छाया चैराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनायी गई। पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व नमन करते हुये कहा कि गाधी जी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी दुनिया के लिये एक मिसाल है। आज भी पूरे देश भर में शहीदों की याद में मौन रखा जाता है। जिन्होने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किये। श्रद्धांजलि देने वालों में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, रमेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# 8 अंतर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार



बाराबंकी। थाना जंहागीराबाद व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट की घटना का खुलासा करते हुये 8 शातिर अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को नगद, तंमचा, फोन बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर

**● 5 तमंचा मय 5 अदद जिंदा कारतूस 4 मोबाइल, 87,500 रुपये नकद बरामद**

पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि संयुक्त टीम ने थाना जहांगीराबाद में मु0अ0सं0 20/2026 धारा 309(4) बीएनएस से पंजीकृत मुकदमे मे घटना में संलिप्त 8 अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीरबाद, शिवराज पुत्र मनोहर उम्र निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर, देवाशीष सिंह चैहान पुत्र संदीप कुमार निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ, राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन उर्फ राज पुत्र मायाराम गौतम निवासी ग्राम मामापुर थाना देवा, मो0 सोनू पुत्र महबूब निवासी ग्राम सिपहिया थाना देवा जनपद, जुनैद पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बरेठी थाना देवा, नौसाद पुत्र मुख्तार निवासी बीकेटी भौनी थाना बीकेटी, लखनऊ, सुहेल पुत्र गौस मोहम्मद निवासी ककरहा मोड़ बाईपास थाना देवा को पलिया मसूदपुर तिराहे के पास से 5 अदद अवैध तमंचा मय 5 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर, 4 अदद मोबाइल, 87,500 रुपये नकद बरामद कर गिरफ्तार किया।

# डीएम और एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन



बहराइच। जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा यातायात नियमों के प्रति पुलिस बल को और अधिक जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के मौखिक निर्देश एवं आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को परिवहन विभाग द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, बहराइच में ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।इस विशेष शिविर में पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान लगभग 100 पुलिस कर्मियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। कई कर्मियों ने पहली बार लाइसेंस के लिए आवेदन किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले स्वयं भी कानून के पालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं ।शिविर में आरटीओ श्री ओ.पी. सिंह, आर.आई. श्री प्रदीप कुमार सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभागीय टीम द्वारा मौके पर ही आवेदन, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिससे पुलिस कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े ।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, गति सीमा के पालन तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि जब पुलिस स्वयं नियमों का पालन करेगी, तभी आमजन में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी ।यह शिविर न केवल एक प्रशासनिक पहल रहा, बल्कि यह संदेश भी देता है कि सड़क सुरक्षा एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन की यह संयुक्त पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम सिद्ध हो रही है।

## भगवान की कथा सुनने से भक्ति के साथ ही उसकी मुक्ति भी निश्चित हो जातीः स्वामी गोविंदाचार्य



बंकी, बाराबंकी। नगर पंचायत बंकी उत्तर टोला मे चल रही श्रीमद् भागवत के तीसरे दिन कथावाचक स्वामी गोविंदाचार्य ने कहा कि भगवान की कथा सुनने से भक्ति के साथ ही उसकी मुक्ति भी निश्चित हो जाती है। उन्होने विदुर-मैत्रेय संवाद, सृष्टि का वर्णन, कर्दम देवहुति चरित्र, ध्रुव चरित्र, भूगोल खगोल वर्णन अजामिलो पाख्यान आदि चरित्र का बखान किया। इस मौके पर अशोक कुमार मौर्य, ममता, रामनाथ मौर्य, आशा देवी, रामकुमार मिश्र, सुदामा मिश्रा, शेखर, विवेक जायसवाल, शिवमित्र मौर्य, कामिनी देवी, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, तुषार, रागिनी, कनिष्का, उपेंद्र मौर्य, गणेश मौर्य मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत हुई स्लोगन, वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिताएं

जिला संवाददाता




बाराबंकी। समाज में रोड़ सेफ्टी नियमों के प्रति जागरुकता लाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ब्लाक हरख अन्तर्गत ग्राम कोला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एंव विकास खण्ड फतेहपुर अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर मे स्लोगन, वाद विवाद,

**● पेंटिंग और स्लोगन के माध्यम से रोड़ सेफ्टी नियमो को प्रदर्शित कर छात्राओ ने दिया जागरुकता का संदेश**

**● बीएसए ने दिलायी सड़क सुरक्षा नियमो के पालन की शपथ**

चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने किया। प्रतियोगिता मे लगभग 100 स्काउट गाइड़ छात्रो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमे स्काउट गाइड़ छात्रो द्वारा पेंटिंग और स्लोगन के माध्यम से रोड़ सेफ्टी नियमो को प्रदर्शित करते हुये जागरुकता का संदेश दिया। कार्यक्रम मे सड़क सुरक्षा जागरूकता के नोडल एवं मास्टर ट्रेनर राजेंद्र त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देते हुये हेलमेट-सीटबेल्ट लगाने के प्रति जागरुक कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, शारदा देवी, निर्मल कुमार, अनिल चैधरी, मीनाक्षी, पुष्कर, अर्चना पांडे, फरीदा बानो, शिवानी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# नारी के बिना राष्ट्र की प्रगति की कल्पना अधूरी है : मंजुला उपाध्याय



बहराइच। गुरुवार को एस.आर लान मे आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन मे भारी भीड उमड़ी ।सम्मेलन मे मुख्य वक्ता के रूप मे आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लराष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार संगठित, संस्कारित और अनुशासित समाज होता है।आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति दायित्वों को और अधिक दृढ़ता से निभाने का संकल्प है ।उन्होने कहा कि हिंदू आपस में मिल-जुलकर साथ रहना सीखें। हमारा व्यवहार परस्पर आत्मीयता व समरसतापूर्ण होना चाहिए। हमे संपूर्ण हिंदू समाज को जोड़कर चलना होगा साथ ही साथ समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए भी मिलकर प्रयत्न करना होगा तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविशंकर जी महाराज पंचवटी आश्रम रिसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति ही समाज को जोड़ने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल आस्था नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सद्भाव है। उन्होने अयोध्या, मथुरा और काशी का उल्लेख करते हुए कहा कि ये तीनों धाम भारत की आत्मा और सनातन संस्कृति के जीवंत प्रतीक हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष परिषद, अवध प्रान्त की मंजुला उपाध्याय ने शिक्षा, सामाजिक चेतना और राष्ट्र के प्रति नागरिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए नारी शक्ति की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ह्लनारी के बिना राष्ट्र की प्रगति की कल्पना अधूरी है ।कार्यक्रम का संचालन देवाशीष द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार प्रांत के समरसता संयोजक एवं वरिष्ठ प्रचारक राज किशोर, पदम सेन चौधरी , मुकुट बिहारी, जिला प्रचारक अजय आदि है।

## बहराइच में आदमखोर तेंदुए का कहर, 4 साल की बच्ची की मौत से गांव में दहशत



बहराइच ।जिले के थाना सुजैली के ग्राम रमवापुर मुखियाफार्म के पास आदमखोर तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनासुजौली के ग्राम रमवापुर मुखियाफार्म में तेंदुए ने घर के आंगन में खेल रही 4 वर्षीय मासूम बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है और लोग भय के साए में जीने को मजबूर हैं ।जानकारी के अनुसार, गांव की रहने वाली 4 साल की अनुष्का अपने घर के आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर उसे मुंह में दबोच लिया और मौके से फरार हो गया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर तेंदुए के पीछे दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ लगभग 50 मीटर दूर बच्ची की लाश छोड़कर जंगल की ओर भाग चुका था ।घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में भारी दहशत है और लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं ।सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाने और गश्त बढ़ाने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले बाहर न निकलने की अपील की है ।गौरतलब है कि बहराइच जिले में पिछले कुछ समय से तेंदुए के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।

# तम्बाकू 'धीमा जहर' है : ब्रजेश पाठक

- एम्स में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित सातवीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन टोबैको ऑर हेल्थ को उप मुख्यमंत्री ने सम्बोधित किया



**रायबरेली।** रायबरेली एम्स में तम्बाकू नियंत्रण को लेकर आज से तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित सातवीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन टोबैको ऑर हेल्थ के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रहे। कॉन्फ्रेंस में देश के सभी राज्यों से तम्बाकू निषेध के लिए काम कर रहे विशेषज्ञ यहाँ पहुंचे है। इस दौरान तम्बाकू को लेकर मिथ और फैक्ट् भी बताये गए। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस दौरान अपने चिर परिचित अंदाज मे तम्बाकू से होने वाली हानि और युवाओं को प्रेरित करने वाले वक्तव्यों से माहौल को खुशगवार बनाये रखा।

उप मुख्यमंत्री डॉ. ब्रजेश पाठक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए तम्बाकू को ह्यधीमा जहरह्न बताया और कहा कि यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी भारी बोझ डालता है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू छोड़ना ही सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकल्प है और सरकार की नीतियां इसे सख्ती से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने हास्यपूर्ण अंदाज में उन्होंने माहौल को खुशनुमा बनाए रखा, लेकिन राजनीतिक सवालों से दूरी बनाए रखी। खास तौर पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के उस बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की, जिसमें उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से हिंदू होने का प्रमाण देने की बात कही थी।

देश के विभिन्न राज्यों से तम्बाकू नियंत्रण, निषेध और स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ, कैंसर विशेषज्ञ (ऑनकोलॉजिस्ट), शोधकर्ता और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एम्स रायबरेली पहुंचे हैं। टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई, पीजीआई चंडीगढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के एक्सपर्ट्स भी शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य तम्बाकू के दुष्प्रभावों, खासकर कैंसर, फेफड़ों की बीमारियों और अन्य घातक रोगों पर गहन मंथन करना है। विशेषज्ञों ने तम्बाकू से जुड़े आम मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों पर विस्तार से चर्चा की, जैसे गुटखा-तम्बाकू से मुंह का कैंसर होने का खतरा, धूम्रपान से हृदय रोग और युवाओं में लत की शुरूआत कैसे होती है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन तम्बाकू नियंत्रण नीतियों, रोकथाम के उपायों, जागरूकता अभियानों और शोध पर केंद्रित है। विशेषज्ञ तम्बाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन प्रतिबंध, सार्वजनिक स्थानों पर सख्ती और युवाओं के बीच जागरूकता जैसे मुद्दों पर सिफारिशें तैयार करेंगे। सरकार को इन सिफारिशों के आधार पर और प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

ाप्डै रायबरेली के लिए यह आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में गौरव का क्षण है, जो संस्थान की बढ़ती प्रतिष्ठा को दशार्ता है। सम्मेलन में शामिल विशेषज्ञों का कहना है कि तम्बाकू से होने वाली मौतें रोकी जा सकती हैं, अगर समाज, सरकार और व्यक्ति स्तर पर सामूहिक प्रयास हों। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में वर्कशॉप, पैनल चर्चा और पेपर प्रेजेंटेशन होंगे। अंत में सिफारिशें जारी की जाएंगी, जो तम्बाकू मुक्त भारत के लक्ष्य को मजबूत करेंगी।

## अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन

**अमेठी।** शासन के निदेर्शानुसार आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के त्याग, बलिदान एवं राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौन धारण कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## एसडीएम ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**जगदीशपुर,अमेठी।** वकीलों और एसडीएम के बीच चल रहे विवाद के बीच एसडीएम अभिनव कनौजिया ने प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की पहल करते हुए गांवों में जनशिकायत चौपाल का आयोजन शुरू किया है। इसी क्रम में जगदीशपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा मोहब्बतपुर स्थित ग्राम पंचायत भवन में जनशिकायत चौपाल आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीएम की इस पहल की ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहना की और इसे जनहित में एक सकारात्मक कदम बताया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, नामांतरण, रास्ते की समस्या सहित अन्य स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जनशिकायतों में सर्वाधिक मामले राजस्व से जुड़े सामने आए। ग्रामीणों का कहना था कि तहसील के चक्कर काटने के बावजूद कई मामलों में लंबे समय से सुनवाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन गांव में ही अधिकारियों की मौजूदगी से उन्हें अपनी बात रखने का अवसर मिला।

एसडीएम अभिनव कनौजिया ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर ही तहसील में लंबित मुकदमों की स्थिति की भी जानकारी ली। चौपाल के दौरान कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। प्राप्त शिकायत पत्रों को एसडीएम ने संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो को सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और तत्परता आवश्यक है, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। चौपाल के बाद एसडीएम ने गांव में होलिका दहन स्थल और खेल मैदान के लिए प्रस्तावित जमीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लेखपाल को पैमाइश कर उपयुक्त भूमि चयनित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा गांव में सार्वजनिक उपयोग की भूमि का सही चयन और सीमांकन आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रकाश तिवारी, पंचायत सचिव ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक अदिति सिंह ने अग्नि पीड़ित को दी आर्थिक सहायता



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पूरे नरेंद्री रुस्तमपुर में राजेश पाल के घर में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। सदर विधायक ने आग में आहत परिवार को ढांढस बनाया और कहा कि किन्हीं परिस्थितियों में हमें अपने धैर्य को नहीं खोना चाहिए। उन्होंने आस पास के लोगों से भी मुलाकात की। सदर विधायक ने आग से पीड़ित परिवार के दुख दर्द को जाना और कहा कि किसी प्रकार की आवश्यकता पर हम उनके साथ खड़े हैं और कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहना हमारी प्राथमिकता है।

## हिमाचल प्रदेश में उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करेंगी श्वेता दुबे



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के अमहट निवासी श्वेता इस बार हिमांचल प्रदेश में 1 से 5 फरवरी के मध्य आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर हैंडबॉल स्कूल नेशनल में प्रदेश की टीम से करेंगी प्रतिभाग। इनके पिता ओमप्रकाश दुबे रोडवेज में ड्राइवर हैं। माता रूपाली दुबे गृहिणी स स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा ने इनके हुनर को पहचाना और उनके निर्देशन में जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रही हैं। नवंबर माह में आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयी प्रतियोगिता में इनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ स खेल निदेशालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी श्वेता दुबे वर्तमान में कक्षा 11 की छात्रा है। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, राजेश कनौजिया, विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह, खेल प्रभारी सुमन यादव, मुनेंद्र मिश्रा, खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया, स्टेडियम कोच प्रदीप यादव, राम नरेश, श्याम धर ओझा आनंद श्रीवास्तव आशा ने बधाई दी।

संक्षेप

## सचिव ने राजकीय सम्प्रेषण गृह का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमोद कंठ के द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आवासित बच्चों को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि आवासित बच्चों को समय से दवा, खाना उनके दैनिक उपयोग की वस्तुओं को समय से उपलब्ध कराया जाए।सचिव द्वारा इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर बच्चों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उक्त शिविर व निरीक्षण के दौरान प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड वसुन्धरा शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## सलोन विधायक ने गरीब, असहाय और जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**सलोन, रायबरेली।** तहसील सभागार में शुक्रवार को गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कोरी रहे। इस दौरान विधायक ने शासन की ओर से उपलब्ध कराए गए करीब पांच सौ कंबल क्षेत्र के जरूरतमंद, असहाय लोगों को वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। इसी के चलते कड़ाके की ठंड में गरीबों के लिए कंबल उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिले, इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

उन्होंने वितरण व्यवस्था की सराहना की और अधिकारियों को पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। लोगों ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नायब तहसीलदार दीपिका सिंह, सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# हलोर सब्जी मंडी के बहुरेंगे दिन जलभराव से मिलेगी निजात

- मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंडी समिति बछरावां से कार्य सुधार और मरम्मत का मांगा है विस्तृत प्रस्ताव



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र स्थित हलोर सब्जी मंडी के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से बारिश के दौरान होने वाले भारी जलभराव की समस्या का अब स्थायी समाधान होने जा रहा है। शासन स्तर पर मंडी के जीर्णोद्धार और मरम्मत की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंडी में जलभराव की गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने इसके निराकरण की मांग उठाई थी। जनहित के इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने 24 दिसंबर 2025 को कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां को लिखित पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया था। विधायक की सक्रियता के बाद राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने हलोर बाजार स्थित उप-मंडी स्थल की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट शासन को सौंपी। विधायक की शिकायत और परिषद की रिपोर्ट के अनुक्रम में सात जनवरी को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश सिंह ने मामले का संज्ञान लिया। उपनिदेशक निर्माण मंडी परिषद से प्राप्त सूचना के आधार पर, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंडी समिति बछरावां से कार्य सुधार और मरम्मत का विस्तृत प्रस्ताव मांगा है।

जलभराव रोकने के लिए मंडी स्थल के धरातल को ऊंचा किया जाएगा। वर्षों पहले बनी जर्जर हो चुकी उप-मंडी की मरम्मत की जाएगी। बारिश के पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया जाएगा। व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि शासन से बजट और प्रस्ताव पास होते ही निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों और व्यापारियों को कीचड़ और पानी से निजात मिल सकेगी।

## भा.यु.कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट बने प्रांजल तिवारी

**अमेठी।** कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता प्रांजल तिवारी को राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट बनाया है प्रांजल तिवारी ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को देश के सबसे बड़े संगठन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस में राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट जैसी अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर कांग्रेस की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी,हम सबके नेता एवं नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा जी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदयभानु चिब जी महासचिव और यंग इंडिया बोल के प्रभारी श्री निगम भंडारी जी वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता शान खान जी,उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी वरिष्ठ नेता पूर्व एमएलसी दीपक सिंह जी अमेठी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल जिला प्रभारी फरहान वारसी वह शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार धन्यवाद ज्ञापित किया है,श्री तिवारी ने इस नियुक्ति पर विशेष आभार जनपद अमेठी के लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा को दिया है आगे के वक्तव्य में श्री तिवारी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो हम पर विश्वास जता कर अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की पूर्ण कोशिश करूंगा।इस नियुक्ति पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सुमित तिवारी जिला प्रवक्ता अरविंद चतुवेर्दी प्रदेश सचिव ओपी दुबे,निहाल तिवारी,रसिक तिवारी, नितिन, बाबा तिवारी ने बधाई दिया है।

# चैलेंजर कप 2026 का समापन, निहालपुर ने जीता खिताब



**जगदीशपुर,अमेठी।** जगदीशपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुरझअयोध्या मार्ग के समीप स्थित भागीरथपुरम रानीगंज मैदान में आयोजित सात दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी 2026 का गुरुवार को भव्य और रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। इस प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता में जनपद अमेठी सहित गैर जनपदों की कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।चैलेंजर कप 2026 का फाइनल मुकाबला संजय इलेवन बाराबंकी और भोपाल इलेवन निहालपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर निहालपुर टीम के कप्तान जुबेर पठान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, जो टीम के लिए पूरी तरह सही साबित हुआ। निर्धारित आठ ओवरों के इस मुकाबले में निहालपुर की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

निहालपुर की ओर से बल्लेबाजों ने शुरू से ही तेज रन गति बनाए रखी और चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 96 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य बड़ा न होते हुए भी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि पिच पर गेंदबाजों को भी मदद मिल रही थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाराबंकी की टीम के कप्तान दीपू गेल के नेतृत्व में शुरूआत तो संभली हुई रही, लेकिन जैसे-जैसे रन रेट का दबाव बढ़ा, टीम लड़खड़ाती नजर आई। निहालपुर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ शानदार गेंदबाजी करते हुए बाराबंकी के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। परिणामस्वरूप बाराबंकी की पूरी टीम 8 ओवरों में 73 रन ही बना सकी। इस प्रकार फाइनल के रोमांचक मुकाबले में भोपाल इलेवन निहालपुर ने 23 रनों से जीत दर्ज कर चैलेंजर कप 2026 पर कब्जा जमाया। जीत के साथ ही खिलाड़ियों और समर्थकों में जबरदस्त खुशी देखने को मिली। फाइनल मैच के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री व जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम है। इससे न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और सामाजिक समरसता भी विकसित होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों से छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। मैन ऑफ द मैच विशाल को मिला तथा मैन ऑफ द सीरीज दीपू जेल बाराबंकी बने। प्रतियोगिता के आयोजक सुभाष कौशल, सनी पाल, शाहरुख खान, शिवम कौशल एवं सत्यम कौशल ने बताया कि विजेता टीम को ?51,000 नकद पुरस्कार, जबकि उपविजेता टीम को ?25,000 नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## पत्नी से विवाद के बाद लगायी फांसी, मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र हरदोई में उस समय हड़कंप मच गया जब 24 वर्षीय अर्जुन पुत्र ननकू ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। एक वर्ष पहले मृतक अर्जुन ने बिशुनपुर की रहने वाली रोशनी के साथ लव मैरिज किया था। शादी के बाद से लगातार आपसी विवाद चलता रहा कई बार समझौते हुए लेकिन समझौते भी काम न आ सके। आखिरकार अर्जुन ने तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों का कहना है कि रोशनी ने मेरे घर के चिराग को बुझा दिया है इसलिए मृतक की पत्नी के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस बाबत थाना अध्यक्ष बछरावां ने बताया कि तहरीर मिल चुकी है आगे की विधिक करवाई प्रचलित है। अर्जुन के छोटे भाई का कहना है कि भैया मैच खेलने गए थे जिसकी वजह से भाभी बहुत नाराज हुई और झगड़ा इतना बढ़ गया कि भैया ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## बसपा की बैठक हुई

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को विभा गेस्ट हाउस गौरीगंज में हुई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र अम्बेडकर और सामाजिक भाईचारा कमेटी के मंडल संयोजक मो असद ने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की और पार्टी की आर्थिक मजबूती के लिए चल रहे सहयोग अभियान के रजिस्टर एकत्रित किए। बैठक में कार्यकताओं को सर्वसमाज के लोगों के बीच भाईचारा कायम करके जिला पंचायत चुनाव में पार्टी का बेहतर प्रदर्शन करने के साथ 2027के विधानसभा चुनाव की तैयारी के संदेश दिए गए।

# संदिग्ध परिस्थिति में पोल्ट्री फार्म में लगी आग, लाखों का नुकसान



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के मीरपुर गांव में गुरुवार देर रात एक पोल्ट्री फार्म में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। गांव से कुछ दूरी पर स्थित फार्म से उठती तेज लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे हालात बेकाबू हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की जुटी भीड़ और दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक पूरा पोल्ट्री फार्म जलकर खाक हो चुका था। आग की चपेट में आकर फार्म में मौजूद करीब 2800 चूजों की जलकर मौत हो गई। इसके अलावा फार्म के अंदर रखा इन्वर्टर, स्टेबलाइजर, बैटरी, आठ बोरी चारा समेत अन्य जरूरी उपकरण और सामग्री भी पूरी तरह नष्ट हो गई। आग से हुए नुकसान का आंकलन लाखों रुपये में बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बेलहरी चैकी इंचार्ज शिव बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ देर रात ही घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। पोल्ट्री फार्म संचालक एवं पीड़ित शिव कैलाश वर्मा पुत्र स्व. रामपाल वर्मा ने बताया कि इस हादसे में उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो पास के पोल्ट्री फार्म तक भी आग फैल सकती थी।

## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम जारी, काम के अधिकार को बहाल करने की मांग

**अमेठी।** कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम जारी है। जिले की सभी न्याय पंचायतों में मनरेगा चौपाल के आयोजन के बाद शुक्रवार को नगर निकायों में वार्ड बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बंद करके विकसित भारत राम जी योजना लाने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया और काम के अधिकार को बहाल करने के साथ न्यूनतम मजदूरी चार सौ रुपए करने की मांग की।

अमेठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष बैठक आयोजित की गई। बैठक को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और एस आई आर कोआर्डिनेटर डॉ अरविन्द चतुवेर्दी और मनरेगा बचाओ संग्राम के विधानसभा संयोजक राजीव शुक्ला ने सम्बोधित किया।

डा अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि यूपीए सरकार ने रोजगार की गारंटी देने और ग्रामीण अंचल के श्रमिकों का पलायन रोकने के लिए नरेगा की शुरूआत की थी।इसे बाद में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना नाम दिया गया। मोदी सरकार ने योजना को बंद करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने के साथ मजदूरों के काम के अधिकार को छीन लिया है।

राजीव शुक्ला ने कहा कि नमो सरकार पूरी तरह हिटलरशाही रवैया अपनाए हुए हैं। पिछले दस सालों में इस सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों को नीलाम करने और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश के अलावा और कोई काम नहीं किया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर कोरी,बलदेव सिंह,राम उजागिर मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रहीं।

# महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, बलिदान और आदर्शों से परिचित कराने के उद्देश्य से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गांधी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया, तत्पश्चात छात्र मलय अग्रहरि ने महात्मा गांधी के रूप में मंच पर उपस्थित होकर उनके जीवन, विचारों और देश के लिए किये गए संघर्ष को दशार्या।

कार्यक्रम में छात्र अविरल श्रीवास्तव के देशभक्ति गीत ने भावविभोर किया तो वहीं छात्रा काव्यांशी द्वारा प्रस्तुत कविता ने सभी का मन मोह लिया। छात्र मणिकांत मिश्रा ने गांधी जी के आदर्शों और आज के समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए जीवन भर संघर्ष किया, और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उन्होंने सर्वधर्म समभाव, समानता और सादगी का संदेश दिया। पूरा विश्व उनके आदर्शों से प्रेरणा लेता है।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर ही सशक्त, शांतिपूर्ण और नैतिक समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शुभी सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एनएसबीवीएम में मनाया गया शहीद दिवस**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने बापू जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में स्कूल के टीचर्स ने बच्चों को गांधी जी के जीवन से सम्बन्धित अनेक रोचक एवं प्रेरक जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एआरटीओ प्रवर्तन ने 68 वाहनों का किया चालान

**गौरीगंज, अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत एआरटीओ प्रवर्तन ने यात्री वाहनों द्वारा ओवरलोड यात्री ढोने तथा अवैध व मानक विहीन यात्री वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर चेकिंग कार्यवाही के साथ ही सड़क के किनारे अवैध रूप से नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया तथा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट का वितरण किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 25 चालान हेलमेट के अभियोग में, सीटबेल्ट के अभियोग में 10 चालान, नो-पार्किंग के अभियोग में 12 चालान, 10 चालान ई-रिक्शा के फिटनेस / बीमा / बिना पंजीयन के अभियोग में तथा ओवरलोड के अभ्यिंग में 10 मालवाहनों के चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी कुल मिलाकर प्रवर्तन दल द्वारा 68 वाहनों के विरूद्ध चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी है।

संक्षेप

## इस्कॉन मंदिर के दान प्रमुख को मिली हत्या करने की धमकी

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर के दान प्रमुख को गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी गई है। मंदिर के गेस्ट हाउस की आधिकारिक बुकिंग हेल्पलाइन पर आई कॉल ने अफरा-तफरी मचा दी है। पुलिस ने शुक्रवार मुकदमा दर्ज करके अज्ञात नंबर को सर्विलांस में लगवाया है। साथ ही पुलिस की टीमें जांच के साथ आरोपित की पहचान करने में जुट गई हैं। इस्कॉन मंदिर के अतिथि गृह की बुकिंग के लिए जारी आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर गुरुवार रात एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। कॉल के दौरान उसने दान विभाग के एचओडी राधा सखा दास का नाम लेते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फोन करने वाले ने कहा कि वह उन्हें गोली मार देगा। धमकी मिलने के बाद मंदिर प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। इस्कान मंदिर के सीएफओ विष्णु नाम दास ने थाने में अज्ञात मोबाइल नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत में बताया कि यह धमकी न केवल एक व्यक्ति विशेष की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, बल्कि एक प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था की शांति, सुरक्षा और व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गंभीर घटना है। धमकी मिलने के बाद मंदिर परिसर और गेस्ट हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शुक्रवार सदर सीओ प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। अज्ञात नंबर को सर्विलांस में लगाया गया है। दो टीमें गठित करके जांच शुरू कराई है। जल्द ही पूरे प्रकरण का राजफाश किया जाएगा।

## ताज महोत्सव में ब्रज की कला और संस्कृति का दिखेगा संगम

**आगरा।** ताजनगरी में शिल्प, कला और संस्कृति के मेले 'ताज महोत्सव-2026' की भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। योगी सरकार के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग इस बार 34वें ताज महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने में जुटा है। ब्रज की कला और देश-प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश करने वाले इस महोत्सव के लिए ?5.71 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। इस बार का आयोजन 18 से 27 फरवरी 2026 तक इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) परिसर में किया जाएगा। प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है और स्थल पर काम भी शुरू हो चुका है। योगी सरकार का प्रयास है कि ताज महोत्सव के जरिए स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ा मंच मिले। इसी उद्देश्य से इस बार महोत्सव का दायरा बढ़ाया गया है। पिछले वर्ष जहां 300 स्टॉल लगाए गए थे, वहीं इस बार 500 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इनमें आगरा मंडल के बेहतरीन उत्पादों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जनपदों के 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा यूपी हैंडीक्राफ्ट, कारपेट और पॉटरी के बेस्ट स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रशासन द्वारा 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्टॉलों का आवंटन किया जा रहा है। होटल जेपी पैलेस के निकट इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) परिसर में पहली बार आयोजित होने जा रहे ताज महोत्सव में दर्शकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। लगभग 04 एकड़ क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फतेहाबाद रोड और ताजनगरी रोड दोनों तरफ से एंट्री और एग्जिट की व्यवस्था रहेगी।

# एआरटीओ ने टोल प्लाजा पर निकाली जागरूकता रैली




**मथुरा।** सड़क सुरक्षा माह के 30वें दिन राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में नरेश चैधरी सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित प्रदूषण जांच केंद्रों (पी0यू0सी0 सेंटर्स) का सघन निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा प्रदूषण जांच की प्रक्रिया और मशीनों की सटीकता की जांच की। आरआई नरेश चैधरी द्वारा जांच केंद्रों पर उपयोग की जा रही मशीनों के कैलिब्रेशन की स्थिति को परखा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वाहनों से निकलने वाले धुँए का मापन सही हो रहा है। उनके द्वारा प्रदूषण जांच केंद्रों के लाइसेंस, वैधता प्रमाण पत्र और जांच रिपोर्ट के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की गई, निरीक्षण के साथ-साथ वाहन स्वामियों को समय पर प्रदूषण जांच कराने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, ॠसड़क सुरक्षा केवल हेलमेट या सीट बेल्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि वाहनों का पर्यावरण अनुकूल होना भी इसका अनिवार्य हिस्सा है। खराब इंजन और अत्यधिक धुँआ सड़क पर विजिबिलिटी कम करते हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई केंद्र बिना जांच किए प्रमाण पत्र जारी करता है या मानकों की अनदेखी करता है, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेस वे के मांट टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार रैली और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री आशीष शर्मा क्षेत्राधिकारी (यातायात), श्री राजेश राजपूत वरि० सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन प्रथम-दल), श्री सतेन्द्र कुमार सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन द्वितीय-दल) और टोल प्लाजा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस कार रैली में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और स्वंयसेवी संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## 70 जोड़ों ने हवन-पूजन व कथा श्रवण कर किया सामूहिक एकादशी उद्यापन

**आगरा।** धार्मिक संस्था हरि बोल ट्रस्ट, आगरा द्वारा एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर, बलकेश्वर रोड पर आयोजित विशाल सामूहिक एकादशी उद्यापन एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के तीन दिवसीय आयोजन में गुरुवार को आगरा उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए 70 जोड़ो ने माह की सबसे बड़ी एकादशी पर भव्य सामूहिक एकादशी उद्यापन में हवन-पूजन कर उद्यापन किया। प्रातः 7 बजे कार्यक्रम का दीप प्रज्जलन एवं शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल, वीरेंद्र मित्तल, संरक्षक विनीता अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, प्रियंका गोयल, अर्चना अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, रीना जालन व अन्य ने किया। देव पूजन प्रातः 8 बजे किया गया। तत्पश्चात प्रातः 9 बजे से एकादशी कथा का श्रवण विद्वान आचार्यों द्वारा कराया गया। सुबह 11 बजे सभी जोड़ों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कथा के बाद भव्य आरती की। कार्यक्रम स्थल पर इस अवसर पर भक्तिमय में वातावरण बना रहा। पूरे क्षेत्र में वैदिक मंत्र गूंजते रहे। दोपहर 12 बजे ब्राह्मण भोज एवं फलाहार किया गया। दोपहर 2 बजे देव विसर्जन के पश्चात आज के कार्यक्रम का समापन किया गया। संस्थापक ममता सिंघल ने बताया कि 30 जनवरी शुक्रवार को सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह एवं सामूहिक एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया जाएगा। 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। 8 बजे हवन पूजा, 9 को पूजन और आरती के पश्चात 11:00 बजे ब्राह्मण भोज एवं फलाहार दोपहर 1 बजे अतिथि भोज के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। एकादशी उद्यापन में शुक्रवार को दूर-दूर से आए 70 जोड़ों ने हवन-पूजन कर अपना उद्यापन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि हरि बोल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन व सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के तीन दिवसीय आयोजन में शुक्रवार 30 जनवरी को 11 बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया जाएगा। प्रातः 11 बजे बलकेश्वर महादेव मंदिर से 11 दुल्हों की भव्य बारात गाजे-बाजों के साथ प्रारंभ होकर एकलव्य वाटिका पहुंचेगी। दोपहर 1 बजे वरमाला पहनाई जाएगी। दोपहर 3 बजे प्रीतिभोज का आयोजन होगा उसके पश्चात शाम 5 बजे बेटियों की विदाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन अग्रवाल, हरेश पंजवानी, महेश निषाद, मोहित अग्रवाल, शिवमंगल गुप्ता, संचित गोयल, संतोष गुप्ता, दीपू गुप्ता, अनिकेत, शैलू, हनी, सतीश, सचिन, संचित, मंच संचालिका कविता गर्ग, प्रियंका गोयल, मीना गर्ग, सीमा अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक बाहरी निरीक्षण



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ई.वी.एम-वी.वी.पैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी नियमित रूप से अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। निरीक्षण में लोक निर्माण विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोग के खिलाफ जंग का ऐलान, मथुरा को पूरी तरह मुक्त करने का संकल्प

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपदवासियों से आह्वान किया है कि वे कुष्ठ रोग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। ॠविकसित भारत अभियानॠ के तहत उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और आम जनता मिलकर मथुरा को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने का संकल्प ले रहे हैं और इस दिशा में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कुष्ठ रोग की पहचान करना आसान है और समय पर उपचार से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। इसके बावजूद जानकारी के अभाव और सामाजिक भय के कारण कई मरीज सामने नहीं आ पाते। उन्होंने सभी नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनपद में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग इस अभियान में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सक्रिय किया जा रहा है ताकि घर-घर जाकर संभावित रोगियों की पहचान की जा सके। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारजनों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे लोगों को हीन भावना से न देखें बल्कि उन्हें सहयोग और सम्मान दें। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से जुड़ा कलंक और सामाजिक भेदभाव इस बीमारी से भी अधिक घातक है। इसे खत्म करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। अंत में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से ॠभेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करेंॠ की भावना के साथ शून्य सहिष्णुता की प्रतिज्ञा लेने की अपील की और कहा कि जब तक समाज एकजुट होकर इस लड़ाई में नहीं उतरेगा, तब तक कुष्ठ रोग के खिलाफ निर्णायक जीत संभव नहीं है।

## राज चौहान हत्याकांड का मुख्य आरोपी ढेर

**आगरा।** आगरा के चर्चित राज चौहान मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मुख्य आरोपी अरबाज खान उर्फ मंसूरी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया, जबकि इस हत्याकांड से जुड़े दो अन्य इनामी आरोपी मोहित पंडित और आशु तिवारी को अलग-अलग मुठभेड़ों में घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि बुधवार रात गिरफ्तार किए गए अरबाज खान को हत्या में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के लिए टेढ़ी बगिया क्षेत्र स्थित कांशीराम आवास ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 2 बजे अरबाज ने अचानक दरोगा को धक्का देकर सरकारी पिस्टल छीन ली और पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अरबाज की फायरिंग में आरक्षी मनोज कुमार और उपनिरीक्षक ऋषि गोली लगने से घायल हो गए। वहीं थाना प्रभारी ट्रांस यमुना उपनिरीक्षक हरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी कोतवाली इंस्पेक्टर भानु प्रताप यादव की बुलेटप्रूफ जैकेट पर एक-एक गोली लगी, जिससे उनकी जान बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अरबाज खान के सीने और दाहिने पैर में गोली लगी। गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल और फिर एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरबाज का पहले से आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस की दूसरी मुठभेड़ डौकी के नदोता अंडरपास के पास हुई। यहां राज चौहान हत्याकांड का आरोपी आशु तिवारी निवासी न्यू गौशाला, रामगंज इटावा ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस, .315 बोर हथियार बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहित पंडित हाल निवासी कालिंदी विहार, मूल निवासी एटा को घेरा। फायरिंग में वह भी पैर में गोली लगने से घायल हुआ। पुलिस ने उससे अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गौरतलब है कि 23 जनवरी 2026 की रात राज चौहान को उसके जन्मदिन से एक दिन पहले दोस्तों के साथ एसएन गेस्ट हाउस, टेढ़ी बगिया ले जाया गया था। कुछ देर बाद कमरे में अचानक फायरिंग शुरू हो गई थी। इसी दौरान राज घायल हालत में बाहर भागा। उसे पीछे से कई गोलियां मारी गईं। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# यूजीसी के नये नियमों के खिलाफ क्षत्रिय राजपूत सभा का हल्लाबोल




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी नियमों में किए गए हालिया बदलावों के विरोध में शुक्रवार को क्षत्रिय राजपूत सभा और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने मथुरा के छटीकरा-वृंदावन मोड़ पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने इन नियमों को ॠकाला कानूनॠ करार देते हुए छटीकरा से कमल मंदिर तक पैदल यात्रा निकाली।

?आंदोलन के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जिसमें जैंत थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालते और प्रदर्शनकारियों को समझाते नजर आए। प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सिंह सिकरवार ने कहा, ॠजनरल वर्ग पहले से ही एससी-एसटी एक्ट जैसे कानूनों का दंश झेल रहा है, जिसका 90 से 95 प्रतिशत मामलों में दुरुपयोग होता है। क्षत्रिय राजपूत सभा ने मांग की है कि सरकार इस कानून को तत्काल प्रभाव से वापस ले। सिकरवार ने स्पष्ट किया कि यद्यपि सुप्रीम कोर्ट ने 19 मार्च तक इस पर रोक लगाई है, लेकिन सवर्ण समाज केवल रोक से संतुष्ट नहीं है; वे इस कानून का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह प्रदर्शन भविष्य में एक ॠविकराल आंदोलनॠ का रूप लेगा। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मनोज ठाकुर, जगदीश गौर, विजय सिंह राजपूत, विष्णु पहलवान, धनीराम, चंदन सरपंच, प्रहलाद फौजी, ओमप्रकाश सिसोदिया, महेंद्र प्रताप सिंह, राजू राघव, कन्हैया कुशवाह सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एएसआई ने मांगा दो सप्ताह का समय अगली सुनवाई 20 फरवरी को

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में शुक्रवार इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अविनाश सक्सैना की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय कर दी है।

शुक्रवार सुनवाई के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत को अवगत कराया कि मुकदमा संख्या तीन में अब तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल नहीं की गई है। इस पर एएसआई की ओर से अदालत को बताया गया कि रिपोर्ट और जवाब प्रस्तुत करने के लिए उन्हें दो सप्ताह का समय चाहिए। वहीं, मामले में लंबित प्रार्थना पत्रों को लेकर न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में 16 फरवरी को होने वाली सुनवाई के बाद ही आगे की प्रक्रिया बढ़ाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में प्रतिनिधि वाद से संबंधित सुनवाई प्रस्तावित है, जिसके निर्णय के बाद हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों पर आगे कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद मामले में अब अगली अहम सुनवाई 20 फरवरी को होगी, जिस पर सभी पक्षों की निगाहें टिकी हैं।

# संस्कृति विवि में वक्ता ने बताये प्राकृतिक साधन के कुशल उपयोग

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा ॠबदलते मौसम में फसल विविधीकरण के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोगॠ विषय पर एक उपयोगी अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मक्का अनुसंधान निदेशालय (आईसीएआर) लुधियाना के पूर्व निदेशक डॉ. सैन दास ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एक प्रमुख रणनीति के रूप में फसल विविधीकरण के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।




डा. दास ने बताया कि बदलती जलवायु परिस्थितियाँ, बढ़ते तापमान में बदलाव, अनियमित वर्षा और बार-बार होने वाली चरम मौसमी घटनाएँ कृषि उत्पादकता और स्थिरता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण यानी मौजूदा खेती प्रणालियों में अनाज, दालें, तिलहन, बाजरा, चारा फसलें और बागवानी फसलों जैसी कई फसलों को शामिल करना, जोखिम को कम करने, मिट्टी और पानी के संरक्षण, खेती से होने वाली आय में सुधार और जलवायु तनाव के प्रति लचीलापन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ. दास ने विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन, किसान जागरूकता कार्यक्रमों और क्षेत्र-विशिष्ट फसल योजना का आह्वान किया। उन्होंने बेहतर किस्मों, जलवायु-स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और बाजार संपर्कों तक पहुँच को सुविधाजनक बनाने में अनुसंधान संस्थानों, विस्तार एजेंसियों और राज्य सरकारों की भूमिका पर भी जोर दिया। अपने संबोधन के समापन पर, डॉ. सैन दास ने टिप्पणी की कि फसल विविधीकरण केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के युग में स्थायी कृषि, खाद्य सुरक्षा और आजीविका लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए एक आवश्यकता है।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. कंचन सिंह की शुरूआती टिप्पणियों से हुई, जिन्होंने प्रतिष्ठित वक्ता के अनुसंधान और विकास में व्यापक अनुभव पर प्रकाश डाला। कुलपति, डॉ. एम.बी. चेट्टी ने वक्ता को सम्मानित किया और कृषि पेशेवरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के उनके प्रयासों की सराहना की। प्रो-वी.सी., डॉ. रघुराम भट्ट ने प्रतिभागियों के साथ कृषि में अपना व्यापक अनुभव साझा किया। लेक्चर का समापन वाइस-चांसलर डॉ. एम.बी. चेट्टी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पीकर, आयोजकों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## आगरा पुलिस की शर्मनाक लापरवाही

**आगरा।** आगरा के एक थाने की पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अछनेरा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के यौन उत्पीड़न, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल और अंततः उसे मौत के मुहाने तक पहुंचाने के आरोपी को पुलिस ने थाने से छोड़ दिया। आरोप है कि जिस मनचले की हरकतों से एक मासूम जान गंवा बैठी, उसे पुलिस ने डिजिटल सबूत देखने के बावजूद छोड़ दिया, जबकि परिजनों ने आरोपी को पकड़कर खुद पुलिस के हवाले किया था। मामला लखनऊ तक पहुंचने के बावजूद जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह दर्दनाक घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। गांव कासौटी निवासी अक्षित जैन ने पहले नाबालिग किशोरी से दोस्ती की और बाद में उसके अर्धनग्न वीडियो व फोटो बना लिए। आरोप है कि इसके बाद वह लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को ब्लैकमेल करता रहा।

## श्रीकृष्णेश्वर काली मंदिर का पाटोत्सव संपन्न



**मथुरा।** कृष्णेश्वर काली मंदिर का द्वादश पाटोत्सव भव्य छप्पन भोग और रात्रि जागण व भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। सेवायत पंडित मनीष शर्मा, पंडित तुषार शर्मा ने बताया कि द्वादश पाटोत्सव का शुभारंभ घटस्थापना गणपति पूजा सहित मातृका पूजन के साथ 23 जनवरी को हुआ, 28 जनवरी को हवन यज्ञ में आयोजकों द्वारा पूणार्हूति दी गई तथा 29 जनवरी गुरुवार को सुबह प्रातः देवी का पंचामृत अभिषेक किया गया उसके उपरांत चुनरी मनोरथ के साथ सहस्त्रार्चन का पाठ का आयोजन किया गया। शुक्रवार सुबह देवी का भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग के दर्शन सांयकाल श्रद्धालुओं ने किए तथा आरती और महाप्रसादी के उपरांत रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुगण देवी की भक्ति में सराबोर नजर आए। श्रीकृष्णेश्वर काली मंदिर अंतपाड़ा भक्त मंडल के सदस्य दिनेश सिंह पंकज गुप्ता हेमंत अग्रवाल राजू गोयल, शुभम सिंगल राघव अग्रवाल भगवान सिंह प्रवीण गुप्ता सुरेश अग्रवाल राहुल चतुर्वेदी पीयूष शर्मा ने पाटोत्सव की सभी व्यवस्थाओं को संभाले रखा।

## गुरु रविदास की जयंती पर भव्य कीर्तन समागम, संगत से सहभागिता की अपील

**आगरा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर माघ पूर्णिमा, संवत 2082 के शुभ दिन रविवार, 1 फरवरी 2026 को चेतना सत्संग ॠगुरु घरॠ में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से परिपूर्ण कीर्तन समागम कीर्तन की हाजिरी के लिए गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के पवित्र स्थान श्री हेमकुंठ साहिब के हजूरी रागी भाई साहब हरपाल सिंह मेहर संगतो को संत रविदास जी उपमा का वर्णन कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय हरिचरण मुल्ला जी, के पुण्य स्मरण के साथ उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सेवा और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। आयोजकों ने बताया कि गुरु रविदास जी का जीवन समाज में समानता, प्रेम और मानवता की प्रेरणा देता है, जिसे आज के समय में आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गुरु घर परिवार के सक्रिय सेवक रविकांत ने समाज के सभी वर्गों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर गुरु कृपा प्राप्त करने की भावपूर्ण अपील की, वहीं समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारा और सेवा की भावना का संचार होता है। प्रातः 11 बजे से गुरु रविदास जी की वाणी एवं कीर्तन का आयोजन होगा, तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल चेतना सत्संग ॠगुरु घरॠ, एन.एच.-2, नगला परस सुख, फिरोजाबाद रोड, आगरा रहेगा। आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं, गुरु प्रेमियों एवं नागरिकों से इस पावन समागम में उपस्थित होकर गुरु रविदास जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की विनम्र अपील की है।

# कंबोडिया के 45 सिविल सर्वेंट के समूह ने प्रधानों व पंचायत सदस्यों से की वार्ता

**मथुरा।** कम्बोडिया के 45 सिविल सर्वेन्ट के समूह द्वारा जननिति एण्ड प्रशासन (पब्लिक पॉलिसी एण्ड गर्वेनस) विषय पर प्रशिक्षण के उद्देश्य भूपेन्द्र सिंह विष्ठ एसोसिएट्स प्रोफेसर एण्ड सीजीजी के साथ ग्राम पंचायत अडींग विकास खण्ड गोवर्धन का भ्रमण किया गया। भ्रमण में त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करने के साथ प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत से वार्ता की गयी। जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल द्वारा भ्रमण टीम को बताया गया कि प्रदेश में विकास की सबसे पहली इकाई ग्राम पंचायत में चुने हुये जनप्रतिनिधि प्रधान, सदस्य ग्राम पंचायत एवं शासकीय अधिकारी सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा शासन की योजनाओं को क्रियान्वयन एवं संचालन किया जाता है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण कों सभी प्रकार की सेवाओं को प्रदान करने हेतु पंचायत सचिवालय की व्यवस्था है, जहां पंचायत सहायक नियमित रूप से सचिवालय संचालित करते हुये ग्राम पंचायतों को विकास के लिये राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि ग्राम पंचायत की जनसंख्या एवं क्षेत्रफल के अनुपात में प्राप्त होती है।




सुश्री नेहा रावत, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भ्रमण दल को स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण एवं रोजगार हेतु मनरेगा योजना के बारे में जानकारी दी, सचिव ग्राम पंचायत यतेन्द्र शर्मा द्वारा भ्रमण दल को समूह द्वारा उत्पादित तुलसी की माला उपहार स्वरूप दी गयी। भ्रमण दल के सदस्य द्वारा पूछा गया कि समूह के उत्पाद की मार्केटिंग कैसे करते है। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्थनीय मार्केट एवं ई कॉमर्स प्लेट फार्म, अमेजन आदि के द्वारा विक्री की जाती है। ग्राम पंचायत में संचालित आचेर्री स्पोर्ट्स एकेडमी एवं डिजीटल लाइब्रेरी के छात्रों से बात की गयी। आचेर्री स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे है। ग्राम पंचायत के ड्रीम स्टोडियो का भी अवलोकन किया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत के यूट्यूब चैनल एवं स्टोडियों की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में भ्रमण दल को दी गयी। भ्रमण दल के साथ अरून कुमार उपाध्याय, परियोजना निदेशक डीआरडीए भी उपस्थित रहें।

## नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार का तबादला अनुपम मिश्रा संभालेंगे मथुरा की कमान

**मथुरा।** नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अब हमीरपुर जनपद में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के पद पर नियुक्त किया गया है। राकेश कुमार मथुरा में नगर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी संभाल रहे थे। उनके स्थानांतरण को जिले में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। राकेश कुमार के स्थान पर अनुपम कुमार मिश्रा को मथुरा का नया नगर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। अनुपम कुमार मिश्रा इससे पहले गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में विशेष कार्याधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शासन ने उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें मथुरा जैसे संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। मथुरा धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों में से एक है। यहां वर्ष भर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। इस कारण जिले में कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और प्रशासनिक प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनी रहती है, जिसमें नगर मजिस्ट्रेट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा दौरे के दौरान प्रशासनिक स्तर पर कुछ तनावपूर्ण स्थितियां सामने आई थीं। इसके बाद प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसी संदर्भ में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर हुए इस बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

संक्षेप

## जियो-बीपी ने लॉन्च की इंजन क्लीनिंग एक्टिव टेक्नोलॉजी

बंगलुरु। जियो-बीपी का एक्टिव पेट्रोल इंजन के महत्वपूर्ण हिस्सों को साफ करने, इंजन की क्षमता को बहाल और सुरक्षित रखने, और वाहन चालकों को सामान्य पेट्रोल की तुलना में सालाना लगभग 100 किमी तक अधिक दूरी तय करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। और यह सब बिना किसी अतिरिक्त कीमत के उपलब्ध है। भारतीय वाहन चालक ऐसे फायदे चाहते हैं जो रोजमर्रा में साफ दिखाई दें जैसे स्मूथ चलने वाला इंजन, ज्यादा भरोसेमंद परफॉर्मेंस, कम मेंटेनेंस और उसी ईंधन खर्च में ज्यादा किलोमीटर। जियो-बीपी एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ हम ऐसा पेट्रोल लेकर आए हैं जो चलते-चलते इंजन को साफ करता है और नुकसानदायक जमाव को हटाने में मदद करता है। आधुनिक बोरोस्कोप इमेजिंग के जरिए एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल की इंजन सफाई क्षमता साफ दिखाई देती है। फ्यूल केमिस्ट्री में पांच साल की मेहनत से तैयार यह पेट्रोल न केवल फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ाता है बल्कि मेंटेनेंस भी कम करता है।

## टीबीडी अपनी रणनीतिक विस्तार योजनाओं को दर्शाता है

नई दिल्ली। श्री ब्रदर्स डिस्टिलरी (टीबीडी) अपनी रणनीतिक विस्तार योजनाओं को दर्शाता है। यह कदम नॉर्थ इंडिया में कंपनी की ग्रोथ यात्रा का एक अहमपड़ाव माना जा रहा है। ऐसे में, इस विस्तार के साथ टीबीडी ने देश के सबसे बड़े और प्रभावशाली स्पिरिट्स बाजारों में से एक, उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और भी मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश हमारे लिए सिर्फ विस्तार का एक नया बाजार ही नहीं है, बल्कि एक बहुत अहम पड़ाव भी है। यहाँ बड़े पैमाने का बाजार है, रिटेल सिस्टम लगातार बेहतर हो रहा है और ग्राहकों की पसंद भी धीरे-धीरे बदल रही है। यह हमारा होम स्टेट भी है और यहीं हमारी ग्रेन डिस्टिलरी और बॉटलिंग प्लांट स्थित है, जिससे 55° नॉर्थ और नॉर्दर्न प्राइड दोनों ब्रांड्स को मजबूत पहचान और विस्तार का सही माहौल मिल सकेगा।

## पीडब्ल्यू ने की मुफ्त मॉक प्रीबोर्ड्स की घोषणा

नई दिल्ली। पीडब्ल्यू ने कक्षा 10 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में भाग लेने वाले छात्रों की मदद के लिए एक योजना शुरू की है। इसमें देश के सभी छात्र मुफ्त डाउट हल करने में विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। यह योजना सिर्फ पीडब्ल्यू के छात्रों के लिए नहीं, बल्कि देश के किसी भी कक्षा 10 के छात्र के लिए खुली है। इसका उद्देश्य परीक्षा के समय पढ़ाई का तनाव कम करना है। पीडब्ल्यू देशभर में विज्ञान और गणित के लिए ऑफलाइन प्रीबोर्ड भी करवाएगा ताकि छात्रों की तैयारी मजबूत हो सके। ये परीक्षा पीडब्ल्यू के विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स में होंगी। इससे छात्रों को असल बोर्ड परीक्षा जैसा अनुभव मिलेगा और वे समय सीमा में परीक्षा की तैयारी बेहतर कर सकेंगे। शिक्षा पर कोई सीमा नहीं होनी चाहिए, खासकर जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण तैयारी कर रहे हों। कई छात्रों को तुरंत अच्छी मदद नहीं मिलती और एक छोटा डाउट भी उन्हें तनाव दे सकता है। इसलिए हमने अपने विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स सभी छात्रों के लिए खोल दिए हैं, चाहे वे फिजिक्सवाला के छात्र हों या नहीं। हम चाहते हैं कि छात्र खुद को सहारा मिला हुआ, आत्मविश्वासी और पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने के लिए तैयार महसूस करें। भारत के सभी छात्र अपने पास के फिजिक्सवाला विध्यापीठ, पाठशाला या ट्यूशन सेंटर जा सकते हैं।

## कच्चा तेल वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और अतिरिक्त आपूर्ति की चिंताओं के दबाव के बीच शुक्रवार को वायदा कारोबार में कच्चा तेल 84 रुपये गिरकर 5,948 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, फरवरी डिलीवरी के लिए कच्चा तेल वायदा 84 रुपये या 1.39 प्रतिशत फिसलकर 5,948 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 18,228 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच प्रतिभागियों द्वारा अपने सौदे कम करने से कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.31 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# सेंसेक्स में 297 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 393.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,638.76 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। आम बजट से पहले भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। आईटी और धातु शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांकों में गिरावट आई। दुनिया के विभिन्न देशों में वृद्धि को लेकर चिंता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि के कारण आईटी क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मजबूत होने के कारण सोने और चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई। लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपये की विनिमय दर में लगातार गिरावट ने बाजार के माहौल को सतर्क बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और शुल्क दबाव के बढ़ने के बीच आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने और राजकोषीय अनुशासन पर संकेतों के लिए केंद्रीय बजट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार तेजी रही। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.88 प्रतिशत टूटकर 70.09 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 221.69 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी 76.15 अंक के लाभ में रहा था।

# रुपये ने छुआ सबसे निचला स्तर बाद में 91.97 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.97 पर बंद हुआ। डॉलर की मजबूती और अस्थिर भू-राजनीतिक संकेतों के बीच रुपये में यह मामूली सुधार आया है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी और घरेलू शेयरों में नकारात्मक रुझान ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 91.89 प्रति डॉलर पर खुला और इसमें आगे मजबूती आई। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 91.82 पर पहुंच गया। बाद में रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के अब तक के सबसे निचले स्तर को छूने के बाद सत्र के अंत में 91.97 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से महज दो पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को, डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर 91.99 पर सपाट बंद हुआ था। रुपये ने 23 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 92 के अपने पिछले सबसे निचले स्तर को दर्ज किया था। कच्चे तेल और जिंस की कीमतों में रात भर की गिरावट के कारण भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर से उबर गया। हालांकि, अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। डॉलर इंडेक्स इसलिए, बढ़ा क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अमेरिकी फेडरल रिजर्व का नेतृत्व करने के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा करेंगे। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.45 प्रतिशत बढ़कर 96.57 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.96 प्रतिशत गिरकर 70.03 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर, सेंसेक्स 296.59 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 98.25 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 25,320.65 अंक पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

# यूरोपीय संघ के साथ एफटीए से निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार

एजेंसी

नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा 27 जनवरी को की गई थी।

इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है। इसमें कहा गया कि यूरोपीय संघ के लिए यह समझौता तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार तक पहुंच बढ़ाकर आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करता है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एफटीए लागू होने के बाद यह व्यापार की मात्रा बढ़ाने, व्यापार प्रवाह के विविधीकरण को प्रोत्साहित करने और स्थिर बाजार पहुंच देने में मदद करेगा और यह दोनों पक्षों की साख के लिए सकारात्मक होगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर रहा था।

मुद्रा भंडार सितंबर, 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.63 अरब डॉलर बढ़कर 123.08 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.73 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.70 अरब डॉलर हो गई।

# भारत-चिली एफटीए जल्द होगा पूरा, महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र के खुलेंगे रास्ते: पीयूष गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चिली के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द ही संपन्न हो जाएगी। इस समझौते से घरेलू व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के पास लिथियम, तांबा, रेनियम, मोलिब्डेनम और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों का विशाल भंडार है। ये इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सौर ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हम कई विकसित देशों के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं... हम जल्द ही चिली के साथ एफटीए को अंतिम रूप देंगे। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण खनिजों के रास्ते खोल देगा। भारत और चिली ने 2006 में एक तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) को लागू किया था और अब इसे एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) में बदलने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

# लगातार नौवीं बार बजट पेश कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर देश के संसदीय इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज करेंगी। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में पेश होने वाले इस बजट से सुधारवादी कदमों के जरिये विकास को गति मिलने की काफी उम्मीदें हैं।

इस उपलब्धि के साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के 10 बजट के कुल रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959-1964 के बीच छह और 1967-1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। हालांकि, लगातार बजट पेश करने के मामले में सीतारमण सबसे आगे रहेंगी। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्रियों पी चिदंबरम (9 बजट) और प्रणब मुखर्जी (8 बजट) को भी पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अलग-अलग कार्यकालों में ये आंकड़े छुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में सीतारमण अब तक फरवरी, 2024 के अंतरिम बजट सहित लगातार आठ बजट पेश कर चुकी हैं। स्वतंत्र भारत के बजट इतिहास से जुड़े कुछ प्रमुख तथ्य इस प्रकार हैं: पहला बजट: देश का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को पहले वित्त मंत्री आर के षणमुखम चेट्टी ने प्रस्तुत किया था। सर्वाधिक बजट: मोरारजी देसाई ने जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री सरकारों के दौरान कुल 10 बार बजट पेश कर शीर्ष स्थान बनाया। अन्य प्रमुख आंकड़े: पी चिदंबरम ने नौ बार और प्रणब मुखर्जी ने आठ बार बजट पेश किए। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 1991-1995 के दौरान लगातार पांच बजट पेश किए थे। भाषण की अवधि: सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड सीतारमण के नाम है, जिन्होंने एक फरवरी, 2020 को दो घंटे 40 मिनट तक भाषण दिया था। वहीं, 1977 का हिरूभाई मुल्जीभाई पटेल का अंतरिम बजट भाषण (800 शब्द) सबसे छोटा रहा है। समय और तारीख में बदलाव: 1999 से पहले बजट शाम पांच बजे पेश होता था, जिसे यशवंत सिन्हा ने बदलकर सुबह 11 बजे किया। इसी तरह, 2017 से बजट पेश करने की तारीख 28 फरवरी के बजाय एक फरवरी कर दी गई, ताकि एक अप्रैल से नया वित्त वर्ष सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का लक्ष्य 2035 तक जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को दोगुना करना



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन (एनएमएम) ने 2035 तक विनिर्माण क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 12.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने और 14.3 करोड़ नौकरियां सृजित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। बृहस्पतिवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई।

यह मिशन वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित किया गया था और यह अगले दशक में भारत की औद्योगिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को तेज करने के लिए आधारभूत नीति रूपरेखा का काम करता है। इस मिशन ने 2035 के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। इसका उद्देश्य 2023 में 12.9 प्रतिशत से विनिर्माण क्षेत्र का जीडीपी में योगदान बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना, 14.3 करोड़ नौकरियां सृजित करना और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन समेकन के जरिये माल निर्यात को 1,200 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। एनएमएम में एक रणनीतिक दोतरफा दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें 20-30 प्राथमिक औद्योगिक संकुलों में क्षेत्र-विशेष हस्तक्षेपों पर मुख्य ध्यान दिया गया है। मिशन के तहत औद्योगिक संकुल की पहचान इस आधार पर की जाएगी कि उनकी मांग की क्षमता, रोजगार सृजन क्षमता और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता क्या है और इन क्षेत्रों को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### विमानन क्षेत्र

और 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1.55 करोड़ से अधिक हो गई। बीते नौ वर्षों में प्रदेश में 9.98 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से यात्री यातायात बढ़ा है, जो यह दशार्ता है कि हवाई यात्रा अब आम नागरिकों के लिए भी सुलभ होती जा रही है। यह उड़ान-उड़े देश का आम नागरिक के मूल उद्देश्य को जमीन पर उतारने का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में घरेलू उड़ानों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। 2016 में घरेलू यात्रियों की संख्या 52.30 लाख थी, जो 2024 में 1.16 करोड़ से अधिक और 2025 में 1.41 करोड़ से अधिक पहुंच गई। इससे न केवल व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिला, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए। इसी तरह, इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या जो 2016 में 7.66 लाख थी वो 2024 में 12.63 लाख से अधिक और 2025 में 13.37 लाख से अधिक पहुंच गई। सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश एयर कार्गो के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। 2016 में एयर कार्गो ट्रैफिक 5,895 मीट्रिक टन था, जो 2024 में 27,998 मीट्रिक टन और 2025 में बढ़कर 29,761 मीट्रिक टन हो गया। एयर कार्गो में इन 9 वर्षों में 17.58 प्रतिशत सीएजीआर से हुई वृद्धि ने प्रदेश को कृषि उत्पादों, एमएसएमई और निर्यात आधारित उद्योगों के लिए मजबूत प्लेटफॉर्म दिया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (जेवर) सहित प्रदेश में विकसित हो रहे नए और क्षेत्रीय हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक तेज, सुरक्षित और सस्ती हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े। ह्यमोस्ट प्रोएक्टिव स्टेटह्ण का यह सम्मान योगी सरकार की इसी विकासोन्मुख सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी क्रियान्वयन की राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी मान्यता है, जो उत्तर प्रदेश को नए भारत की उड़ान में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

### कर्तव्य पथ

दुर्ग की शैल कला और एकमुख लिंग, क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते दिखाई दिए। झांकी में बुंदेलखंड की मृद्भांड कला, मनका शिल्प, पारंपरिक हस्तशिल्प, एक जनपद एक उत्पाद, ब्रह्मोस मिसाइल, एक्सप्रेस नेटवर्क और आधुनिक अवसंरचना की झलक भी शामिल थी, जिसने विकास और परंपरा का संतुलित चित्र प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश को आकर्षक झांकी के लिए लगातार सातवें वर्ष सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकियों ने वर्ष 2020 में द्वितीय तथा वर्ष 2021 और 2022 में प्रथम पुरस्कार जीता। वहीं, वर्ष 2023 में झांकी को ज्यूरी श्रेणी में तृतीय और पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला था। इसी प्रकार, झांकी को वर्ष 2024 में पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय स्थान, वर्ष 2025 में ज्यूरी श्रेणी में प्रथम तथा पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। वर्ष 2026 में भी पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही, जिससे राष्ट्रीय मंच पर उत्तर प्रदेश की सृजनात्मक पहचान और मजबूत हुई।

### उत्तर प्रदेश

डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करें, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो। यह व्यवस्था यथाशीघ्र लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। राज्य ने जितना शुद्ध लोक ऋण लिया, उससे भी ज्यादा राशि पूंजीगत कार्यों पर खर्च की, जो वित्तीय अनुशासन का मजबूत संकेत है। कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27% पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45.9 हो गया है और राज्य फ्रंट रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। विकास व्यय (जीएसडीपी अनुपात में) राष्ट्रीय औसत से लगातार अधिक रहा है और स्वास्थ्य व्यय में भी उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्यों में शीर्ष पर है।

### पुण्य तिथि

एक्स हैंडल पर बापू को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। श्रद्धेय बापू का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिंसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति अनन्य करुणा, संपूर्ण विश्व को सदैव आलोकित करती रहेगी। आइए, बापू के आदर्शों को आत्मसात कर समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान दें।' कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रपिता के चित्र व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### पाकिस्तान में

आगे बढ़ा, तो आतंकवादी गोलियां चलाने लगे। सीटीडी अधिकारियों ने जवाबी कार्वाई की, जिसके परिणामस्वरूप मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए, जबकि आठ भागने में सफल रहे। बलूचिस्तान में, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर हरनाई जिले के बाहरी इलाके में खुफिया सूचना आधारित पहला अभियान चलाया गया। सेना ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर धावा बोल दिया, फलस्वरूप भीषण गोलीबारी में 30 आतंकवादी मारे गये। उसने बताया कि मारे गये आतंकवादियों और उनके ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किये गये। बलूचिस्तान में ही पंजगुर जिले में एक और अभियान चलाया गया, जिसमें एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त किया गया और 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया। वहां मारे गए आतंकवादियों से हथियारों और गोला-बारूद के अलावा, पंजगुर में 15 दिसंबर, 2025 को हुई बैंक डकैती में लूटी गई रकम भी बरामद की गई। खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू जिले की डोमेल तहसील में सुरक्षा बलों और पुलिस के संयुक्त अभियान में एक टीटीपी कमांडर समेत उसके पांच आतंकवादी मारे गए। यह अभियान लगभग 10 घंटे तक चला।

### भारत में 10

साझेदारी देश में इस वैश्विक रोजगार रणनीति को लागू करती है और अगले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के साथ इसका समर्थन करती है, ताकि रोजगार सृजित किया जा सके और बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाई जा सके। इसमें कहा गया है कि इस नई साझेदारी के केंद्र में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन है। भारत के श्रम बाजार में प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए रोजगार से समृद्ध क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देना देश की वृद्धि के अगले चरण के लिए प्राथमिकता है। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, 'भारत आज वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन में से एक है। हमारी रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के रास्ते पर भारत को और भी तेजी से आगे बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने कहा, 'अधिक रोजगार सृजन करना हमारे काम का मूल है। यह साझेदारी वित्तपोषण, सुधारों और निजी क्षेत्र के निवेश को एक साथ लाती है ताकि वृद्धि को लाखों भारतीयों के लिए अवसरों में बदला जा सके। विश्व बैंक समूह ने बताया कि यह नई रणनीतिक साझेदारी भारत और विश्व बैंक समूह के बीच एक वर्ष के सहयोग का परिणाम है।

### 40 हजार

रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं। ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

### मानसून की

साथ-साथ भू-जल स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि ऊधम सिंह नगर, नैनीताल और हरिद्वार जिलों में 419 रिचार्ज शाफ्ट स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 108.94 करोड़ लीटर भू-जल पुनर्भरण की क्षमता विकसित की गई है। इससे पेयजल आपूर्ति, कृषि सिंचाई और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए वन विभाग, पेयजल विभाग और सारा के समन्वय से नौ वन प्रभागों में 14 महत्वपूर्ण जल स्रोतों पर उपचार कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा कैम्पा योजना के अंतर्गत विभिन्न वन क्षेत्रों में 247 प्राकृतिक जलधाराओं के संरक्षण और पुनर्स्थापन का कार्य प्रगति पर है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में जल संकट को कम करने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने ग्रीष्मकाल में बढ़ती गर्मी और वनाग्नि की आशंका को देखते हुए वन विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जाएं और पर्याप्त मानव संसाधन, आधुनिक उपकरण, संचार व्यवस्था तथा त्वरित कार्रवाई तंत्र को सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवी संगठनों के साथ निरंतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि जनभागीदारी के बिना वन संरक्षण के प्रयास सफल नहीं हो सकते।

### लोगों को

चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तरप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की सेवा हमारे लिए बड़ा धर्म है। जाड़े भर राजधानी लखनऊ में हम जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस मुहिम को जारी रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। लोगों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

